सेंसेक्स 71,186.86 ▲ -313.90
डॉलर 83.174 ▼ -0.021

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	22.0	09.0	15.0
धनबाद	23.0	11.0	17.0
जमशेदपुर	26.0	11.0	20.0
पलामू	22.0	10.0	16.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 19 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 94, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

संपादकीय | भारत से लेकर सारी दुनिया हुई राममय ...6 | रवीना ने 'कर्मा कॉलिंग' में अपने किरदार ...08 | देश/विदेश

एक नजर

रोजगार मेले में 30 प्रतिभागियों का चयन

हरिहरगंज। प्रखंड के कौवाखोह स्थित नेशनल आइटीआइ कॉलेज परिसर में गुरुवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में सुजूकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड एचआर एग्जीक्यूटिव दिलीप कुमार झा के द्वारा जांच परीक्षा ली गयी। परीक्षा में इलेक्ट्रिशियन व फीटर के 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 30 प्रतिभागियों का चयन किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा कि बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने के लिए संस्थान प्रतिबंध है। प्रत्येक वर्ष कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन सत्येंद्र मेहता, अनुदेशक अरविंद कुमार सिंह, रविरंजन वर्मा, कुंदन कुमार सिंह, प्रशांत कुमार, राहुल ठाकुर मौजूद थे।

ईओ ने गरीबों में बांटें कंबल, मिली राहत

हरिहरगंज। सीओ सह ईओ यामुन रविदास ने गुरुवार की सुबह ठंड और कोहरा के दौरान नगर पंचायत के वार्ड चार पीपरघाट मोहल्ला पहुंचकर गरीब महिला, पुरुष, वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। कड़ाके की सर्दी में गर्म कपड़े मिलने से उनके चेहरे खिल उठे। इस दौरान श्री रविदास ने सफाई कर रहे कर्मियों तथा स्थलों का भी निरीक्षण भी किया। वार्ड चार अंतर्गत टिकरी पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने की हिदायत देते हुए कहा कि इस स्थल पर पार्क का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी विकास यादव, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, सीएलटीसी संजय राणा, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी, वार्ड सदस्य आकाश मेहता, श्याम कुमार, अजय यादव, डॉ. श्रवण यादव मौजूद थे।

निर्धारित किया गया झंडोत्तोलन का समय, बच्चे निकालेंगे प्रभात फेरी

गणतंत्र दिवस की तैयारियां तेज, किया विमर्श

बैठक करते अधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। अनुमंडल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने को लेकर विमर्श किया गया। इस दौरान झंडोत्तोलन का समय निर्धारित कर विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। बैठक की अध्यक्षता भूमि उप समाहर्ता अमर जॉन आइन्द ने की। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड प्रमख राजकुमारी देवी, कार्यपालक पदाधिकारी विपुल शनि,मजिस्ट्रेट शुभम बेला टोपनो, बीडीओ रौशन कुमार मौजूद थे। बैठक में इस वर्ष भी धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। विद्यालयों द्वारा अपने स्तर से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। पूर्व की तरह सरकारी कार्यालयों व प्रमुख चौक चौराहों पर भी झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। कर्पूरी मैदान में अनुमंडलीय झंडोत्तोलन किया जायेगा। सभी महापुरुषों की प्रतिमा स्थल पर विशेष सफाई व रंग रोगन की जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से अधिवक्ता चन्द्रेश्वर प्रसाद, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां, प्रेमतोष कुमार सिंह, विष्णुकांत मिश्रा, अखिलेश विश्वकर्मा, निरंजन प्रसाद, शैलेश कुमार, सुनील कुमार,प्रो. संजय कुमार सिंह, कमलेश सिंह,मो. रब्बानी, राजेश सिंह, उपेंद्र कुमार, प्रो. अशोक कुमार सिंह, रागिणी सिंह, उपेंद्र कुमार, भीम रमण आदि मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस को लेकर बीडीओ ने की बैठक

नावा बाजार। प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक की गयी। इस दौरान प्रखंड कार्यालय सहित थाना पंचायत सचिवालय, विद्यालय, बैंकों आदि स्थानों पर झंडारोहण के लिए समय निर्धारित किया गया। तय किया गया कि प्रखंड कार्यालय नावा बाजार में 9:30 बजे पूर्वाह्न, 10:00 बजे थाना परिसर,10:30 बजे सभी सरकारी कार्यालय,विद्यालय एवं बैंकों में,10:45 बजे सभी पंचायत सचिवालय एवं 11:00 बजे गांधी आश्रम कंडा में ध्वजारोहण किया जायेगा। मौके पर उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी प्रभु राम, पंचायती राज पदाधिकारी सरजू प्रसाद यादव, मनरेगा बीपीओ चंद्रशेखर कुमार, कनीय अभियंता विकास कुमार, ज्योति कुमारी, शैलेश कुमार,पंचायत सचिव शिवकुमार यादव,नीरज कुमार, मनोज कुमार, शिक्षा बीपीओ पंकज कुमार बच्चन, विकासदेव ,रोजगार सेवक विकास पांडे ,अमित कुमार, रमाकांत तिवारी, अजय साव,सफीर आलम, छोटू सिंह, मुन्ना राम, चंदन कुमार, सुधीर कुमार, नेहा,सानिया, सुभाष मौजूद थे।

अयोध्या के सरयू नदी से जल और मिट्टी पंहुचा बराही धाम

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। विश्वविख्यात बराही धाम में अयोध्या से पवित्र सरयू नदी का जल और मिट्टी पहुंच गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा के प्राण- प्रतिष्ठा को लेकर बराही धाम परिसर को भव्य तरीके से सजाया जाएगा। बराही धाम मंदिर के पुजारी दिलीप मिश्र, अजीत चौबे ने बताया कि इस तिथि को धाम परिसर में विशेष आयोजन की तैयारी की जा रही है। इस दिन धाम परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के भगवान भास्कर छठ पोखरा घाट पर सरयू नदी जल और मिट्टी को प्रवाहित कर घाट पर दिये जलाये जायेंगे। साथ ही पूरे धाम परिसर में 5100 सौ दीये जलाये जायेंगे। इस दौरान विशेष पूजन, धार्मिक अनुष्ठान के साथ -साथ भजन कीर्तन आयोजित किये जायेंगे। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के समय जमकर आतिशबाजी की जाएगी, मालूम हो कि इस धाम परिसर में विश्व की प्रथम दक्षिणमुखी रामभक्त श्री हनुमान जी की 105 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। वर्ष 2022 में सात मई को इसकी प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान जगदगुरू सुंदर राज स्वामी महाराज ने वैदिक मंत्रोचार कर किया था। इस दिन करीब एक लाख श्रद्धालु इस अनुष्ठान के साक्षी बने थे।

पवित्र सरयू के जल के साथ श्रद्धालु

विधायक व पूर्व सांसद ने दी केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी

पीएम मोदी की नीतियों से महिलाओं की दशा में आया क्रांतिकारी बदलाव

कार्यक्रम में मौजूद विधायक व पूर्व सांसद

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। प्रखंड के सगुना पंचायत मे विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होकर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। विधायक ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में विशेषकर महिलाओं की स्थिति में आमुलचूक परिवर्तन हो रहा है। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा

प्रधानमंत्री द्वारा 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी जिला से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था

कि पूरे भारत में एक परिवर्तनकारी अभियान चल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा आशा का एक जीवंत कारवां है। यह सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी जिला से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और योजनाओं के शत-प्रतिशत संतृप्ति के लिए उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है। मोके पर पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह,मुखिया मंजू देवी, पाटन मंडल युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह,समाजसेवी सुरेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, किशनपुर मंडल युवा अध्यक्ष चंदन दुबे, पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह, राजू माली, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, बबलू दुबे, धनपत राम, आशा देवी, अनीता देवी, भाजपा नेता विक्रम कुमार मौजूद थे।

सात के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज

मोहम्मदगंज। विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत अवर प्रमंडल जपला के द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी दल का गठन कर अभियान चलाया गया। दल में शामिल विद्युत सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो व कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी की गयी। इस दौरान अलग-अलग गांवों में सात लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पकड़ा गया। कनीय अभियंता ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मोहम्मदगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन पर 70 हजार 307 रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है। थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी दल में मानवदिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर,ललितेश्वर मेहता,रामानंद पांडे,संतोष सिंह व रविशंकर सिंह शामिल थे।

बजरंगी बली मंदिर मुरमा खुर्द से निकाली गई भव्य रैली

पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र का किया गया वितरण

ऊंटारी रोड। अयोध्या से आये पूजित अक्षत व निमंत्रण कार्ड प्रखंड के प्रत्येक घरों तक पहुंचाया जा रहा है। इस सिलसिले में गुरूवार को प्रखंड मुख्यालय में अभियान की शुरूआत मुरमा खुर्द बजरंग बली मंदिर प्रांगण से बाजे-गाजे के साथ भव्य रैली निकाल कर की गयी। अभियान के संयोजक सह भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह, पूर्व जिप सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में भगवा झंडा लिये कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम, हर हर महादेव का नारा लगाते हयु विभिन्न गांवों में जाकर घर-घर पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र का वितरण किया। इस दौरान लोगों को 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में दीपोत्सव मनायें। रैली में सुरेन्द्रनाथ तिवारी, सूरज विश्वकर्मा, सुनील तिवारी, छोटन सिंह, अजित चंद्रवंशी , राजकुमार चंद्रवंशी शामिल थे।

PROPERTY FOR SALE

Commercial cum Residential, on GT Road, 500 meters from Nagar Untari Police Station. Suitable for shopping mall or Hotel. Area approximately 30 decimal.

Interested Parties Contact:
+91 9820428724/ 9835119520

गांव का जल मीनार खराब, नदी के चुआड़ी से प्यास बुझा रहे हैं ग्रामीण

सगालीम। जिले के मनातू प्रखंड के डुमरी पंचायत अंतर्गत चिड़ी खुर्द (जोलपुर) गांव का जल मीनार कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है। जल मीनार खराब होने के कारण गांव के लोग नदी के चुआड़ी से अपना प्यास बुझाने को विवश है। गुरुवार को नदी के चुआड़ी से पानी भर रही पूजा देवी ने बताया कि गांव में जल मीनार लगा हुआ था, मगर जल मीनार खराब हो गया है। जिसके कारण नदी के चुआड़ी से पानी घर ले जाते है। इसी नदी के चुआड़ी से यहां के लोग अपनी प्यास बुझाते है। चिड़ी खुर्द (जोलपुर) गांव में 50 से अधिक घर के लोग निवास करते हैं। विद्यालय के बच्चे भी नदी में जाकर चुआड़ी के पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार मुखिया से खराब पड़े जल मीनार बनवाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। गांव तक आने-जाने के लिए सड़क नहीं है। आज भी ग्रामीणों को डोली-खटोली का सहारा लेना पड़ता है। स्वास्थ्य के नाम पर कुछ नहीं है। बीमार पड़ने पर गांव के लोगों को इलाज के लिए 80 से 100 किलोमीटर दूरी तय करना पड़ता है। बरसात के दिनों में लोग बिना इलाज के दम तोड़ देते हैं। बरसात के दिन में गांव पूरी तरह से नदियों से घिर जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्थानीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता से गांव तक सड़क बनवाने और पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रदूषित पानी पीने से ग्रामीण विभिन्न बीमारियों का शिकार हो रहें हैं। साथ ही बच्चों में भी पोषण संबंधी समस्या उत्पन्न हो रही है।

विधि-विधान से हुयी बाबा बीरनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा

हुसैनाबाद। नगर पंचायत क्षेत्र के बागीचा परिसर में बाबा बीरनाथ के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आचार्य सरोज वैद्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। संध्या काल में परिसर में बिरहा दुगोला गायन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महुदण्ड पंचायत के पूर्व मुखिया विजय यादव, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ,कृष्णा बैठा, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता,राजद के युवा नेता रवि यादव,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में बिरहा सम्राट बिहारी लाल यादव व गायिका इंदु रागिनी के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। दोनों गायकों ने अपने प्रस्तुति में बाबा बीरनाथ की महिमा का बखान किया। इस मौके पर सुरेश प्रसाद यादव, राजेश्वर यादव,उदय सोनी,राजेश यादव ,प्रमोद कुमार सिंह,महेंद्र यादव ,उदय यादव ,अजय यादव, सुनील यादव मौजूद थे।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर

ऊंटारी रोड। स्थानीय थाना अंतर्गत कुल्ही गांव में गुरुवार को धान लदे ट्रक की चपेट में आ जाने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सुबह बीमोड़ की तरफ से भूसा लेकर आ रहे एक ट्रक ने कुल्ही गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर से बाइक सवार जहां दूर छिटक गया। वहीं उसकी बाइक ट्रक में फंसकर दूर तक घिसटती रही। समीप स्थित लोगों द्वारा युवक को तत्काल विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया गया। समाचार लिखे जाने तक युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। घायल मोहम्मदगंज का निवासी बताया जा रहा है। जबकि ट्रक रेहला निवासी पंकज गुप्ता की बतायी जा रही है। घटना की सुचना मिलते ही ऊंटारी रोड थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने ट्रक व बाइक को जब्त कर लिया है।

विकास कार्यों में कोताही बर्दाश्त नही : मुखिया

पाटन। जंघासी निवासी वृद्धा की शिकायत पर मुखिया पिंकी देवी व मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह ने राशन वितरण दुकान में जाकर जांच पड़ताल किया। उन्होंने डीलर को सही समय पर राशन देने की चेतवानी देते हुए कहा कि पूर्व में भी शिकायत मिली है। यदि आगे शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जायेगी। गांव में किसी भी विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बताते चलें कि वृद्धा ने मुखिया से शिकायत की थी कि सरस्वती महिला समूह वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा राशन नहीं दिया जा रहा है। दिसंबर महीने का अंगूठा लगाकर राशन नहीं दिया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/11/2023-24_RE(4th Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	गढ़वा जिला के नगर–उंटारी प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य।	6,05,29,330.00	12,11,000.00	10000.00	12 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 19.01.2024 से दिनांक 02.02.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–05.02.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,सं0–02, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

PR 316383 Rural Development(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 18/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 18.01.2024

1. कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या		कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में)	प्राक्कलित राशि अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि
1	नगर उँटारी	RWD/GARHWA/STPKG/17/2023-24	1	बुलका से अतियारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.70 कि0मी0)	1047.507	दस करोड़ सैंतालीस लाख पचास हजार सात सौ रूपये।	09 महीना
	नगर उँटारी		2	छपरदाग से चना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (7.40 कि0मी0)			
	रमना	RWD/GARHWA/STPKG/18/2023-24	1	करचा से परसवान तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.30 कि0मी0)	1395.921	तेरह करोड़ पन्चानबे लाख बानबे हजार एक सौ रूपये।	09 महीना
	नगर उँटारी		2	हेन्हो से सलसलादी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (3.50 कि0मी0)			
	भवनाथपुर		3	छःमाईल से बरवाबांध होते हुए बगही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.75 कि0मी0)			
	धुरकी		4	टाटीदीरी से भण्डार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.90 कि0मी0)			
	धुरकी		5	सिवरी से अम्बाझरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (3.00 कि0मी0)			

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 29.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.02.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 316411 (Rural Work Department) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – 8/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान। :– दिनांक 29.01.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00बजे अपराहन तक।
   (क)कार्यपालक अभियंता,ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,गुमला।
   (ख) सहायक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य अवर प्रमण्डल, गुमला–1 ।
   (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान। :– दिनांक 30.01.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक।जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान :– दिनांक 30.01.2024 को 4.00 बजे अपराहन में।
   कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
5. कार्य मद :– Critical Gap
6. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

ग्रुप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा आमंत्रण सं0
1	2	3	4	5	6	7	8
1	विशुनपुर	ग्राम तुसरूकोना पंचायत नरमा प्रखण्ड बिशुनपुर में 230 मीटर पी0सी0सी0 पथ का निर्माण	1820700.00	36500.00	5000.00	3 माह	प्रथम

निविदा की शर्तें:–

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा।
   परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) देना अनिवार्य होगा।
3. निविदा संबंधित सभी कागजात स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पीन कोड– 835207 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा संबंधित सभी कागजात निर्धारित तिथि एवं समय (30.01.2024 अपराह्न 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.316394 Rural Work Department(23-24):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 29/2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.02.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 06.02.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.02.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

क्र. सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि रु0	अग्रधन राशि रु0	परिमाण विपत्र का मूल्य रु0	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत भगेया में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, सलिचनवा में चाहरदिवारी निर्माण।	17,63,600/ -	35,50 0/-	5000/ -	02 (Two) Months
2	जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार के पुराने भवन का जीर्णोद्धार एवं मरम्मति कार्य।	13,63,355/ -	27, 500/ -	2500 /-	02 (Two) Months
3	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत परसही में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, भगन टोला में 193 मी0 चाहरदिवारी एवं 01 Unit GCI Sheet Gate निर्माण।	14,36,906/ -	29,0 00/ -	2500 /-	02 (Two) Months
4	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत परसही में रा0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डुडंगीकला में 168 मी0 चाहरदिवारी एवं 01(एक) अदद GCI Sheet Gate निर्माण	12,56,106/ -	25,500/ -	2500/ -	02 (Two) Months
5	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत हरातु में राजकीय मध्य विद्यालय, मुण्डु में 79 मी0 चाहरदिवारी एवं 01 अदद G.C.I Sheet Gate निर्माण।	6,12,458/ -	12,500/ -	1250/ -	02 (Two) Months
6	लातेहार जिलान्तर्गत मार्केट कॉप्लेक्स (परुना सब्जी मार्केट–सदर अस्पताल के सामने) भवन का जिर्णोद्धार कार्य	5,77,00 0/-	12,000/ -	1250/ -	01 (One) Month

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार।

PR 316376 (Building) 23-24 (D)

सेंसेक्स 71,186.86 ▲ -313.90
डॉलर 83.174 ▼ -0.021

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	22.0	09.0	15.0
धनबाद	23.0	11.0	17.0
जमशेदपुर	26.0	11.0	20.0
पलामू	22.0	10.0	16.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 08, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 19 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 94, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

संपादकीय | भारत से लेकर सारी दुनिया हुई राममय ...6 | रवीना ने 'कर्मा कॉलिंग' में अपने किरदार ...08 | देश/विदेश

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर आज से काम करने लगा है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 61,770
चांदी (किलो) 71,220

अब भी जारी है रावण के 'मैं' और राम के विजय की संघर्षगाथा

प्रवीण प्रियदर्शी, रांची

यह कहानी तो सभी जानते हैं कि जब कि भगवान राम महाज्ञानी, परम वैभववान, त्रिलोक विजेता लंकाधिपति रावण को मारकर अपनी भार्या सीता के साथ अयोध्या वापस लौटे... तो माता कौशल्या ने रामचंद्र से पूछा कि रावण को किसने मारा। तो रामजी ने कहा, मैंने रावण को नहीं मारा रावण को तो 'मैं' ने मारा मतलब रावण को उसके अहंकार ने मारा। बड़े ही संयोग की बात है कि त्रेता और द्वापर युग बीत जाने के बाद कलयुग के इस कालखंड में भी भारतभूमि पर राम और रावण के अहंकार का युद्ध अब भी जारी है। आज जब साढ़े पांच सौ वर्ष के लंबे बलिदानपूर्ण संघर्ष के बाद रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की बेला आई है तो फिर राजनीतिक समाज के एक वर्ग के समर्थन की राह में अहंकार का दानव आन खड़ा हुआ है। किसी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में राजनीति नजर आ रही है तो किसी को आमंत्रण के तरीके पर आपत्ति है, किसी को प्राण प्रतिष्ठा में पारंपरिक विधि-विधान का उल्लंघन नजर आ रहा है तो कोई कह रहा है कि राम मंदिर में जितना खर्च हो रहा है उसमें इतने अस्पताल, स्कूल, कॉलेज और सड़क बन सकते थे तो किसी को राम में नहीं अस्पताल में राहत मिल रहा है। हां इनमें से अधिकतर लोग दशकों तक और अब भी बिना किसी आमंत्रण और पूरे राजनीतिक जलवे-जलाल के साथ अन्य धार्मिक आयोजनों में शामिल होते रहे हैं। तब किसी को न खर्च पर आपत्ति हुई, न आमंत्रण के तरीके पर। वस्तुतः में यह कथित आपत्ति

उन संस्थाओं और व्यक्तियों के उस जागृत 'मैं' का प्रकटीकरण है जो भारत के हर सांस्कृतिक, राजनीतिक, धार्मिक उपादान पर अपना जन्मजात अधिकार मानता रहा है। लोकतंत्र की महिमापूर्ण ताकत और अपने सिद्धांत के सिद्धी के लिए एकनिष्ठ संघर्ष ने अगर आज किसी और संस्था या व्यक्ति को यह अवसर प्रदान कर दिया है तो कई लोग जल-भूनकर कर राख हो गए हैं। उनके विशेषाधिकार को ठेस लगा है कि कोई और कैसे इतिहास की वो लकीर खींचने का भागी बन रहा है जो शायद अमिट हो जाए। इस जलन और चुभन से उनके मन में हिंसा की वो अग्नि जल रही है जिसमें उन्हें इस देश में राम की महत्ता का भान भी नहीं हो पा रहा है। इस देश में राम और कृष्ण दो ऐसे आदर्श पुरुष हैं जिनके इतर न जिंदगी है न मृत्यु। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के इस महावसर के उत्साह और उल्लास का दर्शन भारत ही नहीं दुनिया के कई देशों में देखने को मिल रहा है। कोई पैदल राम लला के दर्शन को जा रहा है तो कई धार्मिक दीवार तोड़ रहा है, कोई इतिहास की गलतियों को सुधारने की हिमायत में जुट गया है तो कोई अपनी रचनात्मक शक्ति का सहारा ले रहा है। फिर ऐसे में इस देश की नब्ज की समझ का दावा करने वाले इस भावना को नहीं समझ रहे हों...माना नहीं जा सकता। लेकिन दंभ और अहंकार विवेक के हर मार्ग को अवरुद्ध कर जलन-चुभन और बेचैनी की उस ज्वाला को धधका देती है जिससे लोग निश्चयात्मक क्षमता खो बैठते हैं। तभी कई लोग द्वंद्व में फंसे अपने सामने दिख रहे सीधे और स्पष्ट मार्ग का अवलंबन नहीं कर पा रहे हैं.... लेकिन राजनीतिक दोमुंहेपन की विरासत और ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

पलामू में चीनी कारोबारी की गोली मारकर हत्या

- क्षेत्र में दहशत, आक्रोशित लोगों ने विरोध में किया सड़क जाम
- व्यवसायियों ने आज छतरपुर बंद का किया आह्वान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के छतरपुर में बाइक सवार अपराधियों ने गुरुवार को हरिहरगंज निवासी चीनी कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित लोगों ने छत्तरपुर-जपला रोड जाम कर विरोध-प्रदर्शन किया। व्यवसायियों ने शुक्रवार को छत्तरपुर बंद का आह्वान किया है। मृत कारोबारी शुभम गुप्ता पलामू के हरिहरगंज के रहने वाले हैं और होलसेल चीनी का व्यपार करते हैं। गुरुवार को वह अपने पिता के साथ छतरपुर दुकानदारों से बकाया रकम लेने के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

अपराधी हुये बेलगाम

घटना को लेकर पलामू के पूर्व सांसद मनोज भुइयां ने कहा कि हेमंत सरकार में पलामू पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से फेल हो गया है। लगातार छतरपुर इलाके में अपराधी और नक्सली गतिविधियां बढ़ ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

एक नजर

सांसद ने किया भाजपा के दीवाल लेखन अभियान का आगाज

मेदिनीनगर। भाजपा के दीवाल लेखन अभियान का शुभारंभ सासंद विष्णु दयाल राम ने गुरुवार को मेदिनीनगर के हमीदगंज रोड में दीवाल पर एक बार फिर से मोदी सरकार स्लोगन लिख कर किया। सासंद ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व की कार्ययोजना के अनुसार पलामू संसदीय क्षेत्र में भी दीवाल लेखन अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 20 जनवरी तक चलेगा। इसके तहत सांसद, विधायक व जिले में निवास करने वाले प्रदेश के पदाधिकारी, जिला के पदाधिकारी एवं सभी मंडलों के पदाधिकारी को दीवाल लेखन का कार्य करना है। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रफुल्ल कुमार सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा,जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, शिव कुमार मिश्रा, मेदिनीनगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा,छोटू, संजय गुप्ता,भोला पांडे,राघवेंद्र तिवारी, सुशील सिंह,विशाल दुबे, जीवन लाठ व नंदलाल प्रसाद उपस्थित थे।

आज राजभवन के सामने आदिवासी संगठन पारंपरिक हथियार के साथ प्रदर्शन करेंगे

सीएम सोरेन के खिलाफ एजेंसी कोई एक्शन लेती है तो विद्रोह होगा

मोरहाबादी मैदान में जुटेंगे, फिर ढोल-नगाड़ा बजाकर पैदल राजभवन मार्च करेंगे

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को अब झारखंड की राजनीतिक पार्टियों खुली चुनौती दे रहीं हैं। ईडी ने जब से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लैंड स्कैम में समन भेजना शुरू किया है तब सेअलग-अलग तरह से विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं। अब ईडी पर दबाव वाली राजनीति शुरू हो गई है। यहां तक कि मुख्यमंत्री ने पहले इसे कोर्ट में चुनौती दी वहां से राहत नहीं मिलने पर भी अड़ियल रवैया अपनाए रखा और कैबिनेट सचिव से पत्र भी लिखवाया कि जांच के पहले राज्य सरकार को जांच का कारण बताएं। इधर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की सहमति के बाद 20 जनवरी को ईडी की टीम सीएम आवास पर बयान दर्ज करने के लिए जाने वाली है। वहीं कड़ी कार्रवाई की आशंका को लेकर कई आदिवासी संगठनों ने ऐलान कर दिया है कि अगर सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ एजेंसी कोई एक्शन लेती है तो विद्रोह का बिगुल फूंक दिया जाएगा। अलर गलत हुआ तो पूरे झारखंड में आग लगेगी उसकी आंच में सिर्फ वैसे लोग जलेंगे जो ईडी का समर्थन करते हैं।

केंद्र के इशारे पर ईडी काम कर रही : केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि केंद्र के इशारे पर ईडी एक आदिवासी सीएम को परेशान कर रही है। ईडी सिर्फ गैर भाजपा शासित राज्यों में कार्रवाई कर रही है। केंद्र व ईडी का मकसद हेमंत सरकार को अस्थिर करने की है। इससे झारखंड के लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि समन की आड़ में मुख्यमंत्री को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के कई जिलों से आदिवासी व अन्य लोग जैसे गुमला, लोहरदगा, रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग व अन्य जगह से आएंगे। सभी मोरहाबादी में जुटेंगे, फिर यहां से ढोल नगाड़ा बजाकर राजभवन पैदल मार्च करेंगे। ईडी की कार्रवाई के खिलाफ 19 जनवरी को राजभवन के सामने कई आदिवासी संगठनों के बैनर तले पारंपरिक हथियार के साथ प्रदर्शन किया जाएगा।

आदिवासियों की पहचान और सम्मान का सवाल महत्वपूर्ण : बंधु तिर्की

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने बुधवार को कहा कि आदिवासियों की पहचान के साथ ही उनके सम्मान का सवाल सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। तिर्की ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों के सवाल और आदिवासियत के मुद्दे से किसी भी हाल में समझौता नहीं होगा। 4 फरवरी को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

ईडी अवैध खनन मामले में साहिबगंज डीसी से आज करेगी पूछताछ

रांची। अवैध खनन मामले में साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से ईडी शुक्रवार को पूछताछ करेगी। इससे पूर्व 17 जनवरी को ईडी ने दूसरा समन भेजा है। ईडी ने रामनिवास यादव को 19 जनवरी को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले डीसी रामनिवास यादव को बीते छह जनवरी को समन भेजकर 11 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। हालांकि, उपस्थित नहीं हुए थे। उल्लेखनीय है कि ईडी ने अवैध खनन मामले में 12 ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे। इसके अतिरिक्त साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

वेद मंत्रों की ध्वनियों के बीच गर्भगृह में विराजमान हुए रामलला

- तीसरे दिन का अनुष्ठान पूरा, वेद मंत्रों की ध्वनियों से गुंजारित होता रहा श्रीराम मंदिर परिसर

अयोध्या (एजेंसी)। श्री राम जन्मभूमि में नवीन राम मंदिर के गर्भगृह के आसन पर भगवान श्री राम के विग्रह को रख दिया गया। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के तृतीय दिवस गुरुवार को वैदिक पंडितों के द्वारा पूर्ण पूजन विधि के साथ भगवान राम की अचल विग्रह को आसन पर विराजित किया गया। रामलला की मूर्ति को आसन पर स्थापित करने में कुल चार घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। हालांकि आखिरी तौर पर श्री राम की अचल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। लेकिन पूरी तरीके से ढकी हुई रामलला की मूर्ति अब उसे आसन पर विराजमान कर दी गई है। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय, अनुष्ठान के यजमान ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, विहिप संरक्षक दिनेश, मूर्तिकार योगीराज के साथ कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। श्रीराम जन्मभूमि स्थित नवनिर्मित श्रीराम-मन्दिर में चल रहे अनुष्ठान के तीसरे दिन गुरुवार की दोपहर 12:30 बजे के बाद राममूर्ति का प्रवेश हुआ। दोपहर 01:20 बजे यजमान अनिल मिश्र ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

मुख्य सचिव ने 22 जनवरी को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

रांची। राज्य में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर मुख्य सचिव एल खियांग्यते ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम समीक्षा बैठक की। इसमें मुख्य सचिव ने खासकर 22 जनवरी को लेकर आला अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर राज्य से भी काफी संख्या में लोग ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

पीएम ने राम मंदिर पर डाक टिकट जारी किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अयोध्या के राम मंदिर पर छह विशेष स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर से भगवान राम को समर्पित टिकटों वाली एक बुकलेट का भी अनावरण किया। स्मारक डाक टिकटों में राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी शामिल हैं। वहीं स्टाम्प बुकलेट विभिन्न समाजों पर ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

प्रधानमंत्री मोदी का 27 को प्रस्तावित धनबाद दौरा स्थगित

धनबाद। एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रस्तावित धनबाद दौरा रद्द हो गया है। प्रधानमंत्री 27 जनवरी को धनबाद आने वाले थे। इस दौरान वो धनबाद के ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

इंडिया गूगल ने निजता का हनन रोकने के लिए किया बड़ा फैसला

सुनील बादल

विश्व के साथ आधुनिक भारत में रोटी कपड़ा और मोबाइल आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। गूगल के प्रति दीवानगी से क्रोम दुनिया भर में सबसे लोकप्रिय ब्राउजर है। अच्छी बात यह है कि इस वर्ष के अंत तक गूगल सभी क्रोम उपयोगकताओं के लिए थर्ड पार्टी कुकीज को समाप्त कर देगा। ऑनलाइन विज्ञापन उद्योग के इतिहास में विश्व के 600 अरब डॉलर वार्षिक लेनदेन का यह सबसे बड़े बदलावों में से एक होगा।नब्बे के दशक में कंप्यूटर इंटरनेट की दुनिया में एक छोटी-सी पहल ने लोगों के वेबसाइट इस्तेमाल के अनुभव को उल्लेखनीय तरीके से बदल दिया और इसका श्रेय जाता है नेटवर्क इंजीनियर लू मोंटुल्ली को, जिन्होंने एचटीटीपी कुकी का आविष्कार किया था । इस कुकी से ही हमारी वेबसाइट गतिविधियां नियंत्रित होती हैं । कुकीज को कई वर्गों में बांटा गया है, जैसे अति आवश्यक कुकीज, वर्किंग कुकीज, फर्स्ट पार्टी कुकीज, सेकेंड पार्टी कुकीज और थर्ड पार्टी कुकीज । वर्तमान में गूगल थर्ड पार्टी कुकीज का सपोर्ट बंद कर रहा है, जिससे ऑनलाइन विज्ञापन के बाजार में बड़ी हलचल मची हुई है। सामान्य तौर पर कुकीज ऑनलाइन वेबसाइट पर हमारी गतिविधियां ट्रैक करती हैं और उन गतिविधियों से कुकीज देने वाली वेबसाइट को अवगत कराती हैं। आप ने अनुभव किया होगा कि आप किसी वस्तु,दुकान या सेवा की खोज या वेबसाइट देखते हैं तो यह गतिविधि वेबसाइट प्रदाता कंपनी को कुकीज के माध्यम से पता चल जाती है और अगली बार जब आप ऑनलाइन होते हैं तो वह तत्काल अपने आप आ जाती है।आजकल एआई के प्रयोग से यह इतनी तेजी से और सटीक होता कि हमें तुरंत अपने आप सर्च के विकल्प दिखाई पड़ने लगते हैं। अरबों के ऑनलाइन विज्ञापन का बाजार इसी सर्वेक्षण पर टिका है कि उपभोक्ता चाहता क्या है और यहीं से उपभोक्ता का ब्राउजिंग डाटा महत्वपूर्ण हो जाता है। सवाल उठता है कि फिर थर्ड पार्टी कुकीज बंद होने पर इतना हंगामा क्यों हो रहा है, तो उसका कारण यह है कि थर्ड पार्टी कुकीज प्रायः वेबसाइट सेवा प्रदाता के

अनुबंध के कारण किसी अन्य सेवा प्रदाता द्वारा प्रदान की जाती है, जो हमारे अनुभव से इतर यह रिकॉर्ड करती है कि हम वेबसाइट या ऑनलाइन क्या कर रहे हैं। अगर इसे ऐसे समझें कि हमने गूगल पर जूते सर्च किए और उसके बाद हम किसी अन्य वेबसाइट पर जाते हैं, तो वहां भी हमें जूते के विज्ञापन दिखने लगते हैं, जो थर्ड पार्टी कुकीज द्वारा दी गई सूचना के कारण होता है। पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग भी अब अपनी निजता के प्रति बहुत जागरूक हुए हैं और उपभोक्ताओं की मांग का सम्मान करते हुए गूगल ने थर्ड पार्टी कुकीज का प्रयोग चरणबद्ध तरीके से बंद करना शुरू कर दिया है। हालांकि गूगल का यह प्रयास पहले केवल क्रोम उपयोगकताओं के एक हिस्से को प्रभावित करेगा, पर अंततः इसका नतीजा यह हो सकता है कि अरबों इंटरनेट उपयोगकताओं को कम विज्ञापन दिखाई देंगे, जो उनकी ऑनलाइन ब्राउजिंग आदतों से काफी मेल खाते हैं। पिछले दशक के अंत में मोजिला के फायरफॉक्स और एप्पल के सफारी ब्राउजर ने लोगों की निजता और गोपनीयता चिंताओं के कारण कुकीज को ट्रैक करने पर सीमा रेखा लगानी शुरू कर दी थीं। गूगल ने 2020 में उन्हें क्रोम से हटाने की योजना बनाई, पर विज्ञापन उद्योग और गोपनीयता के समर्थकों की चिंताएं दूर करने के लिए इस प्रक्रिया में कई बार देरी हुई। गेट ऐप की एक रिपोर्ट के अनुसार सेवा प्रदाताओं को लगता है कि उन्हें अपना व्यावसायिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपनी लागत को पांच प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक बढ़ाना पड़ सकता है। उपभोक्ताओं की निजता के लिए यह कोई बहुत बड़ी राहत नहीं है, क्योंकि अधिकतर सेवा प्रदाता अब ऐप का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं, जिससे उन्हें ज्यादा सटीक और ज्यादा व्यक्तिगत सूचनाएं प्राप्त होंगी। दुनिया भर के देश गोपनीयता कानून में अब कुकी प्रयोग और उस पर सहमति संबंधी प्रावधान जोड़ रहे हैं, ताकि बिना सहमति के सूचनाएं साझा न हों और गोपनीयता बरकरार रहे। गूगल का ये प्रयास निजी सूचना आधारित व्यवसायों पर न केवल दूरगामी प्रभाव डालेगा, बल्कि ऑनलाइन विज्ञापन के नए-नए तरीके भी लोग खोज ही लेंगे ।महत्वपूर्ण यह है कि इंटरनेट में निजता के लिए सावधानी और सतर्कता आवश्यक है।

पिकअप-बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत, एक गंभीर

पिकअप से टकराकर सड़क पर गिरे युवकों को ट्रेलर के कुचलने से हादसा

नवीन मेल संवाददाता

सतबरवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर परसही कसियाडीह के पास गुरुवार देर शाम मोटरसाइकिल व पिकअप की टक्कर में दो युवकों की जहां मौत हो गयी। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। लबे सड़क घटित दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। समाचार लिखे जाने तक युवकों की पहचान नहीं हो सकी थी। सभी छिपादोहर के निवासी बताये जा रहे हैं। बताया जाता है कि एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक बकोरिया की तरफ से आ रहे थे। इसी दौरान परसही-कसियाडीह के पास विपरीत दिशा से आ रही पिकअप से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

अज्ञात वाहन के धक्के से छात्र की मौत

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी निवासी मिथिलेश यादव के 14 वर्षीय पुत्र आनंद कुमार की गुरुवार की सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह आठ बजे आनंद अपने मित्र हर्ष कुमार के साथ बाइक से विमला पांडे ज्ञान निकेतन स्कूल पढ़ाई करने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में बाईपास रोड स्थित तालाब के पास अज्ञात ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

एक नजर

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 18वीं बैठक

गढ़वा। कृषि विज्ञान केंद्र में गुरुवार को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 18वीं बैठक हुई। बैठक में वैज्ञानिक कृषि, किसानों की आमदनी बढ़ाने और उन्हें स्वावलंबी बनाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक डॉ. जगन्नाथ उरांव, डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरीन, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, वैज्ञानिक डॉक्टर अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में नाबार्ड की डीडीएम लक्ष्मण राम, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ रमेश कुमार, डॉ. अमरेश चंद्र पांडे, डॉ. सुषमा ललित बाखला, डॉ. राजीव कुमार, विंध्याचल राम, नवलेश कुमार, सियाराम पांडे, राकेश रंजन चौबे, सुनील कुमार, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार चौबे, शिवनाथ कुशवाहा, प्रदीप कुमार मेहता, बृजेश तिवारी, ब्रजकिशोर महतो आदि मौजूद थे।

ग्राम सभा का हुआ वार्षिक सम्मेलन

बड़गड़। प्रखंड अंतर्गत कला खजुरी गांव में वार्षिक ग्राम सभा सम्मेलन आयोजित की गई। जिसमें आदिवासी समुदाय के लगभग 500 महिला, पुरुष और युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान ग्राम सभा के सचिव आनंद बखला ने पिछले 5 सालों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन पर चर्चा के बाद उसे पारित कर दिया गया। अपने संबोधन में ग्राम प्रधान विश्राम बखला ने कहा कि धीरे - धीरे कला खजुरी ग्राम सभा पेसा कानून के द्वारा दिए गए अधिकारों को समझ रहा है। इसलिए पिछले 5 सालों से जल, जंगल, जमीन और उस पर मालिकाना हक के लिए आगे बढ़ा है। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय अध्यक्षा जय प्रकाश मिंज ने आदिवासी विरासत के सरंक्षण की बात की और अपने मान सम्मान और सत्ता के लिए संघर्ष करने की बात कही। संगठन के कार्यकर्ता फिलीप कुजूर ने गांव की संपति के प्रबंधन के लिए योजना बनाने पर बल दिया। झारखंड मनरेगा वॉच के संयोजक जेम्स हेरेंज ने कहा कि आपके विकास के लिए सरकार ने राशन पेंशन और मनरेगा जैसे योजनाओं को लागू किया है, इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। समाजसेवी सुनील मिंज ने वनाधिकार कानून में दिए गए अधिकारों की चर्चा की। समाजसेवी ज्योति लकड़ा ने हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे आने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सूरज देव ने किया।

उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

गढ़वा। जिला परिवहन कार्यालय की ओर से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 15 जनवरी से 14 फरवरी तक किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले भर में घूम-घूम कर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। उपायुक्त ने आमजनों से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें। मोटरसाइकिल चलते समय हेलमेट आवश्य पहनें। वहीं चार पहिया या उससे अधिक के वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने समेत अन्य सभी यातायात नियमों का पालन करें, जिससे सड़क दुर्घटना जैसी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं अप्रिय घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

नौनिहालों ने कहा- एक वर्ष से फल और अंडा नहीं मिला, एचएम बैजनाथ सिंह ने पूछने पर कहा- आपको जो छापना है छापिये

प्राथमिक विद्यालय लरहरा में बच्चों को परोसा गया माड़-भात

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों को मध्याह्न भोजन में पौष्टिक भोजन देने के लिए सरकार निरंतर प्रयास में लगी हुई है, लेकिन इसके विपरीत विद्यालय के प्रबंध समिति व एचएम द्वारा बच्चों के निवाला को डकारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। ताजा मामला प्रखंड अंतर्गत आदिवासी बाहुल क्षेत्र प्राथमिक विद्यालय लरहरा का है। यहां गुरुवार को इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन देने के बदले माड़-भात खिलाया गया।

बच्चों को माड़-भात खिलाये जाने के सवाल पर रसोईया फुलवा देवी ने बताया कि विद्यालय में हरी सब्जी और दाल नहीं थी। इसकी जानकारी एचएम को भी दी गई थी, लेकिन सामग्री उपलब्ध नहीं होने के चलते आज बच्चों को माड़-भात खिलाया गया है। वहीं विद्यालय में अध्यनरत राकेश कोरवा, शशिलाल कोरवा, देवब्रत कोरवा, संतोष कोरवा, सतीश कुमार, राहुल यादव, रंगिता कुमारी, कोरन कुमारी, रीमा कुमारी आदि बच्चों ने बताया कि हमलोगों को एक वर्ष से फल और अंडा नहीं मिला है। साथ ही विद्यालय में कभी भी मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं दिया जाता है। एमडीएम में प्रत्येक दिन दाल भात व भुजिया और कभी-कभी खिचड़ी मिलती है। मध्याह्न भोजन में बच्चों को माड़-भात खिलाये जाने के बार में जब एचएम बैजनाथ सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जो छापना है छापिये। वहीं शिक्षा विभाग के बीपीओ रविंद्र कुमार मेहता ने पूछे जाने पर कहा कि हमें जानकारी नहीं है। जांच करवाते हैं। अगर मामला सही पाया जाता है तो कार्रवाई करेंगे। वहीं शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार ने बताया कि मुझे इस मामले की जानकारी नहीं है। अगर मामला सत्य पाया जाता है तो दोषियों पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

शाही को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा
भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही को झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष बनाये जाने पर प्रखंड के कार्यक्रताओं ने पुष्प गुच्छ देकर, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। हर्ष व्यक्त करने वाले विधायक प्रतिनिधि सह अनुसूचित जाती मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक पासवान, विधायक प्रतिनिधि सह मंडल महामंत्री कृष्णा विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि सह भाजयुमो जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, विशुनपुरा प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि सह पिपरी कला पंचायत संयोजक अजय पाल, भाजयुमो

जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, मंडल मीडिया प्रभारी विकास चंद्रवंशी सहित आदि कई कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

शांतिपूर्ण माहौल में करें पूजा-पाठ

श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थानों में हुई शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया/भवनाथपुर/मझिआंव/खरौंधी/केतार
चिनिया थाना परिसर में गुरुवार को 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता रंका अनुमंडल इंस्पेक्टर रामजी महतो ने की। थाना प्रभारी राजवल्लभ कुमार ने कहा कि हम अपने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हैं कि वे शांतिपूर्ण माहौल में मंदिर देवस्थानों पर पूजन अर्चन भजन कीर्तन करें। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे कोई भी समस्या हो तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को करें। किसी भी प्रकार से कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करें तो बिना देर किए पुलिस को इसकी सूचना दें। साथ ही कहा कि शोभा यात्रा के दौरान डीजे पर अश्लील व भ्रामक गीतों पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध है। इंस्पेक्टर रामजी महतो ने कहा कि क्षेत्र में शरारती तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबर को ना फैलाएं, जिससे क्षेत्र में अशांति हो। पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर पैनी नजर रख रही है। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने लोगों से शांतिपूर्ण

वातावरण में पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन व शोभायात्रा संपन्न कराने की बात कही। मौके पर प्राचार्य यासीन मलिक, फरीद खान, कपिल प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, राजकुमार शाह उर्फ गरीबा, चंद्रिका सिंह, रमेश यादव, बदन राम रवि सीमंत कुमार, निर्मल यादव आदि मौजूद थे।

वहीं भवनाथपुर थाना परिसर में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने दोनों समुदायों को मिलजुल कर पूजा मनाने का अपील की। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से 21 एवं 22 जनवरी को शराब दुकान एवं मीट दुकान बंद रखने कि मांग की। मौके पर पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, एसआई कुंदन यादव, विजय शंकर राय, राजू उरांव, उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, अनिल चौबे, संजय यादव, भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी, सिंदुरिया पंचायत मुखिया नंदलाल पाठक, सिंदुरिया पंचायत के उपमुखिया वैश खां, बीडीसी शकील अहमद, घनश्याम शुक्ला, राजमोहन यादव, शंभू सेठ, अजीत कुमार, दयानंद प्रजापति, महेंद्र पासवान, राजेंद्र पासवान, उमेश सिंह, विनोद यादव, उमेश शर्मा, कमरुद्दीन अंसारी, कसमुद्दीन अंसारी, रहीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

वहीं मझिआंव थाना परिसर में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने की। मौके पर थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित,कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, राधा कृष्ण मंदिर के महंत अक्षय कुमार, बाबा केशव नारायण दास, समाजसेवी मारुति नंदन सोनी, पूर्व मुखिया अम्रुदीन खान, सोनपुरवा मुखिया अख्तर खान, महताब आलम, इंदल सिंह, ललन सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा इत्यादि मौजूद थे।

वहीं खरौंधी थाना परिसर में थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया की अध्यक्षता के बैठक हुई। जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने लोगों से मिलजुल कर कार्यक्रम करने की अपील की। मौके पर विहिप के अध्यक्ष रामानंद मेहता, आरएसएस के वीरेन्द्र मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, चन्दनी पंचयात के मुखिया रामगहन मेहता, कूपा मुखिया प्रमोद राम, बीडीसी कृष्णा राम, अजय मेहता, अशोक ठाकुर, जाकिर हुसैन, सतीस राम, राजकेश्वर यादव, हिफाजत अंसारी, विनोद यादव, कृष्णा गुप्ता, शशि पासवान इत्यादि उपस्थित थे।

वहीं केतार थाना परिसर में गुरुवार को प्रभारी थाना प्रभारी दिनेश मरांडी की अध्यक्षता में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर मुखिया मुन्नी देवी, प्रमोद कुमार, श्याम सुंदर बैठा, मेराजुद्दीन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, पंसस राजकुमार पासवान, उप मुखिया प्रदुमन प्रसाद, एसआई अमरेन्द्र कुमार, धीरज प्रजापति इत्यादि मौजूद थे।

मुकुंदपुर पंचायत के ताली में सेविका चयन के लिए हुई ग्रामसभा में हंगामा

अनुकंपा और योग्यता को दी जायेगी प्राथमिकता : सीडीपीओ

नवीन मेल संवाददाता। केतार
प्रखंड क्षेत्र की मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव के मध्य विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर सीडीपीओ नंदजी राम की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

गहमागहमी के बीच शुरू हुई ग्रामसभा में सेविका पद के लिए पांच आवेदकों रेखा देवी, रंजीता देवी, अमृता विश्वकर्मा, माया कुमारी, ललिता कुंवर ने दावेदारी पेश की। इनमें दो आवेदक पोशक क्षेत्र के बाहर के थे, जिनके आवेदन खारिज कर दिये गये, जबकि मृतक आंगनबाड़ी सेविका आरती देवी की पतोहू अमृता विश्वकर्मा ने अनुकंपा और योग्यता के अधार पर आपनी दावेदारी पेश की। इस बीच ग्रामीण सड़क दुघर्टना में मृतक की पत्नी को सेविका पद पर चयनित करने को लेकर हंगामा करने लगे। पुलिस ने हंगामा को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण नहीं माने। ऐसे में बीडीओ और चयन समिति टीम को वहां से बैरंग लौटना पड़ा। इस संबंध में बीडीओ सह सीडीपीओ नंदजी राम ने कहा कि ग्रामीणों ने हंगामा कर ग्राम सभा पूरी नहीं होने दी। उन्होंने कहा की अनुकंपा और योग्यता के अधार पर अमृता विश्वकर्मा को सेविका पद के लिए प्राथमिकता दी जायेगी। इसकी रिपोर्ट उप विकास आयुक्त को भेज दी जायेगी। मौके पर उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, प्रधानाध्यापक सुनील पांडेय, एएनएम सुलेखा, पर्यवेक्षिका सुचित्रा, पूर्व मुखिया संगीता देवी, लव सिंह, सोनी आदि मौजूद थे।

दस्तावेज नवीस संघ के विभिन्न पदों का चुनाव कल होगा

श्री बंशीधर नगर। दस्तावेज नवीस ताईद संघ श्री बंशीधर नगर के लिये अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिये 20 जनवरी को ताईद संघ भवन में चुनाव कराया जायेगा तथा उसी दिन चुनाव परिणाम की घोषणा किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये दस्तावेज नवीस ताईद संघ के चुनाव पदाधिकारी प्रफुल्ल चन्द ठाकुर ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच वरीय सदस्य अनिल पाल व चुनाव पदाधिकारी द्वारा किया गया।

रॉयल्टी काटने के लिए 2500 मांगने वाले पर 1 माह बाद भी कार्रवाई नहीं

भवनाथपुर। भवनाथपुर ब्लाक के प्रधान सहायक विजय राम द्वारा एक फेभर ब्लॉक के रॉयल्टी काटने के एवज में एक प्रतिशत के हिसाब से 2500 रुपये की मांग करने का वीडियो 19 दिसंबर को वायरल हुआ था। करीब एक माह बीत जाने के बाद इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। समाचार पत्रों में खबर छपने के दूसरे दिन ही उप विकास आयुक्त राजेश रॉय द्वारा प्रखंड कार्यालय पहुंच कर मामले की जानकारी लेते हुए पत्रकारों से कहा गया था जांच के बाद बहुत जल्द कार्रवाई की जाएगी। मामले में विधायक भानु प्रताप शाही ने भी एक्स पर टैग कर उपायुक्त को संज्ञान लेने का आग्रह किया था। अब तक कारवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। इस संबंध में पूछे जाने पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि एसडीओ को जांच करने को लिखा है। जांच रिपोर्ट आते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पेसका-तिसरटेटूका पथ पर क्षतिग्रस्त पुल का होगा निर्माण

कोई भी क्षेत्र आवागमन की बेहतर सुविधा से नहीं रहेगा वंचित : मंत्री मिथिलेश

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत गढ़वा-चिनियां मुख्य पथ के भुईयां टोला तीसरटेटुका पथ में बबई नदी पर एक करोड़ 66 लाख 79 हजार 100 रुपये की लागत से नया पुल का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना से बनने वाले इस पुल निर्माण की निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि उक्त नदी पर पूर्व से निर्मित पुल की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। यह मार्ग तीसरटेटुका होते हुए झोतर, जरही तक जाती है। स्कूल से प्रतिदिन काफी संख्या में लोगां का आवागमन होता है। पुल की जर्जर स्थिति के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। वस्तुस्थिति को देखते हुए झारखंड सरकार ने उनके आग्रह पर उक्त पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। सरकार हर क्षेत्र में जनहित को ध्यान में रखते हुए बेहतर कार्य कर रही है। पूर्व में पूरे गढ़वा की सड़क, पुल, पुलिया आदि की स्थिति काफी जर्जर थी। परंतु उनके प्रयास एवं हेमंत सरकार के विकास नीतियों के फलस्वरूप आज संपूर्ण गढ़वा के चप्पे-चप्पे पर बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। अधिकतम क्षेत्रों में अतिआवश्यकता वाले सभी सड़कां, पुल, पुलिया आदि का निर्माण हो चुका है। साथ ही बहुत सारे क्षेत्रों में निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि शेष बचे क्षेत्रों में बहुत जल्द कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। आने वाले समय में गढ़वा का कोई भी क्षेत्र बेहतर आवागमन की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। मंत्री ने कहा कि पूर्व में गढ़वा के अधिकतम सड़कों की स्थिति ऐसी थी कि उनपर यात्रा करते समय लोगों का जान हमेशा जोखिम में रहता था। परंतु आज गढ़वा की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। शहर से लेकर गांव तक हर ओर आवागमन के लिए बेहतर सड़कें उपलब्ध हैं।

PR No. 316484 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

पहल ओबीसी एकता व अधिकार मंच ने जागरूकता अभियान रथ किया रवाना

'ओबीसी को अब तक उसका उचित हक नहीं मिला'

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार मंच ने गुरुवार को टाउन हॉल परिसर से जागरूकता अभियान रथ को रवाना किया।

गोविंद हाई स्कूल के मैदान में आयोजित समारोह की शुरुआत जिला संयोजक ब्रह्मदेव प्रसादने, रामदास साहू, युगल पाल, अशर्फी चंद्रवंशी, अजय वर्मा, विनोद कुमार, कंचन केसरी, डॉक्टर इश्तियाक राजा, रविंद्र ठाकुर, अब्दुल मन्नान, शिवकुमार विश्वकर्मा, शंकर प्रताप विश्वकर्मा ने जननायक कर्पूरी ठाकुर एवं पिछड़ा वर्ग ओबीसी समाज में

जन्मे अन्य महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। उस दौरान जागरूकता रथ को भी रवाना किया, जो जिले के गांव-गांव तक अपनी मांगों के समर्थन में आगामी 11 फरवरी को शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में महासम्मेलन में एकजुटता दिखाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। कार्यक्रम में ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने जातीय जनगणना कराने पर भी बल दिया। रामदास साहू ने कहा कि देश के विकास में ओबीसी समाज की बड़ी भागीदारी है, परंतु अब तक उसका उचित हक नहीं मिल पाया है। युगल पाल ने भी कहा कि समाज की महिलाओं का विकास का मसला हो अथवा नौकरी में आरक्षण का सभी के लिए राजनीतिक ताकत जरूरी है।

विनोद कुमार ने कहा कि ओबीसी समाज को आबादी के हिसाब से उसका हक देना ही पड़ेगा। मौके पर अजय वर्मा, मनदीप मल्ला, सरोज चौधरी, विकास चंद्रवंशी, कुंदन चंद्रवंशी, सत्येंद्र मेहता, दौलत सोनी, गोरखनाथ चौधरी, वरुण बिहारी ने भी विचार व्यक्त किया।

सुप्रभात पलामू

पलामू वासियों को नमस्कार पारंपरिक खेती की जगह व्यवसायिक कृषि अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करें। साथ ही देश के विकास में योगदान दें।

डॉ. डीएन सिंह, मुख्य कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र।

हत्या के विरोध में जाम लगाये नागरिक एवं मौके से बरामद गोली का खोखा

ताबड़तोड़ गोलीबारी से थर्राया छत्तरपुर बाजार। इसमें युवा व्यापारी की जहां मौत हो गयी। वहीं अचानक हुयी घटना से बाजार में दहशत फैल गयी। कुछ दे के लिए तो कोई कुछ समझ ही नहीं पाया। आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग जाम कर दिया। घटना के विरोध में शुक्रवार को छत्तरपुर बंद का आह्वान किया गया है। घटना की धमक जिला मुख्यालय मेदिनीनगर तक सुनायी पड़ रही है।

तैयारी में जुटी विहिप, राममय हुआ मेदिनीनगर, लोगों में उत्साह

पूजित अक्षत-कलश के साथ कल निकलेगी श्रीराम जागरण यात्रा

निमंत्रण देते लोग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। परम पावन अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत-कलश के साथ विश्व हिंदू परिषद द्वारा शनिवार को मेदिनीनगर शहर में विशाल श्रीराम जागरण यात्रा निकाली जायेगी। विहिप द्वारा इसकी वृहद तैयारी की जा रही है। यात्रा के पूर्व पूरा शहर राममय हो गया है। अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लोगों में भारी उत्साह व्याप्त है। कार्यक्रम को लेकर पिछले एक महीने से विश्व हिंदू परिषद द्वारा पूजित अक्षत-कलश भ्रमण यात्रा व आमंत्रण पत्र वितरण किया गया। इसके साथ ही अन्य हिंदूवादी संगठनों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र व बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्त ने बताया कि 20 जनवरी की प्रातः 11 बजे से शहर के साहित्य समाज चौक के नजदीक स्थित संस्कृत महाविद्यालय से श्रीराम जागरण यात्रा निकाली जायेगी। इस दौरान भगत सिंह चौक, कन्नी राम चौक, जय भवानी संघ मोड़, पंच मुहान, छहमुहान, सुभाष चंद्र चौक, बेलवाटीका चौक, रेड़मा चौक, बैरिया चौक, गायत्री मंदिर रोड, भारत माता चौक होते हुये पुनः महाविद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा को देखते हुये यात्रा में शामिल सभी बाइक सवारों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

हवन-पूजन व भजन-कीर्तन की तैयारी पूरी

मेदिनीनगर। एक तरफ जहां विभिन्न संस्थाओं द्वारा श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सामूहिक आयोजनों की तैयारी की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न शहरों व गांवों में भी लोगों द्वारा अपने-अपने घरों में हवन-पूजन व भजन-कीर्तन की भव्य तैयारी की गयी है। लोग दो दिन पूर्व ही तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। कई मोहल्लों में तो सामूहिक रूप से भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विशेष कार्ड बनवाकर इष्ट-मित्रों व संतों को आमंत्रित किया जा रहा है। रेड़मा निवासी विवेक सिंह, अरूण कुमार शास्त्री, अमिताभ सिंह, दीपू मेहता आदि ने बताया कि 22 जनवरी को सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के साथ भजन-कीर्तन किया जायेगा।

अब विंढमगंज में भी होगा पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस का ठहराव

उक्त ट्रेन का विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अब विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर भी पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13349/13350 का ठहराव होगा। यह पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से संभव हो पाया है। विदित हो कि उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु श्रीबंशीधर नगर, धुरकी, सगमा एवं विंढमगंज की जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। यह ट्रेन कोविड-19 के दौरान से ही बंद थी। इस संबंध में सांसद द्वारा पत्राचार एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर आमजन की समस्याओं से अवगत कराया गया था। जिसे देखते हुये 16 जनवरी को रेलवे बोर्ड द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बहुत जल्द ही तिथि निर्धारित कर विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस के विधिवत ठहराव का शुभारंभ किया जाएगा। उक्त ट्रेन का विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी। सांसद ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है।

एक नजर

एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

मेदिनीनगर। एसपी रिष्मा रमेशन के आदेश पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के निर्देशन में गुरुवार को टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवानों के नेतृत्व में हॉस्पिटल चौक के समीप एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी दो-पहिया वाहनों की गहन जांच की गयी। जवान सरोज कुमार, शारीक इरशाद,रोहित कुमार के द्वारा सभी वाहनों के कागजात एवं डिक्की खुलवाकर जांच की गई। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को पुलिस कर्मियों ने फटकार लगाते हुए सख्त हिदायत दी। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गयी।

राष्ट्रीय यूथ फेस्टिवल में द कराटे एकेडमी के बच्चों का जलवा

मेदिनीनगर। महाराष्ट्र के नासिक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 12 जनवरी को आयोजित 27वें यूथ फेस्टिवल में शहर स्थित द कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों का चयन झारखंड खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा किया गया था। इससे पूर्व एकेडमी के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय यूथ फेस्टिवल में प्रथम एवं राज्य स्तरीय यूथ फेस्टिवल में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। मरदानी स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर छत्रपति शिवाजी राजे भोंसले के पारंपरिक मरदानी खेल में अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। एकेडमी के निदेशक सुमित बर्मन ने भाग लेने वाले विकास कुमार, प्रवीण कुमार, अफजल आलम, अनमोल कुमार, काजल कुमारी, राहुल कुमार व सात्विक पांडे को बधाई दी है।

कार व बाइक की टक्कर में दो गंभीर

मेदिनीनगर। रामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बाघी निवासी बाइक सवार अरुण बैठा उम्र 45 और अवतार बैठा उम्र 60 वर्ष कार के धक्के से गुरुवार की सुबह गंभीर रूप से घायल हो गये। अरुण ने बताया कि गुरुवार की सुबह वे दोनों किसी काम से मेदिनीनगर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में सरहुआ गांव के पास पीछे से आ रही एक कार ने बाइक को धक्का मार दिया। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मेदिनीनगर सदर अस्पताल में उपचार के दौरान दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुयी है।

समाधान दिवस पर उपायुक्त ने आमजनों की समस्यायें सुनी, दिया निदान का भरोसा

अनुपस्थित मिले एक दर्जन पदाधिकारी व कर्मी ,वेतन स्थगित

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनेगा एमएमसीएचः उपायुक्त

एमएमसीएच में गर्भवती व नवजातों की स्वास्थ्य सुविधा बढ़ी

डीसी ने 100 बेड वाले मदर एंड चाइल्ड हेल्थ यूनिट का किया उद्घाटन

निर्देश देते, अभिलेखों की जांच करते एवं वार्ड का अवलोकन करते डीसी शशि रंजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सरकार आपके द्वार व प्रत्येक सप्ताह में आयोजित समाधान दिवस भी नागरिकों की समस्याओं को सुलझाने में नाकाम साबित हो रही हैं। जिले के हरेक पंचायतों में पिछले दिनों आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित किये गये थे। जिसमें सरकार के लगभग सभी विभागों के अधिकारी, पदाधिकारी व कर्मचारियों की मौजूदगी में आम ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई और बड़ी संख्या में समस्याओं के समाधान भी किये गया। इसके बाद भी जब गांव से लोग अपनी कोई न कोई समस्या लेकर पहुंचते रहे तो उपायुक्त ने बुधवार को समाधान दिवस के रूप में मनाने का निर्देश देते हुए प्रखंडों के बीडीओ व सीओ को कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनने व गंभीरता के साथ समाधान की दिशा में कार्रवाई का निर्देश दिया। बुधवार को प्रखंडो में जनता दरबार लगा भी, किन्तु इसके बाद भी मामूली समस्याओं को लेकर लोग उपायुक्त शशि रंजन के दरबार में पहुंचे और अपनी समस्या सुनाई। हालांकि उपायुक्त ने उनकी समस्याएं जानी और समाधान का भरोसा भी दिया। लेकिन अधिकांश समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंडों के ही पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। डीसी के दरबार में चैनपुर से पहुंची प्रीति कुमारी ने उपायुक्त से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया तो सबिला बीवी ने हरा राशन कार्ड की मांग की। पाटन के अरुण कुमार ने मनरेगा से शेड बनाने हेतु सामग्री मद से राशि भुगतान कराने का आवेदन दिया। डीसी के जनता दरबार में अधिकांश मामले यथा आवास योजना, बैंक से संबंधित मामले,स्वास्थ्य, वृद्धा पेंशन,जमीन, राशन, पानी आदि से संबंधित आये। जिनका समाधान ब्लॉक स्तर से ही होना है। उपायुक्त ने फोन कर पदाधिकारियों से बात कर तुरंत मामलों को निष्पादित करने का निर्देश भी दिया। लेकिन सवाल यह उठता है कि लोग बीडीओ व सीओ को छोड़कर सुदूर इलाकों से सीधे उपायुक्त के पास क्यों पहुंचते हैं। मौके पर मौजूद मनातू हरमन राम, चैनपुर की प्रीति कुमारी, पिपरा के सनोज कुमार आदि ने जवाब देते हुए बताया कि प्रखंडों के पदाधिकारी समाधान में रूचि नहीं लेते। आवेदन लेकर रख तो लिया जाता है, पर कार्रवाई नहीं होती। जिससे थक हारकर उन्हें उपायुक्त के पास आना पड़ा है। साफ है कि प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों की कार्यशैली में सुधार के बिना जन समस्याओं के समाधान की सोच बेमानी होगी।

समाहरणालय व कचहरी के विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को कार्यालय अवधि शुरू होने के करीब एक घंटे बाद ही अपने चैंबर से निकल कर विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले वे समाहरणालय भवन में अवस्थित अलग-अलग कार्यालयों में गये और निरीक्षण किया। इसके बाद समाहरणालय परिसर के बाहरी हिस्सों यानि कचहरी परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित एवं अनुपस्थित कर्मियों की जानकारी ली और मौके पर अनुपस्थित मिले करीब एक दर्जन से अधिक कर्मियों का वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निरीक्षण के दौरान समाहरणालय के ब्लॉक-ए भवन में अवस्थित नजारत शाखा के नाजिर रामराज राम, अनुसेवक सुजीत कुमार अनुपस्थित पाये गये। स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान देवेन्द्र कुमार, राजेश कुमार सिन्हा, शशि शुक्ल, सतीश दुबे, प्रतिमा देवी व सत्येंद्र कुमार मेहता भी अनुपस्थित मिले। योजना शाखा के निरीक्षण में भी कर्मी अनुपस्थित मिले। इसपर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने समाहरणालय के ब्लॉक-सी स्थित भूमि संरक्षण कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां की पूर्णिमा कुमारी अनुपस्थित मिली। डीआरडीए शाखा के औचक निरीक्षण में एपीओ सुधीर कुमार अनुपस्थित पाए गये। इसके बाद उपायुक्त ने समाहरणालय के बाह्य भाग में अवस्थित रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। यहां विजय कुमार गुप्ता व ब्रज किशोर राम अनुपस्थित पाए गये। अवर निबंधन कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा उपायुक्त निर्वाचन कार्यालय, लेखा कार्यालय, सामाजिक सुरक्षा, जिला कोषागार कार्यालय, खासमहल कार्यालय, सदर अनुमंडल कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में गये और जायजा लिया।

एक ही छत के नीचे गर्भवती व नवजात का होगा इलाज

मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को एमएमसीएच में 100 बेड वाले मदर एंड चाइल्ड हेल्थ यूनिट का विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात यह यूनिट आमजनों के लिये उपलब्ध हो गया।अब एक ही छत के नीचे नवजात बच्चे व गर्भवती महिलाओं का समुचित इलाज हो सकेगा। इस मदर एंड चाइल्ड हेल्थ यूनिट के परिसर में 50 बेड का मेटरनिटी वार्ड व 50 बेड का स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट का निर्माण कराया गया है।न्यूबॉर्न केयर यूनिट के क्रियाशील होने से पलामू में जन्म लेने वाले बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करायी जा सकेगी। इस यूनिट में नवजात बच्चों के बेहतर इलाज हेतु रेडिएंट वार्मर,मल्टी पारा मॉनिटर, सिरिंज इनफ्यूजन पंप,चाइल्ड वेंटिलेटर, सभी बेड पर ऑक्सीजन सप्लाई समेत अन्य स्वास्थ्य उपकरणों का अधिष्ठापन कराया गया है। इसके पूर्व एमएमसीएच में नवजात शिशु देखभाल केंद्र के सिर्फ 12 बेड ही उपलब्ध थे। उद्घाटन के बाद एसएनसी यूनिट के अलावे गर्भवती महिलाओं के लिये भी एमएमसीएच में 50 बेड का मैटरनिटी वार्ड भी फंक्शनल हो गया है। इसके सभी बेडों पर 24 घंटे ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था है।यहां ओपीडी में हर समय स्त्री रोग विशेषज्ञ के डॉक्टर उपस्थित रहेंगे।इसके अलावे ऑपरेशन थिएटर में भी सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल कर दी गयी है।मौके पर सहायक समाहर्ता रवि कुमार,सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ,डीपीएम दीपक समेत अन्य उपस्थित थे।

एमएमसीएच में टोकन सिस्टम को लागू करने का निर्देश

उपायुक्त ने एमएमसीएच में टोकन सिस्टम को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जर्जर पड़े भवनों व अनावश्यक बाउंडरी वॉल को भी ध्वस्त करने के निर्देश दिए हैं।इसके साथ ही खराब पड़े शौचालयों को दुरुस्त करने,पेयजल की उत्तम व्यवस्था को बहाल करने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में एमएमसीएच को सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का रूप दिया जायेगा। उक्त अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं एवं चिकित्सीय उपचार को सुदृढ़ एवं बेहतर किया जा रहा है।

20 बेडेड आईसीयू व पांच बेड का सीसीयू तैयार करने की योजना

उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि आगामी एक महीने में एमएमसीएच में 20 बेड का इंटेंसिव केयर यूनिट व 5 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बनाया जायेगा। इसके लिये जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में संबंधितों को निर्देशित किया गया है। इन स्पेशल यूनिटों को उच्च तकनीक से लैस किया जायेगा। इसके लिये डीपीएम को इक्विपमेंट्स की लिस्टिंग करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही इस यूनिट के लिये डॉक्टर,पैरामेडिकल और नर्सेज की सूची बनाने को लेकर सिविल सर्जन को कहा गया है। प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

प्रबंधन ने अलग-अलग स्थानों पर चार चौसिंगे देखे जाने की पुष्टि की

पीटीआर में अरसे बाद दिखी चौसिंगों की धमाचौकड़ी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व में पिछले चार दिनों से लगातार चौसिंगों की धमाचौकड़ी देखी जा रही है। गुरुवार को इसकी पुष्टि करते हुये पीटीआर दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि बाढ़ेसांड रेंज में चार भिन्न-भिन्न जगहों पर पांच किमी के अंतराल में सभी चौसिंगे देखे गये हैं। एक वनरक्षक ने चौसिंगा की तस्वीर को अपने सेल फोन में कैद भी किया है। उन्होंने बताया के चौसिंगा को विलुप्तप्राय प्रजाति के रूप में देखा जाता है। पूरे देश में अब चौसिंगों की संख्या दस हजार के आसपास रह गई है। ऐसे में पीटीआर में चौसिंगा का मिलना



बहुत ही शुभ लक्षण माना जा रहा है। चौसिंगा रात में बिल्कुल नहीं निकलते हैं। यह सिर्फ दिन में ही घास, फूल ,फल, पत्तियां और जड़ी-बूटी खाने के लिये बाहर निकलते हैं। ये पानी बहुत अधिक पीते हैं। इसलिए इन्हें जल स्रोतों के नजदीक ज्यादा देखा जाता है। कुमार आशीष ने बताया कि देखे गये चौसिंगों को टेनो और गंगटार के घास पट्टी में प्रवेश कराने की कोशिश की जा रही है। जहां उन्हें उनकी पसंद की घास और पीने का पर्याप्त पानी उपलब्ध है। चौसिंगा देखे जाने के बाद क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता कर दी गयी है।

बाघ के साथ शिकारियों के भी निशाने पर चौसिंगे : उपनिदेशक ने बताया कि बाघों को चौसिंगे का शिकार अत्यंत पसंद है। इसके मांस को वे अत्यधिक चाव से खाते हैं। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इनके सिंगों की कीमत काफी अधिक होने के कारण शिकारी भी इनका शिकार करने के लिये निरंतर ताक में रहते हैं।

मनोज सिंह के प्रदेश महामंत्री बनने से भाजपा कार्यकर्ता हर्षित, बांटी मिठाई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा प्रदेश संगठन पदाधिकारियों की सूची में प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने से पलामू जिले के भाजपा कार्यकताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। गुरुवार को भाजपा कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यकताओं ने उम्मीद जताई की मनोज सिंह के प्रदेश महामंत्री बनाए जाने से पार्टी नये कीर्तिमान स्थापित करेगी। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने कहा कि संगठन में कार्य करने का मनोज सिंह का लंबा अनुभव है। इसका लाभ पार्टी एवं कार्यकताओं को मिलेगा। इससे मिशन-2024 की राह आसान होगी। पलामू प्रमंडल से

बालमुकुंद सहाय,जवाहर पासवान, भानु प्रताप शाही व कालीचरण सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। बधाई देने वालों में सांसद पलामू विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, पुष्पा देवी, रामचंद्र चंद्रवंशी व डा. शशि भूषण मेहता,वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे,प्रेम कुमार सिंह,विपिन बिहारी सिंह, अमलेश्वर दुबे,जय दुबे, विनोद कुमार सिंह, अविनाश वर्मा,विभाकर नारायण पांडे, आदि शामिल हैं।

प्रयास

चियांकी में 19वां वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक

फूलगोभी व पपीता पर शोध कार्य में तेजी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। 19वां वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक चियांकी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में संपन्न हुई। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र चियांकी में आयोजित बैठक में डॉक्टर अशोक कुमार, डॉक्टर सुधीर कुमार झा, डॉक्टर अब्दुल मजीद अंसारी, डॉक्टर अखिलेश शाह और डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह आदि कृषि जगत के दिग्गजों ने उल्लेखनीय जानकारी दी। मुख्य वक्ता डा. सुधीर कुमार झा ने बताया कि इस समय कृषि विज्ञान केंद्र फूलगोभी और पपीता पर काम कर रहा है। फूलगोभी और पपीता का शोध कार्य काफी तेजी पर है। यह जैविक और प्राकृतिक खेती दोनों में किया जा रहा है। बैगन पर भी शोध चल रहा है।

दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि

किसानों के लिये लाभप्रद है पपीते की खेती : डा. झा ने बताया कि पलामू में पपीता की भारी खपत है। यहां पपीता कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से आता है। हालांकि झारखंड के सिमडेगा का पपीता भी बहुत ही गुणवत्तायुक्त है, लेकिन वजन अधिक होने के कारण इसका व्यवसाय करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए हर संभव मदद के लिए तैयार है।

किसानों को किया जा रहा प्रशिक्षित

वर्ष 2023 में कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित 44 कार्यक्रमों के माध्यम से 1580 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न गांवों में आयोजित 26 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1045 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है। केंद्र द्वारा 12 कार्यक्रमों के माध्यम से 380 युवक व युवतियों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

फांसी लगा युवक ने की आत्महत्या

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के बैरिया चौक स्थित आदर्श नगर निवासी भोला भुइयां के पुत्र राहुल कुमार उम्र 19 वर्ष ने गुरुवार की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में मृतक के भाई रोहित कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह उनकी पत्नी नेहा बाथरूम में गई तो देखा कि राहुल बाथरूम में बांस के सहारे फांसी लगा लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये भेजवाया।

आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

एक नजर

शहीद शेख भिखारी के आदर्शों पर चलने की जरूरत : नीरू शांति

लोहरदगा। शहीद शेख भिखारी के शहादत दिवस के मौके पर हिरही चौक मन्हो के शहीद स्मारक स्थल पर मेला आयोजित किया गया, जहां आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने स्मारक स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। शहीद शेख भिखारी को याद करते हुए कहा कि आज हम सभी को उनके आदर्शों पर चलकर समाज को एक नई दिशा देने की जरूरत है। मौके पर आजसू प्के जिला प्रधान सचिव विलियम कुजूर, आजसू पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, आजसू के वरिष्ठ नेता इकरामूल अंसारी, आजसू नगर कमेटी के उपाध्यक्ष तौहिद कुरेशी, गुड्डू खान, ओबीसी जिला मोर्चा के अध्यक्ष नरेश साहू, मनोज गुप्ता मन्ना, इबरार अंसारी, तबारक अंसारी, मुस्तफा खलीफा, हफीजुल अंसारी, मेराज अंसारी इत्यादि उपस्थित थे।

जागरूकता अभियान

गुमला। सड़क सुरक्षा माह के तहत आज चालक परीक्षण में आए अभ्यर्थियों के बीच जिला परिवहन विभाग की ओर से यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर काउंसलिंग की गई। साथ ही उनसे अपील की गई कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं लोगो को प्रेरित करें। ड्राइविंग टेस्ट में आये लोगो को यातायात शपथ ग्रहण करवाया गया।

उर्दू भाषा के शिक्षकों का पद समाप्त करना अन्याय : अनीश अहमद

कैरो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय की उर्दू भाषा के शिक्षकों का पद समाप्त किए जाने का फैसला उर्दू भाषी लोगों के साथ अन्याय है। अनीस अहमद खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर झारखंड सरकार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी उस तुगलकी आदेश को तुरंत वापस लिए जाने की मांग की है जिसमें उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को 'मरणशील' संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगा दी गई है। राज्य गठन के बाद शिक्षकों के 4401 पद थे। इसमें से मात्र 689 पद पर ही शिक्षक की नियुक्ति हुई। सरकार खाली पड़े 3712 रिक्त पद पर नियुक्ति के बदले पद ही को समाप्त किया जाना अल्पसंख्यकों के साथ विश्वासघात है।

सरसों मिल का उद्घाटन

सेन्हा। बुटी पंचायत में कंडरा चौक के समीप कोराम्बे पथ पर शुद्ध सरसों तेल मिल के साथ धान कुटाई एवं आटा चक्की का उद्घाटन मुख्य अतिथि सूबे के पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव द्वारा किया गया। विदित हो कि कंडरा चौक एवं आसपास में सरसों तेल मिल नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही थी। सरसों को बेच कर उच्च दर पर तेल खरीदना पड़ता था। मौके पर मिल संचालक महावीर जयसवालपूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती गीताश्री उरांव, बसिया प्रखंड के अल्पसंख्यक अध्यक्ष मुंतजिर खान, फुलेश्वर सिंह,विजय सिंह के अलावे सेन्हा प्रखंड से जयनाथ साहू विजय जयसवाल,इशुप अंसारी सहित गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

कंप्यूटर ऑपरेटरों को मिला प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के क्रियान्वयन से संबंधित योजनाओं एवं स्वालंबन पोर्टल के सफल संचालन हेतु पंचायत सचिव एवं सामाजिक सुरक्षा के कंप्यूटर ऑपरेटरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन नगर भवन गुमला में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी साथ ही उन्होंने आधार बेस्ड पेमेंट की महत्ता के बारे में भी बताया। मंच संचालन करते हुए सहायक निर्देशक

सामाजिक सुरक्षा ललन कुमार रजक द्वारा पेंशन योजनाओं से किस प्रकार लोगों को जोड़ने, आधार बेस्ड पेमेंट, बैंक अकाउंट रिजेक्शन से संबंधित, आधार सीडिंग, नए लोगों को पेंशन योजना से जोड़ने आदि के संबंध में जानकारी दी गई। अब तक जिले में जनवरी माह तक के सभी पेंशन धारियों के पेंशन राशि का शत प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। जिले में 1 लाख 26 हजार पेंशन के लाभुकों को पेंशन राशि का भुगतान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान वृद्धा पेंशन के लाभुकों को वृद्ध पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना के लाभुक को भी स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया।उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर, पंचायत सचिव को भी प्रशस्ति प्रत्र उपायुक्त के हाथों दिया गया।

'ज्यादा से ज्यादा विवादों को मध्यस्थता से निपटाएं'

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

सर्वोच्च न्यायालय के एमसीपीसी के प्रशिक्षिकों द्वारा झालसा रांची द्वारा आयोजित 40 घंटे के गहन मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर लौटे जिले के चार अधिवक्ताओ ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। अधिवक्ताओं ने झालसा के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यस्थता से विवादों के सुलझाने के विभिन्न टेक्निक की जानकारी पीडीजे से साझा की। पीडीजे ने प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्ताओं को उनके सफल प्रशिक्षण की बधाई दी

और कहा कि आने वाले दिनों में सिविल विवादों को भी सुलझाने में मध्यस्थ अपनी भूमिका बढ़ाएं।

ज्ञात हो कि झालसा रांची के द्वारा आयोजित गहन मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए इंटरव्यू के माध्यम से जिले के चार अधिवक्ता लाल दीपक कुमार, लाल धर्मेंद्र देव, सुरीला देवी और मोमिना खातून का चयन हुआ था। उन्होंने 12 जनवरी से 16 जनवरी तक विश्वा कांके रोड, रांची में प्रशिक्षण प्राप्त किया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि नव प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्ताओं द्वारा आवेदन तथा सर्टिफिकेट जामा करने के पश्चात डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे की अनुमति के पश्चात मध्यस्थ के रूप में इंपैनल्ड किया जाएगा। इसके बाद नव प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्ता कोर्ट में लंबित विवादों में भी मध्यस्थता का काम कर सकेंगे। डालसा सचिव ने यह भी जानकारी दी कि मध्यस्थता के लिए पूर्व में पांच मध्यस्थ प्रवीण भारती, एचके सिन्हा, कुमार चंद्रशेखर, नसीम अंसारी और जुगल किशोर प्रसाद कार्यरत थे। प्रशिक्षण प्राप्त अधिवक्ताओं के आने से जिले में कुल 9 मध्यस्थ हो गए।

हिरही में शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ. रामेश्वर उरांव

सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का मंत्री ने किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत नवाडीह पंचायत में विधायक निधि से निर्माण हेतु सामुदायिक भवन का विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने शिलान्यास किया। वहीं लोहरदगा प्रखंड के हिरही पंचायत में शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह शहादत दिवस समारोह में भी शामिल हुए।

सर्वप्रथम किस्को प्रखंड के नवाडीह में विधायक निधि से सामुदायिक भवन का शिलान्यास करते हुए मंत्री ने कहा कि विधायक निधि जनता का पैसा है और उनकी आवश्यकता एवं प्राथमिकता के अनुसार विकास कार्य में इसका उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की मांग थी कि सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाए। फलस्वरूप आज इसकी नींव रखी गई जो जनता के लिए उपयोगी साबित होगी। हमारी गठबंधन सरकार सभी वर्गों के समुचित विकास के लिए तत्पर है। बुनियादी आवश्यकताओं के साथ-साथ

सामाजिक जरूर को भी पूरा करने का काम इस सरकार के द्वारा किया जा रहा है। लोहरदगा प्रखंड के ग्राम हिरही में शाहिद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह शहादत दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुए मंत्री ने कहा कि इन दोनों के शहादत अतुलनीय हैं और हमें सदैव शहादत देने के लिए प्रेरणा देते रहेंगे। इनका शहादत दिवस मनाना तभी सार्थक साबित होगा जब हम सभी शहीद के संघर्ष बलिदान और समर्पण को आत्मसात करेंगे। निश्चित रूप से शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत को कभी नहीं भुलाया जा सकता। इन शहीद महापुरुषों के सपनों का झारखंड बनाना ही हम सबों का लक्ष्य होना चाहिए और यही इन दोनों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। हम इन शहीदों को नमन करते हैं। हमें उनके आदर्शों पर चल कर समाज को नई दिशा देने की जरूरत है।

मौके पर जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, सामूल अंसारी, युनूस अंसारी, नुसरत अंसारी, कुदुस अंसारी, रौनक इकबाल, पंचम राम, सदरुल अंसारी, रविंदर सिंह खेरवार, सत्यदेव भगत, तनवीर गौहर, हाजी सिकंदर अंसारी, सीमा परवीन, मुजामिल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, संजय नायक, असलम अंसारी, ऐनुल अंसारी, मन्नान अंसारी, इंतेखाब आलम, दुर्गा उरांव, कैश आलम, सैफ अहमद, मुसर्रफ रजा, हसीन अख्तर मुन्ना, अख्तर अंसारी, सरिता देवी, मुन्नवर आलम, रफीक अंसारी, नसीम अंसारी, प्रकाश उरांव, कामिल अंसारी, तबरेज अंसारी, कबीर अंसारी, कमरूल इस्लाम, सूरज मुंडा, खलील खलीफा, जफर इमाम, जयवंत कुजूर, मनीष कुजूर, राजेंद्र यादव, सोमा उरांव, हलीम अंसारी, अफरोज अंसारी, सज्जाद अंसारी, अजमूल अंसारी, इम्तियाज अंसारी, सकील अंसारी, सद्दाम अंसारी, यूसुफ, मुबारक अंसारी, मुशर्रफ अंसारी आदि उपस्थित थे।

मदरसा स्कूलों को सरकारी लाभ मिलेगा : मंत्री

लोहरदगा। किस्को प्रखंड के ग्राम नवाडीह में विधायक सह वित मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव को तालिमी मिशन के आंगन में मदरसा अल जमैतुल अतैया और अता पब्लिक स्कूल के बच्चो ने द्वारा तराना गा कर खुशामदीद किया। तालिमी मिशन के सदर अतहर अंसारी वे सेक्रेटरी मोहिबुल्लाह अंसारी के द्वारा मंत्री रामेश्वर उरांव को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मंत्री के पूछे जाने पर मोहिबुल्ला अंसारी ने बताया कि मदरसा में 50 से अधिक बच्चे हॉस्टल में रहते हैं। स्कूल में 250 से अधिक ग्रामीण गरीब बच्चे पढ़ते हैं तथा मदरसा सरकार के द्वारा रजिस्टर्ड है। मंत्री ने कहा कि सरकारी लाभ ऐसे मदरसा व स्कूल को मिलना चाहिये। हम हरसंभव मदद करने की कोशिश करेंगे कि छात्रों को पढ़ने और आगे बढ़ने में कोई रुकावट ना हो।

मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निसिथ जायसवाल,जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत,किस्को जिला परिषद संदीप गुप्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा परवीन, नवाडीह सदर रौनक इकबाल, हाजी सिकंदर अंसारी, मोजम्मिल अंसारी, रियाजूल हसन, पंचम राम, आसिफ अंसारी, जबीउल्लाह अंसारी मौजूद थे।

फैजाने गरीब नवाज में जेएमएम ने बांटा कबल

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी व 20 सूत्री कमेटी के सदस्य अब्दुल कुदूस ने भंडरा स्थित मदरसे फैजाने गरीब नवाज में अध्ययन कर रहे गरीब बच्चे व असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मौके पर बच्चों से प्रखंड अध्यक्ष ने कई सवाल किए जिनका बच्चों ने जवाब दिया। मैलाना से अध्यक्ष को मदरसे की समस्या से रूबरू कराया। मौके पर सदर शाहिद अंसारी, सेक्रेट्री मंसूर अंसारी, कमिटी के तैयब खान, खजांची शहिद अंसारी, मदरसा के नाजिम हाफिज अबू सालेह रजा हसमती, मस्जिद के इमाम मुफ्ती जाकिर हुसैन, कारी नौशाद साहब, कारी नदीम साहब मौजूद थे।

जरूरतमंदों की मदद करना ही कांग्रेस का उद्देश्य : हुसैन अंसारी

सेन्हा। प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष हुसैन अंसारी के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद धीरज साहू की ओर से ठंढ के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए गरीब, असहाय आदि जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। अंसारी ने कहा कि किसी भी कार्य के लिये जरूरमंदों की मदद करना ही कांग्रेस पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। वहीं बिशुनपुर विधानसभा युवा अध्यक्ष अंसारी ने कहा कि गरीबों के मसीहा राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से ठंढ से बचाव के लिये कंबल का वितरण किया गया। मौके पर कांग्रेसी नेता किशोर साहु, इमरान आजाद अंसारी, पंचायत समिति सदस्य सफरूदीन अंसारी, पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव, इस्तियाक अंसारी, राम किशुन महतो, दानियाल टोप्पो, अनिरुद्ध उरांव आदि उपस्थित थे।

भट्ठखिजरी में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 को

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 22 जनवरी को कई कार्यक्रमों के साथ-साथ कई मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा का भी संकल्प लिया गया है। उनमें से एक भट्ठखिजरी पंचायत अंतर्गत ग्राम भट्ठखिजरी में श्री हनुमान मंदिर की भी प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसको लेकर ग्राम वासियों ने पिछले कई महीनों से लगातार तैयारी की है। इस आयोजन को लेकर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार दसौंधी ने बताया कि पुण्य धाम बनारस के महंत महाराज अनिल पाठक, महाराज अमित तिवारी, महाराज गणेश पांडे द्वारा 21 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण किया जाना है तथा 22 जनवरी को हनुमान मंदिर की भी प्राण प्रतिष्ठा होनी है। भव्य भंडारे का आयोजन 23 जनवरी को किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बनारस के महंतों के साथ लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत शामिल होंगे। इस आयोजन में सूरज कुमार दसौधीं, रमेश चंद्र कुंवर, जगरनाथ साहू, रामनंदन साहू, जितेन्द्र साहू, नरेश साहू, अखिलेश दसौधीं, नंदलाल साहू, चंदन साहू, रोहित साहू, किशोर साहू, अनतेश राउत, राजेश साहू, भरत उरांव, सतेंद्र साहू, दशरथ लोहरा, तरूण साहू, कृष्णा साहू, मुकेश साहू, मुखलाल साहू, बंधन लोहरा, विक्की महली, मिथलेश साहू, विकास साहू इत्यादि शामिल हैं।

भंडरा के मंदिरों में 11 हजार जलेंगे दीपक

भंडरा। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रखंड के सभी 45 गांवो में हजारों दीए जलाकर भंडारे का आयोजन होगा। गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद के आनंद दुबे की अध्यक्षता में ठाकुरबाड़ी में बैठक की गई। दुबे ने लोगों से भी अपील की है कि अपने घरों में 22 जनवरी की शाम को कम से कम 11 दिए जलाकर दीपावली मनाएं। बैठक में ईश्वरी मोहन शर्मा,बबलू पंडित, कमलेश शर्मा,विकास लहेरी,सोनू कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक

लोहरदगा। हरमू पंचायत के रघु टोली में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक किया गया। रघु टोली के महावीर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य तैयारी करने की योजना बनी। बजरंग दल सह गौरक्षा प्रमुख चंदन गोप के नेतृत्व में बैठक की गई। मौके पर मुख्य रूप से राम भक्त चमन गोप, टाइगर गोप, सुनील गोप,कुंदन गोप, कुंदन गोप, रंजन गोप,बुद्धेश्वर गोप,नितेश गोप,जागेश्वर, ज्योति कुमारी,आरती कुमारी, लखनऊ गोप, उज्जवल वर्मा, शुभम यादव मौजूद थे।

बिना इजाजत कोई जुलूस न निकालें

कैरो। 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कैरो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह अंचलाधिकारी पवन कुमार महतो, थाना प्रभारी संखनाथ उरांव सयुक्त रूप से की। बीडीओ ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को थाना क्षेत्र में अगर कोई संगठन किसी प्रकार का कोई जुलूस निकाल रहे है तो उस जुलूस का इजाजत लेना अनिवार्य होगा। बिना इजाजत किसी प्रकार का कोई जुलूस का आयोजन न करे। मौके पर उप प्रमुख मधुलिका रानी,एसआई सुजीत कुमार,पूर्व उपप्रमुख दिलीप कुमार सिंह,मुखिया अरविंद उरांव बीरेंद्र महली,नजिर आलम खान,सुरजमोहन साहू,परवीन साहू ,जमील अख्तर सहित कई लोग उपस्थित थे।

22 जनवरी को दीपावली मनाने की करें तैयारी

लोहरदगा। जय श्रीराम समिति की बैठक भंडरा प्रखंड के दुर्गा मंदिर में जिला संचालन समिति सदस्य रामकुमार साहू की अध्यक्षता में की गई। ज्ञात हो की एक माह पूर्व जिला एवं प्रखंड कमेटी का कार्यकाल पूर्ण हो जाने पर कोर कमिटी के द्वारा पूरी तरह से भंग कर दी गई थी। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड संचालन समिति सदस्य बनाने की चर्चा की गई, जिसमें सर्व समिति से आकाश कुमार,अमरेश साहू, अमित कुमार गुप्ता, राजेश साहू, पंकज साहू, सत्येंद्र चौहान, श्रीकांत गुप्ता, विवेक यादव, रोहित लहरी, अमित सोनी, आनंद सिंह, सूरज ठाकुर, मोनू गुप्ता, चंदन लहरी, सुदामा प्रसाद, बबलू पंडा को सदस्य बनाया गया। आकाश कुमार ने कहा पूरे प्रखंड में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को भगवामय होगा। ज्योति भगत ने कहा प्रभु राम जी का आगमन होने को है। आप सभी सनातन बंधु एक बार फिर दीपावली मनाने की तैयारी कर ले। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी प्रखंड संचालन समिति सदस्य ज्योति भगत व जिला संचालन समिति सदस्य विनोद प्रसाद, पंकज साहू, आनंद कुमार दुबे आदि लोग मौजूद थे।

कार्यालय जिला समादेष्टा,झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

(आवश्यक सूचना)

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय झारखण्ड रॉची का ज्ञापांक–66/OTD दिनांक–12.01.2024 के आदेश के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी विभागान्तर्गत क्षेत्रीय खेल कुद प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान धुर्वा रॉची में दिनांक–21.02.2024 से 25.02.2024 तक कराया जाएगा। गढ़वा जिला के प्रभावित बल के वैसे गृह रक्षक जो एथलेटिक, दौड, क्रॉस कंट्री दौड, उँची कूद, लम्बी कूद, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, गोला फेक, फुटबॉल, कबड्डी, खोखो, बॉलीबॉल, रस्सा कस्सी खेल में रुची रखते हों व भाग लेना चाहते हों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–20.01.2024 तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में आकर अपना–अपना नाम दर्ज करायें।

ह0/–
पुलिस उपाधीक्षक (मु0)गढ़वा
– सह– जिला समादेष्टा,झारखण्ड
गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा।

PR 316463 Home(23-24)D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 05/2023-24/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 18.01.2024

क्र0	आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की तिथि
1	RWD/LATEHAR8/STPKG-02/2023-24	मेराल से जानीजबार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 6.850 कि0मी0) T06 से हुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 3.180 कि0मी0) मोहनपुर से तासु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 5.600 कि0मी0) ईचाक से टोंगरीटोला दुधीमाटी लावागढ़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 4.350 कि0मी0) मटलौंग बाजारटांड से नुनफोडवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.250 कि0मी0) मटलौंग बैदा आहर से मेन रोड हेरहंज भाया खपराटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.225 कि0मी0)	1297.368	रू0 बारह करोड़ संतान्वे लाख छतीस हजार आठ सौ रूपये मात्र।	09 माह
2	RWD/LATEHAR9/STPKG-03/2023-24	पंचायत बरवाडीह के रेलवे 16 सी0गेट से पहाड़ी मंदिर होते हुए कब्रिस्तार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.40 कि0मी0) ग्राम खुरा घरघरी नदी श्मशान घाट से रविन्द्र राम के घर होते पी0डब्लू0डी0 रोड डी0एस0पी0 आवास तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.550 कि0मी0) नावाडीह से गुवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 3.200 कि0मी0) पी0डब्लू0डी0 रोड से लादी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 3.00 कि0मी0) गाड़ी मुरम पथ पी0डब्लू0डी0 रोड से ग्राम लुकुमखांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.00 कि0मी0) कोलपुरवा मोड से पोखरीकला रहमुदीन के घर तक भाया पोखरीखुर्द हरीजन टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.900 कि0मी0)	1060.78000	रू0 दस करोड़ साठ लाख अठहत्तर हजार रूपये मात्र।	09 माह

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 25.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 12.02.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 316471 (REO) 23-24 (D)

पहल सड़क सुरक्षा के कायदे कानून वाल पर्चे वाहन चालकों को बांटे गए

चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

जिले में बढ़ रहे सड़क दुर्घटनाओं को लेकर लोहरदगा साइंस फॉर सोसाइटी इकाई तथा बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप बीएस कॉलेज के निकट द्वारा छोटे-बड़े वाहनों को सड़क सुरक्षा के कायदे कानून की जानकारी देने का प्रयास किया गया। इस निमित पेट्रोल पंप में जीवन उपयोगी क्षेत्रीय भाषा में व्यंग्यात्मक व प्रतीकात्मक स्लोगन के होर्डिंग लगाए गए। सड़क सुरक्षा के कायदे कानून की पंपलेट छोटे बड़े प्राइवेट व कमर्शियल वाहनों के बीच वितरण किया गया। मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद तथा सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने कहा

कि सड़क दुर्घटना में आधा घंटा गोल्डन आवर होता है तथा इस अवधि में घायल को अस्पताल पहुंचा देने से उसकी जान बचाने की उम्मीद 50% से ज्यादा बढ़ जाती है वहीं सरकार द्वारा ?5000 की प्रोत्साहन राशि व जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाता है तथा अस्पताल में अपना पता जरूर अंकित करवाए! कुछ लोग पीड़िता को मदद ना करके वीडियो बनाते रहते हैं जो निंदनीय है, साथ ही वाहन चालक घर निकलने से पूर्व मोबाइल ,रुमाल,मौसम अनुकूल वस्त्र, जूता /चप्पल याद करके पहनते हैं ,वैसे ही हेलमेट पहनना ना भूले ,यह सरकारी या प्रशासन की जवाब देही नहीं है बल्कि स्वयं की जिम्मेवारी है। वही समिति के सचिव राहुल कुमार तथा रेड क्रॉस सोसायटी सचिव अरुण राम ने कहा कि

ड्राइविंग के समय फोन का उपयोग, कमर्शियल व प्राइवेट वाहन में ओवरलोडिंग, पैदल यात्रियों को सुरक्षित सड़क पार होने देने, ड्रंक एंड ड्राइव न करने ,गति सीमा का पालन करने, रफ ड्राइविंग, सीट बेल्ट पहनने, अन्य वाहनों से दूरी बनाए रखने तथा अभिभावकों द्वारा नाबालिकों को वाहन ना देने की अपील की गई। समिति के ही जगतपाल केसरी तथा आलोक कुमार ने कहा कि अभिभावक बच्चों के जिद के कारण भारी व महंगी वाहन तो खरीद देते हैं परंतु हेलमेट पहनने की नसीहत नहीं देते हैं। यह दुर्भाग्य है की देश में सड़क दुर्घटना में तकरीबन डेढ़ लाख लोगों की जान जाती है तथा जान बचाने हेतु सरकार ,सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओ को जरूरी कार्य छोड़कर ऐसे कार्यों में ऊर्जा लगाना पड़ता है! अगर लोग स्वयं जागरूक हो जाए तो राष्ट्र को बहुत फायदा होगा। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार, देशराज गोयल, पंप कर्मी अमित सोनी,आकाश उरांव, सुरेंद्र उरांव, उन्नत उरांव, सरिता उरांव, विनय अग्रवाल शामिल थे।

फरवरी में भी चलेगी मोदी की गारंटी वाली गाड़ी: प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनता की मांग पर फरवरी में भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 'लास्ट माइल डिलीवरी' का सबसे अच्छा उदाहरण है। पिछले साल 15 नवंबर से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा पहले 26 जनवरी तक चलनी थी। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में चलने वाला विकास रथ, विश्वास रथ में बदल चुका है, अब लोग इसे गारंटी वाला रथ भी कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पहले 26 जनवरी तक चलने वाली थी, लेकिन इसको लोगों का इतना समर्थन मिला है और अब लोगों की मांग हैं कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हमारे गांव में भी आनी चाहिए। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को फरवरी में भी चलाएंगे।

दो महीने के अंदर यह यात्रा एक जन आंदोलन बन गई

महज 2 महीने के अंदर यह यात्रा एक जन आंदोलन बन गई है। इस यात्रा में 15 करोड़ से ज्यादा लोग शामिल हुए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा 'लास्ट माइल डिलीवरी' का सबसे अच्छा उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित भारत संकल्प यात्रा के दायरे में 70 से 80 प्रतिशत पंचायतें आ चुकी हैं। मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शी और कुशल शासन प्रदान करके गरीबी को हराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में चार करोड़ से अधिक लोगों को पक्के घर उपलब्ध कराये गये हैं। प्रधानमंत्री ने देश के सभी नागरिकों को पोषण और स्वास्थ्य गारंटी प्रदान करने के अपनी सरकार के संकल्प को दोहराया।

ज्ञानवापी परिसर में सील वजूखाने की सफाई शनिवार को

वाराणसी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ज्ञानवापी परिसर स्थित सील वजूखाने की सफाई 20 जनवरी (शनिवार) को होगी। सफाई के लिए सुबह 09 से 11 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। सफाई के दौरान दोनों पक्षों के दो-दो प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। वाराणसी के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को लेकर जिला प्रशासन ने हिंदू और मुस्लिम पक्ष के लोगों से बातचीत की है। इस दौरान तय हुआ कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार दोनों पक्षों के प्रतिनिधि सील वजूखाने की सफाई के दौरान मौजूद रहेंगे। कोई भी प्रतिनिधि वजूखाने की जाली के अंदर प्रवेश नहीं करेगा। सिर्फ सफाईकर्मी अंदर प्रवेश कर एहतियात बरतते हुए साफ-सफाई का काम करेंगे। साफ-सफाई के दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी को पीटने के मामले ने पकड़ा तूल, कारवाई होगी

एजेंसी। पटना

बिहार की राजधानी पटना में सरेआम नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद सिंह के साथ राजद नेता के पुत्र द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इसे लेकर विपक्ष जहां सरकार पर निशाना साध रहा है, वहीं, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को साफ कहा कि जो भी हो, उस पर कारवाई होगी। दरअसल, पटना के रूपसपुर थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम गोला रोड में गया जिले के डोभी नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह पर जानलेवा हमला किया गया। बदमाशों ने रॉड से हमला किया और लहूलुहान हालत में उन्हें छोड़कर फरार हो गए। बताया गया कि अपराधी ने खुद को तनुज यादव बताते हुए कहा कि जिसे जो करना है कर ले। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, जिसमें नागेंद्र यादव के पुत्र तनुज यादव और नयन यादव सहित कई लोगों को आरोपी बनाया गया है। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि कार्यपालक अभियंता को जिसने मारा, वह लालू परिवार का सदस्य था, जब हमको इस बात की जानकारी हुई तो हमने खुद फोन करके इस मामले की जांच करने को कहा और सख्त कारवाई करने को कहा।

पंजाब के सीएम ने एसजीपीसी प्रमुख की चुप्पी पर उठाया सवाल

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को लोकसभा सांसद हरसिमरत कौर बादल के अकाली दल के चुनाव चिह्न के पहले सिख गुरु, गुरु नानक देव के तराजू के बराबर वाले बयान पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी की चुप्पी पर सवाल उठाया। हरसिमरत कौर बादल ने माघी दिवस पर एक भीड़ को संबोधित करते हुए कहा था, हमारे लिए, यह तककड़ी (शिअद का चुनाव चिन्ह) गुरु नानक साहिब की तककड़ी से कम महत्वपूर्ण नहीं है। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि हरसिमरत बादल ने इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना और आधारहीन बयान देकर हर सिख के मानस को ठेस पहुंचाई है, लेकिन एसजीपीसी इस मुद्दे पर चुप है। भगवंत मान ने कहा कि यह दशार्ता है कि धामी सामान्य तौर पर अकाली दल और विशेष रूप से बादल परिवार के एक वफादार स्वयंसेवक से ज्यादा कुछ नहीं हैं।

लीडरशिप की कमी के चलते बिहार अब भी पिछड़ा राज्य : मोहन यादव

पटना। बिहार में किस बात की कमी है कोई ऐसा राज्य ऐसा नहीं जहां बिहार के आईएएस-आईपीएस नहीं हैं। बिहार ही एकमात्र राज्य है, जिसे यह सौभाग्य मिला है। यहां यदि कोई कमी है तो लीडरशिप की। यही वजह है कि बिहार आज भी पिछड़ा राज्य है। यह बातें बिहार में एक दिवसीय दौरे पर आये मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय में कही। उन्होंने कहा कि गुजरात उद्योग में भले ही आगे है लेकिन पसीने के रूप में जो बूंदें गिरती हैं वह बिहार का ही है। बिहार हर क्षेत्र के अंदर अपनी पहचान बनाई हुई है। सभी क्षेत्रों में बिहार के लोगों की अपनी पहचान है। आपातकाल के समय बिहार ही आगे आया और लोकतंत्र को बचाने का काम किया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज दोपहर में पटना एयरपोर्ट पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। एमपी के मुख्यमंत्री बनने के बाद वह पहली बार बिहार आये है।

मणिपुर के थौबल में सुरक्षा बलों पर हमले में बीएसएफ के तीन जवान घायल

इम्फाल। मणिपुर के थौबल जिले में अज्ञात सशस्त्र हमलावरों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की, जिसमें बीएसएफ के तीन जवान घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, अज्ञात समूहों के कुछ सशस्त्र कैडरों ने बुधवार देर रात थौबल जिला पुलिस मुख्यालय पर हमला करने का प्रयास किया और सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी की, जिन्होंने हमले को विफल कर दिया। सशस्त्र कैडर मुख्यालय पर एकत्र क्रोधित भीड़ में शामिल हो गए थे। बीएसएफ के तीन जवानों में से दो सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) सोबराम सिंह और रामजी थे। तीसरे की पहचान कांस्टेबल गौरव कुमार के रूप में हुई। उन्हें इम्फाल के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि भीड़ ने थौबल जिले के खंगाबोक में तीसरी मणिपुर सशस्त्र बटालियन मुख्यालय को निशाना बनाया।

जम्मू-कश्मीर के न्यूनतम तापमान में गिरावट

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में लगातार न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इसी बीच लंबे समय से मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में पिछली रात के तापमान शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे के मुकाबले शून्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। पहलगाम में तापमान पिछली रात के शून्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस नीचे के मुकाबले शून्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कुपवाड़ा शहर में पिछली रात के तापमान शून्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस नीचे के मुकाबले शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। गुलमर्ग में पिछली रात के तापमान शून्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस नीचे के मुकाबले शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

गणतंत्र दिवस पर राजस्थान से 380 अतिथि आमंत्रित

जयपुर। नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड समारोह में देश भर से आमंत्रित पंद्रह हजार अतिथियों में से राजस्थान से कुल 380 प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें पीएम आवास योजना के लाभार्थी, पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत छोटे व्यापारी, इलेक्ट्रोनिक उत्पादन क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं, अच्छा कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान उत्पादक संगठन से जुड़े लोग हैं। इसके अतिरिक्त रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित वीर गाथा 3.0 के विजेता, इसरो में काम करने वाली महिला वैज्ञानिक तथा राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता भागियों को भी आमंत्रित किया गया है। राजस्थान से कुल 380 प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस समारोह में आमंत्रित किया गया है।

नोटिस के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचीं महुआ मोइत्रा

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने सरकारी आवास खाली करने के ताजा नोटिस के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट महुआ की याचिका पर आज ही सुनवाई करेगा। महुआ मोइत्रा को 16 जनवरी को सरकारी बंगला तुरंत खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि अगर बंगला खाली नहीं किया गया तो बल प्रयोग भी किया जा सकता है। इसके पहले भी महुआ मोइत्रा को बंगला खाली करने का आदेश दिया गया था, जिसमें 7 जनवरी तक बंगला खाली करने का आदेश दिया गया था। उस नोटिस को महुआ मोइत्रा ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। बाद में महुआ ने दिल्ली हाई कोर्ट से याचिका वापस ले ली थी और कहा था कि वो संपदा निदेशालय से संपर्क कर 2024 के लोकसभा चुनाव तक बंगला खाली नहीं करने का आग्रह करेंगी। अब महुआ को बंगला खाली करने का ताजा नोटिस जारी किया गया है, जिसमें बल प्रयोग की भी बात कही गई है। महुआ मोइत्रा ने संसद से अपने निष्कासन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया है। 8 दिसंबर, 2023 को लोकसभा ने महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी थी। संसद की एथिक्स कमेटी ने महुआ मोइत्रा को पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोप को सही मानते हुए संसद की सदस्यता खत्म करने की अनुशंसा की थी। महुआ मोइत्रा पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया था। मोइत्रा पर आरोप था कि उन्होंने एक कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसे लेकर अडानी के बारे में सवाल पूछे थे और अपना लॉग-इन पासवर्ड भी हीरानंदानी से साझा किया था।

कार्यालय :– नगर पंचायत, लातेहार

बन्दोबस्ती आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती **वर्ष 2023–2024 (03 मार्च 2024 से 24 मार्च, 2024 तक)** के लिये खुली डाक द्वारा बोली दिनांक– **29.01.2024** को 11.30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक **30.01.2024** एवं दिनांक– **31.01.2024** को 11:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

क्र० सं०	सैरात का नाम	पूर्व की बंदोबस्ती राशि	वर्ष 2023–2024 की न्यूनतम डाक की राशि	जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10%	सैरात का आवेदन शुल्क
01	महा शिवरात्री मेला बानपुर लातेहार	820000.00	943000.00	94300.00	1000.00

नोट 1 छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , सुरक्षीत जमा राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।

2 कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड www.latehar.nic.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 316431 Urban Development(23-24)#D

कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार।

अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 12/2023–24

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय में कार्यरत सफाई कर्मियों को स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत सफाई किट (Gloves, Shoes, Dress Male-Shirt & Pant, Female- Shirt , Safety Helmet, Rain Coats) का क्रय की जानी है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्म /आपूर्तिकर्ता से दिनांक 27.01.2024 के अपराहन् 2.30 बजे तक पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित अपना कोटेशन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से प्राप्त कोटेशन को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे खोला जायेगा। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, पैन कार्ड एवं GST प्रमाण पत्र 3B Return एवं आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों का रंगीन कैटलॉग /फोटोग्राफ देना अनिवार्य होगा। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में जया लक्ष्मी भगत, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत लातेहार से ली जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 316430 (Urban Development) 23-24 (D)

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
NATIONAL HIGHWAY DIVISION, MEDININAGAR
Jailhata, Near Railway Crossing, Daltonganj, Dist.-Palamau-822101
Ph. No. 06562- 231237, E-mail Id- eenhmedini-jhr@nic.in, eenhmedini@gmail.com

Corrigendum

In the NIT having e-tender Reference No.- NH/MEDININAGAR/04/23-24 dated 08.01.2024, published in the news paper vide PR No.- 315468 (Road)23-24*D, following modifications (new date) in the schedule has been made.

1. The tender notice and tender documents will be available on website https://eprocure.gov.in/ eprocure/app from Dated: **25.01.2024** (10:00 AM) and may be submitted/uploaded up to **07.02.2024** (5:00 PM)
2. Last Date of submission of tender fees and other documents by Registered post A.D. or Speed Post or messenger upto 2.00 PM of **09.02.2024** at office of the Chief Engineer, NH Wing, RCD, Jharkhand, Ranchi-834004.
3. Tender of work will be opened at office of the Chief Engineer. N.H. Wing, Jharkhand, Ranchi on dated **09.02.2024** at 3:00 PM
4. Time of Completion for said work may be read as **3 (Three) months** instead of 4 (Four) months.

All other conditions of NIT will remain unchanged.

Executive Engineer
National Highway Division,Medininagar

PR 316429 District(23-24).D

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा
Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com

लोकसभा/विधानसभा आम निर्वाचन–2024 हेतु निविदा आमंत्रण की आम सूचना

आसन्न लोक सभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव–2024 में उपयोग होने वाले **अल्पाहार व भोजन/कम्प्यूटर/फोटोकॉपियर/ प्रिंटर/लेपटॉप/ डेस्कटॉप/कार्टेज इत्यादि/मतदान सामग्री/ मुद्रण सामग्री/कार्यालय उपयोगी सामग्री/ टेन्ट सामियाना, लाईट तथा साउण्ड इत्यादि/ विडियोग्राफी/फोटोग्राफी/CCTV** के लिए दर निर्धारण एवं सेवा प्राप्ति हेतु विभागीय वेबसाईट **https://jharkhandtenders.gov.in** में ई–निविदा आमंत्रित की गई है। दिनांक–03.02.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक इच्छुक निविदादाता ई–निविदा समर्पित कर सकते है। प्राप्त ई–निविदा दिनांक–05.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे समाहरणालय सभागार, चतरा में खोला जाएगा। सामग्रियों की विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते चतरा जिला के विभागीय वेबसाईट www.chatra.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR 316408 Election(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–पुनर्निविदा संख्या – 10/RII/2023-24/RWD/GARHWAदिनांक – 17.01.2024

1.कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या		कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में)	प्राक्कलित राशि अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि
1	काण्डी	RWD/GARHWA/STPKG/05/ 2023-24	1	श्रीनगर–दारीडीह–डुमरसोता बस्ती से बजरंग बली होते मुख्य पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (4.75 कि0मी0)	1296.785	बारह करोड़ छियानबे लाख अठत्तर हजार पाँच सौ रूपये।	09 महीना
	काण्डी		2	बहेरवा मोड़ से नैनाबार होते हुए काण्डी भवनाथपुर मुख्य पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (2.25 कि0मी0)			
	काण्डी		3	सुन्डीपुर मोड बरकट से सुण्डीपुर हनुमान मंदिर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (1.40 कि0मी0)			
	काण्डी		4	शिवरी से पखनाहा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (2.00 कि0मी0)			
	बरडीहा		5	सेमरी सिमाना से नावाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (5.80 कि0मी0)			

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.02.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 316409 (Rural Work Department)23-24*D

कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

–: पाराभेट प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक सूचना :–

राज्यादेश संख्या 20रा0 (वि0) दिनांक 07.08.2023 एवं निदेशक पशुपालन झारखण्ड रॉची के पत्रांक 1666 नि0 दिनांक 24.11.2023 के आलोक में पाराभेट प्रशिक्षण कार्यक्रम 2023–24 के अन्तर्गत प्राथमिक पशुचिकित्सा विषय पर प्रशिक्षण शीध्र प्रारम्भ किया जाना है। पाराभेट प्रशिक्षण हेतु योग्य प्रशिक्षणार्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है।

अतः योग्य प्रशिक्षणार्थी संबंधित प्रखण्ड के पशुचिकित्सक के पास अपना आवेदन जमा कर सकते है।

पारा भेट प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षणार्थियों के चयन से संबंधित निम्न बाते अवलोकनीय है –

01. आवेदक को इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा इंटरमीडिएट (जीव विज्ञान) को प्राथमिकता दी जायेगी।
02. प्रथम आगत प्रथम निर्गत के आधार पर प्राप्त आवेदनों में से प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षत उपलब्ध कराया जायेगा।
03. चयनित प्रशिक्षणार्थियों में से 3% प्रशिक्षणार्थी दिव्यांग कोटि के होंगे।
04. पाराभेट प्रशिक्षण कुल 02 माह (60दिवसीय) का होगा, जिसमें 45 दिनों का सैद्धांतिक प्रशिक्षण तथा 15 दिनों का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रथम वर्गीय पशुचिकित्सालय/पशु शल्य चिकित्सालय में होगा।
05. रूपये 2000/– की गारंटी पर एक सेट First Aid Box उपलब्ध कराया जायेगा।

निवेदक –
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

PR 316476 District(23-24)#D

Government of Jharkhand, Rural Works Department
JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004

NOTICE INVITING TENDERS
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)

Re-eTender No.- 238/ 2023-24- **Ranchi, Dated:** 18.01.2024

PR No 314531 Dated 27.12.2023 (2nd Call)

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY-III).

Sr. No.	Package ID	District Name	Block name	WORK NAME	Road/ LSB	Cost of Const. and Maint. With GST (in Lakh)	Earnest Money (in Lakh)	Time Period
1.	JH-P3-23-24-KHU-02	Khunti	Murhu	T08-T07-Rugdi to Godatoli, Murhu (Khunti-Chaibasa Main Road NH-75E) via Kolme, Chichigara, Hethgoba Road (L- 18.65 KM)	Road	2250.32	45.00	15 Months
			Murhu	H.L Bridge over Local Nala in 9+585 KM, of T07-Rugdi to Godatoli, Murhu (Khunti-Chaibasa Main Road) (L-38.64 M)	LSB			
2.	JH-P3-23-24-PAL-01	Palamu	Chattarpur	MRL02-T03 Turkadih to Manandohar via Risyapa (L-7.90 KM)	Road	848.88	16.98	12 Months

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in.** The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.
Details of bid submission is as under:

Procurement Officer	Place of Opening	Availability of tender (on-line) for bidding		Last date and time of bid submission	Date & time of opening (on-line) of tender	
		From	To		Technical bid	Financial bid
1	2	3	4	6	8	9
Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi	Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi	**22.01.2024 at 10.00 AM**	**01.02.2024 upto 5.00 PM**	**02.02.2024 upto 5.00 PM**	**02.02.2024 at 05.30 PM**	To be informed later

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

Note :-

1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD, any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) / made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five working days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

Chief Engineer
JSRRDA, Ranchi

PR 316469 Rural Work Department (23-24)_D

क्रोध और आंधी दोनो एक समान ही होते है, क्योंकि दोनों के शांत होने के बाद ही पता चलता है कि नुकसान कितना हुआ है : अज्ञात

प्राण प्रतिष्ठा पर 'इंडी' गठबंधन का असमंजस

लोकसभा चुनाव की घोषणा कुछ महीने बाद होगी, पर देश की पूरी राजनीति इसके इर्द-गिर्द घूम रही है। इस समय राष्ट्रीय स्तर पर दो प्रमुख समूह भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन या राजग तथा 'इंडी'गठबंधन हैं। इन दो प्रमुख समूहों की स्थिति के आकलन से लोकसभा चुनाव की अस्पष्ट ही सही, लेकिन तस्वीर जरूर बन जाती है। भाजपा ने कहा है कि वह 2024 में 50 फीसदी वोट का लक्ष्य लेकर बढ़ रही है। जबकि, 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण ठुकराकर समय की धारा को फिर न पहचानने का प्रमाण दिया है। खुद कांग्रेस के कुछ नेताओं ने सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा निमंत्रण ठुकराने पर दुख भी प्रकट कर दिया है। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता तथा उनके नेतृत्व में भाजपा के सत्ता में आने का मूल कारण ही हिंदुत्व प्रेरित राष्ट्रीय चेतना तथा भारत को अपनी पहचान के साथ विश्व के उच्चतम शिखर पर देखने का जनता के अंदर पैदा हुआ प्रबल भाव ही था। 2004 में सत्ता में आने पर यूपीए अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी के प्रभाव में चलने वाली मनमोहन सिंह सरकार ने स्वयं को सेक्यूलर साबित करने के लिए सच्चर आयोग से लेकर अल्पसंख्यक मंत्रालय का गठन तथा रामसेतु और राम को कल्पना का विषय न्यायालय में बताकर अपनी स्थिति धीरे-धीरे कमजोर करनी शुरू कर दी थी। सत्ता से बाहर होने के बावजूद कांग्रेस, जिसका वास्तविक नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी के हाथों में दिखता है, प्रकारांतर से इस नीति को आगे बढ़ा रही है। एक ओर देश का राममय वातावरण और दूसरी ओर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तुलना करें, तो दिख जायेगा कि विचार के स्तर पर बिल्कुल दो धाराएं देश में बन चुकी हैं। 'इंडिया' गठबंधन अब तक एक इकाई नहीं बन सका है, जिसका प्रमाण बीती 12 जनवरी को आयोजित इसकी बैठक में भी मिला, जिसमें गठबंधन के कई प्रमुख नेता शामिल नहीं हुए। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के अंदर कोई विभाजन नहीं है।

वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता तथा उनके नेतृत्व में भाजपा के सत्ता में आने का मूल कारण ही हिंदुत्व प्रेरित राष्ट्रीय चेतना तथा भारत को अपनी पहचान के साथ विश्व के उच्चतम शिखर पर देखने का जनता के अंदर पैदा हुआ प्रबल भाव ही था। 2004 में सत्ता में आने पर यूपीए अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी के प्रभाव में चलने वाली मनमोहन सिंह सरकार ने स्वयं को सेक्यूलर साबित करने के लिए सच्चर आयोग से लेकर अल्पसंख्यक मंत्रालय का गठन तथा रामसेतु और राम को कल्पना का विषय न्यायालय में बताकर अपनी स्थिति धीरे-धीरे कमजोर करनी शुरू कर दी थी।

चुनाव में नेतृत्व का चेहरा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। नरेंद्र मोदी के समानांतर विपक्ष में कोई नेता नहीं, जिसे जनता उनके समक्ष या बड़ा मान सके। 'इंडिया' गठबंधन में नेतृत्व को लेकर व्यापक मतभेद हैं, क्योंकि अनेक नेताओं की महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी तीसरी पारी में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2047 तक वैश्विक महाशक्ति बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। वहीं, विपक्ष मोदी, संघ और भाजपा विरोध की नीतियों तक सीमित है।

इन दिनों

भारत से लेकर सारी दुनिया हुई राममय

आरके सिन्हा



कई सप्ताह से पूरा विश्व उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रहा है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देश हों या फिर यूरोप, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया या जर्मनी से जापान तक सभी राममय हो रहे हैं। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक देखने को मिलेगा। फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को 'रामरथ यात्रा' का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पूरे यूरोप से हजारों लोग भाग लेंगे। इतना ही नहीं, एफिल टावर के पास भव्य उत्सव भी मनाया जायेगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट किया जायेगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन और दीपोत्सव किया जायेगा। अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैलियाँ आयोजित की जा रही हैं। दुनिया के 50 से अधिक देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इन देशों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव देखा जा सकेगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किये जाने की तैयारी है। न्यूयार्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा भी कि अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सिर्फ भारत ही नहीं, न्यूयार्क में दक्षिण एशियाई और इंडो कैरेबियाई समुदायों के हिंदुओं के लिए भी जश्न मनाने का मौका है। प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर नेपाल से 3 हजार से अधिक उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। जनकपुर से सीताजी के लिए साड़ी, चांदी के जूते, आभूषण आदि उपहार भेजे गये। श्रीलंका ने अशोक वाटिका से विशेष पत्थर अयोध्या भेजा है। मॉरिशस ने तो अपने यहां 22 जनवरी को अवकाश भी घोषित किया है। बकायदा, 2 घंटे का विशेष अवकाश पूजा पाठ के लिए प्रदान किया गया है। राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में कुल 7 हजार से अधिक मेहमान शामिल होंगे। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी होंगे। गेस्ट लिस्ट में अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका सहित 53 देशों के मेहमान शामिल हैं। मुस्लिम बहुल देशों में भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों में उत्साह है। इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण किया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। वहां विभिन्न धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। इनमें शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ आदि के आयोजन शामिल हैं। दरअसल, राम भारत ही नहीं विश्व चेतना के आधार हैं। विश्व इतिहास और विश्व साहित्य में भी राम और रामकथा बहुप्राचीन एवं बहुप्रचलित है। इंडोनेशिया में 'काकाविन रामायण', जापान में 'होबुत्सुशू', थाइलैंड में 'रामकियेन', म्यांमार में 'रामवस्तु', 'राम-ताज्या', 'राम- तात्यो', 'थिरी राम', 'पोन्तव राम' तथा 'थामाध्ये' (रामलीला नाटक), कम्बोडिया में 'रामकेर', फिलीपीन्स में 'महारादिया लावना', मलेशिया में 'मलय रामायण, 'हिकायत सेरी राम', लाओस में 'फालम', मंगोलिया में राम ग्रंथ प्रचलित और लोकप्रिय हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे प्राचीन और सर्वाधिक महत्वपूर्ण राम कथा केंद्रित कृति प्राचीन जापानी भाषा में विरचित रामायण का काबीन है, जिसकी तिथि नौवीं शताब्दी से भी पहले की है। लाओस के निवासी आज भी स्वयं को भारतवंशी मानते हैं। वे मानते हैं कि कलिंग युद्ध के बाद उनके पूर्वज इस क्षेत्र में आकर बस गये थे। लाओस की संस्कृति पर भारतीयता की गहरी छाप है। यहां रामकथा पर आधारित चार रचनाएं उपलब्ध है। दक्षिण पूर्व एशिया समेत अन्य देशों में रामकथा का व्यापक असर देखा जा सकता है। आम जनमानस की जिंदगी में राम के चरित्र की गहरी छाप दिखती है। इस बीच, अयोध्या से सैकड़ों किलोमीटर दूर राजधानी दिल्ली के अशोक विहार में भी राम लला के मंदिर जैसा ही एक राममंदिर का निर्माण हो रहा है। इन दोनों मंदिरों के आर्किटेक्ट सीबी सोमपुरा ही हैं। सोमपुरा जी को विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंघल अयोध्या (वीएचपी) लेकर गये थे ताकि वे रामलला के मंदिर का डिजाइन बनायें। फिर सोमपुरा जी ने ही अयोध्या के राममंदिर का डिजाइन बनाया। हालांकि दिल्ली के अशोक विहार के श्रीराम मंदिर की स्थापना तो 1975 में हो गई थी, पर इसका विस्तार आगे भी होता रहा। इसकी मैनेजमेंट से जुड़े हुए अशोक बंसल बताते हैं कि जब सोमपुरा जी और विश्व हिन्दू परिषद ने अयोध्या में राममंदिर का डिजाइन जारी किया तब हमने भी तय किया हमारे मंदिर का डिजाइन भी अयोध्या के राममंदिर की तर्ज पर ही रहेगा। इसकी अयोध्या के राममंदिर से एक समानता यह भी है कि यहां भी राजस्थान के बंसीपुर का लाल संगमरमर का गुलाबी पत्थर ही लगा है। इन दोनों मंदिरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा तो है ही। वे अयोध्या के रामलला के मंदिर के निर्माण पर शुरू से ही नजर रख रहे थे, तो उनकी प्रेरणा से अशोक विहार का राममंदिर भी बना। इस बात को यहां के पदाधिकारी भी मानते हैं। हां, दोनों में सिर्फ इतना अंतर है कि अशोक विहार का श्रीराम मंदिर स्थानाभाव के कारण छोटा है। जब आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा होगा,तब अशोक विहार के श्रीराम मंदिर में सुबह से ही सुंदर कांड और भजन के कार्यक्रम शुरू हो जायेंगा।

राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में कुल 7 हजार से अधिक मेहमान शामिल होंगे। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी होंगे। गेस्ट लिस्ट में अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका सहित 53 देशों के मेहमान शामिल हैं। मुस्लिम बहुल देशों में भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों में उत्साह है। इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण किया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। इनमें शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ आदि के आयोजन शामिल हैं।

आपकी बात

दवा बैंक बने

देवेश कु. घोष

जगदीश सिंह जग्गू और सपन कुमार गर्ग द्वारा कोकर स्थित निरामया अस्पताल को जीवन रक्षक दवा देने का समाचार बहुत अच्छा लगा । सामाजिक कार्यकर्ता द्वय का आस पास से इकट्ठा करके भी अस्पताल को दवाइयाँ उपलब्ध कराना प्रेरणा देता है । अमूमन घरों में बहुत सारी दवाइयाँ उपयोग के बाद रोगमुक्त हो जाने पर बची रह जाती हैं । क्या ऐसी दवाइयों का ह्यदवाई बैंकह्न नहीं बनाया जा सकता है ? मुहल्ले का कोई विश्वासी सामाजिक कार्यकर्ता अनुपयोगी या अतिरिक्त दवाइयों का घरों से संग्रह करे तो थोड़े से प्रयास से ह्यदवाई बैंकह्न बनाया जा सकता है । पुनः इन दवाइयों को सही और सेवा समर्पित अस्पतालों को मुहैया कराया जाए तो गरीबों का बहुत कल्याण हो सकता है ।

रिकॉर्ड ठंढ में बंद हो स्कूल

कृष्णा सिंह

पलामू सहित पूरे राज्य में कड़ाके की ठंढ पड़ रही है और दिन के दो बजे तक कुहासा छाया हुआ है ऐसे में अभिभावक बच्चों को स्कूल ना भेजें इससे अच्छा है कि दो तीन दिनों के लिए स्कूलों को बंद रखा जाए । सरकार को गरीबों के लिए अलाव जलाने की भी व्यवस्था करानी चाहिए। सबसे ज्यादा परेशानी मजदूर वर्ग के साथ रिक्शा चालकों को होती है उन्हें रात में ठहरने के लिए रैन बसेरे बने हुए हैं पर अपर्याप्त भी हैं और उनमें ताले लगे हुए हैं । रैन बसेरे राजधानी रांची सहित अन्य शहरों कस्बों में बनने चाहिए।

(अध्यक्ष मां महिला समिति फ्रेंड्स कॉलोनी,पंडरा रांची)

चौराहों पर जले अलाव

शीतलहर चरम पर है। इसके बाद भी मेदिनीनगर शहर के चौक-चौराहों पर अलाव नहीं जलने से आम जनमानस को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कड़ाके की ठंड से राहत पाने के लिये चौराहों के इर्द-गिर्द रहने वाले रिक्शा चालक, ठेला चालक, राहगीर आदि इधर-उधर से कूड़ा बीनकर राहत पाने को विवश हैं। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा अभी ठंड से राहत के आसार नहीं है। ऐसे में रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव सहित शहर के प्रमुख चौराहों पर तत्काल अलाव का प्रबंध किया जाना निहायत जरूरी है। अन्यथा अप्रिय घटना की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। **- दीपक कुमार मेदिनीनगर**

संगीत की दुनिया

वर्जिनिटी व चेस्टिटी के विचार ने किया महिला का बेड़ा गर्क

प्रवीण प्रियदर्शी

वर्जिनिटी व चेस्टिटी के विचार ने किया महिला का बेड़ा गर्क प्रवीण प्रियदर्शी आदि मानव काल के बाद जैसे ही मनुष्य ने व्यवस्थित गृहस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाया वैसे ही महिलाओं की सामाजिक स्थिति कमजोर होने लगी। महिलाओं पर पुरुष का वर्चस्व बढ़ने लगा और उनके लिए नये-नये मापदंड गढ़े जाने लगे। सामाजिक प्राणी के रूप में यौनता पुरुष और महिलाओं का नैसर्गिक गुण रहा, प्रारंभिक काल में यौन आवश्यकता पूरी करने में शायद कोई पाबंदी भी नहीं रही होगी। लेकिन गृहस्थ जीवन ने एक नई व्यवस्था गढी शुरू कर दी। इसमें महिलाओं के सामने नीत नई वर्जानाओं की सीमा रेखा खींची जाने लगी। महिला की शारीरिक संरचना, विशिष्टता या सीमाओं का पुरुष ने बड़ी चालाकी से और कभी-कभी तो 'ब्रूट फोर्स' से अपने पक्ष में इस्तेमाल किया और महिला को घर में समेटने में सफल रहे। घर में सीमटते ही स्त्री... पुरुष की मिलकियत बन गई, उसके आर्थिक प्रयास-क्षमता व विशिष्टता को भी पुरुष ने अपनी मिलकियत का हिस्सा बना लिया। वहीं लज्जा, कौमार्य और सुचिता जैसे शब्द आकार लेने लगे। उन कालों के सामाजिक संघर्ष में सुरक्षा के नाम पर इन शब्दों को मजबूत किया गया और महिला को पुरुष और परिवार के सम्मान से जोड़ दिया गया। लज्जा, कौमार्य, सुचिता और पुरुष या पारिवारिक सम्मान का मान बिंदू बनते ही महिला की दुनिया बदल गई। अब वह पुरी तरह पुरुष के अधीन हो गई। उसकी अस्मिता ही खत्म कर दी गई, उसकी शिक्षा, सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक अधिकारों को दोयम माना जाने लगा। हर समाज ने उनके लिए ऐसे-ऐसे नियम-कानून बनाये की खुद को मानव और विवेकशील कहने में शर्म महसूस होने लगे। इस पुरुषवादी विभत्सता ने आधी आबादी की नैसर्गिकता पर ही हमला कर दिया। विचारशील प्राणी को हंसने-बोलने वाली गुड़िया बनाने के इस कुत्सित प्रयास ने मानवता के खिलाफ ऐसा जुर्म किया जिसका कोई प्रायश्चित नहीं। इसके साथ ही महिला के अधिकार और उनके प्रति नजरिया में तत्कालीन समाज में व्यापक परिवर्तन हुआ।

महिला की शारीरिक संरचना, विशिष्टता या सीमाओं का पुरुष ने बड़ी चालाकी से और कभी-कभी तो 'ब्रूट फोर्स' से अपने पक्ष में इस्तेमाल किया और महिला को घर में समेटने में सफल रहे।

बोधि वृक्ष

कैलाश पर्वत की कथा, इतिहास व रहस्य

इसी नदी के किनारे रावण ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी। राक्षसताल झील दुनिया की सबसे ऊँची खारे पानी की झील है। कैलाश पर्वत की चोटियों पर स्थिति मानसरोवर झील की लम्बाई 320 मीटर है। मानसरोवर झील का आकर सुर्यकार है। राक्षसताल झील की लम्बाई 225 मीटर है और इसका आकार चंद्राकार है। कैलाश पर्वत को इस संसार का मध्यम भाग माना जाता है। माना जाता है कि इस पर्वत से ही दिशाओ को ज्ञान किया जाता है तथा इसका आकार ही चुराभुजा है। जिससे दिशाओ को ज्ञान करना आसान हो जाता है। इस पर्वत का उपरी भाग बर्फ से ढका रहता है, जिस कारण ये सफेद दिखाई देता है। इस पर्वत की यात्रा के दौरान यमराज नामक चोटी आती है। इस चोटी से कैलाश पर्वत की परिक्रमा प्रारंभ की जाती है और लगभग 50 किलोमीटर लम्बी यात्रा तय करने के बाद वापस यमराज के पास पहुंचते है। यानि एक परिक्रमा पूर्ण होती है। इस स्थान का नाम यमराज इसलिए दिया गया क्योकि इस जगह पर यमराज रहते थे और कई लोग दावा करते है कि आज भी इस स्थान पर यमराज विराजित है। जैन धर्म के धर्मग्रन्थ के अनुसार जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभ देव तथा बौध धर्मग्रथ के अनुसार भगवान बुद्ध का निवास स्थल है। माना जाता है, कि इस पर्वत पर पवित्र आत्माएं ही जा सकती है। ये पर्वत पर अनेक ऋषि मुनियों की तपभूमि है। तिब्बत चीन का अधीन है। इसलिए चीन ने इस पर्वत को फतह करने के लिए अनेको प्रयास किये पर आज तक इस पर्वत पर कोई नहीं चढ़ पाया है। पर्वतारोहियों का मानना है कि इस पर्वत की चढ़ाई चढ़ने पर व्यक्ति दिशा का ज्ञान भूल जाता है। तथा भावनात्मक रूप से क्षीण जाता है। कई यात्रियों का मानना है कि इस पर्वत पर अलौकिक शक्तियों का वास है। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से

X - से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

अवध में श्रीराम बिराजें- 12

।।।। जीवन में पुरुषोत्तम की पदयात्रा ।।।।

प्रवीण प्रियदर्शी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

दार्शनिक लाओत्से का विचार है कि जो श्रेष्ठता छिनी जा सके, उसे हम श्रेष्ठ या महान नहीं कह सकते। श्रेष्ठता किसी भी बाहय वस्तु या कारण पर निर्भर नहीं है। हम श्रेष्ठ है, क्योंकि हमारे पास शक्ति है। हम महान हैं, क्योंकि हमारे पास पद है। लेकिन ये सब श्रेष्ठता के पैमाने नहीं हैं। अपने आंतरिक गुणों एवं शक्तियों के कारण हम श्रेष्ठ बनते हैं। प्रकृति खुद पदयात्रा करती है और साथ में सारे सजीव एवं निर्जीव कार्यशील हो जाते हैं। फिर एक पड़ाव पर प्रकृति सबको छोड़ देती है। अब उस पड़ाव से उठना हमारे प्रयास पर निर्भर करता है कि हम ऊपर उठना चाहते हैं या जैसा पैदा हुए वैसा ही मर जाना है। उस पड़ाव पर मनुष्य का विकास हमारे आंतरिक गुणों, संभावना एवं अवसर के प्रति सचेत एवं सजगता पर निर्भर करता है। मनुष्य के देह भर पाने से कोई मनुष्तव नहीं होता जाता है। उसे श्रेष्ठ बनना होता है। इसके लिए यात्रा करनी पड़ती है। और यह पदयात्रा जीवन भर चलती रहती है। जीवन में पुरुषोत्तम बनाना आसान नहीं होता है। मानव जीवन में शिखर पर पहुंचने के लिए पदयात्रा करनी होती है। बाह्य यात्रा जिसमें अनगिनत सत्य मिलते हैं और अंतर्यात्रा जिसमें उन सत्य के आधार पर जीवन को दिशा देना होता है। श्रीराम का जीवन हमारे लिए पुरुषोत्तम की यात्रा का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है। श्रीराम खुद विष्णु के अवतार हैं। भारतवर्ष के सर्वश्रेष्ठ राज्य अयोध्या के राजकुमार हैं। उनके लिए हरेक चीज सहज ही वरेण्य है। बावजूद इसके वे 15 वें वर्ष में दशरथ से अनुमति लेकर तीर्थाटन के माध्यम से देश की यात्रा की। भारत की सांस्कृतिक आत्मा की तलाश की। इन यात्राओं के बाद वे लौटकर का आते हैं, तो अंतर्विवेक को उपलब्ध हो जाते हैं, उनमें वैराग्य उत्पन्न होता हैं। फिर राम एक तार्किक वैज्ञानिक की तरह चिंतन करते है, जहां वे विज्ञान से अध्यात्म की शिखर पर पहुंच जाते है। श्रीमदभागवदगीता के पूर्व योगवशिष्ठ ऐसे ही विचार मंथन की महान पुस्तक है। इसके बाद उनके जीवन के विभिन्न चरणों में भारत के महान ऋषियों यथा- वशिष्ट, विश्वामित्र, गौतम, भारद्वाज, कण्व, परशुराम, अगस्त्य, अत्रि जैसे गुरुओं का मार्गदर्शन मिला। तब राम के साथ एक पूरा समाज सांस्कृतिक रूपांतरण की विराट प्रक्रिया का साझीदार होकर जीवंत हो उठता है। पुरुषोत्तम की पदयात्रा को जिस प्रकार श्री राम ने अपने विचार और विवेक के धरातल पर

मनुष्य के देह भर पाने से कोई मनुष्तव नहीं होता जाता है। उसे श्रेष्ठ बनना होता है। इसके लिए यात्रा करनी पड़ती है। और यह पदयात्रा जीवन भर चलती रहती है। जीवन में पुरुषोत्तम बनाना आसान नहीं होता है।

टेक वर्ल्ड

5 जी इस्तेमाल के आधार पर भारत टॉप 3 देशों में शामिल

हालांकि, उनकी घोषमा के अनुसार, 5जी नेटवर्क रोल आउट लक्ष्य पूरा होने के बाद निवेश कम हो जाएगा। नोकिया 6जी लैब का उद्देश्य 6जी तकनीक पर आधारित टेक्नोलॉजी और उनके कई प्रकार के उपयोग के विकास में तेजी लाना है। भारत ने 65 जी तकनीक पर पहले ही 200 से ज्यादा पेटेंट हासिल कर लिए हैं।

(समाप्त)

भारत के पहले ह्यूमन स्पेस

ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान स्पेसक्राफ्ट अगले साल दिसंबर में लॉन्च किया जायेगा। इसरो ने बताया कि जल्द ही इस मिशन के लिए मानव रहित फ्लाइट टेस्ट शुरू किये जायेंगे। देश के पहले ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान स्पेसक्राफ्ट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। ये मिशन अगले साल दिसंबर में लॉन्च किया जायेगा। इसरो ने बताया कि जल्द ही इस मिशन के लिए मानव रहित फ्लाइट टेस्ट शुरू किये जायेंगे। हाल ही में इसरो ने चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक पूरा किया था। इस दौरान इसरो ने ट्वीट कर बताया कि, गगनयान मिशन के लिए मानव रहित फ्लाइट टेस्ट शुरू किये जायेंगे। क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को दिखाने वाले फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1के लिए तैयारी की जा रही है। गगनयान प्रोजेक्ट से धरती से लगभग 400 किलमीटर दूर एक सर्कुलर ऑर्बिट में दो से तीन सदस्यों के क्रू को एक से तीन दिक ले जाने और वापस सुरक्षित धरती पर लाने की भारत की क्षमता का प्रदर्शन किया जायेगा। वहीं गगनयान भारतीय समुद्री सीमा में एक तय लोकेशन पर लैंड करेगा। इसरो ने कहा कि इस टेस्ट फ्लाइट की सफलता से बाकी के क्वालिफिकेशन टेस्ट्स और मानव रहित मिशंस के लिए रास्ता तय होगा। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

मेले से गुम हुई बच्ची सकुशल बरामद

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलबल में लगे दस दिवसीय पशु मेला से बुधवार कोगुम हुई पांच वर्षीय बच्ची मिली ग्रामीण के घर सकुशल। मिली जानकारी के अनुसार गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेयटांड निवासी कमलेश भुइयां की पांच वर्षीय पुत्री मंजू कुमारी अचान मेले से गुम हो गई। जिसकी जानकारी परिजनों ने मंदिर प्रबंधन समिति को दी। वहीं 22 घंटे बाद पास के बांय गांव के चेतो गंझू के घर से बच्ची सकुशल मिली। जिसे चेतो गंझू ने मेला प्रबंधन समिति को सौप दिया। इसके बाद प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उसके परिजनों को सौप दिया। बताया गया कि बच्ची बलबल मेले से अकेले बिछड़ कर कुछ दूर चली गयी थी। इसके बाद चेतो गंझू के पुत्री के साथ उसके घर बांय चली गयी।

बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं के विरुद्ध चलाया गया अभियान

टंडवा। अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वाले व बकायेदारों के विरुद्ध गुरुवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के तेलियाडीह, मधवापुर तथा किसुनपुर में विद्युत विभाग ने छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान कनीय अभियंता द्वारा ग्यारह लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसमें तेलियाडीह के प्रभु साव पर 37440, देवनारायण साव 13498, विशेश्वर साव 13241, बाबुलाल साव 27177, जगन साव 7308, किशुनपुर के विनोद राम 3654, लक्ष्मण राम 7122, तापेश्वर राम 43743, अशेश्वर कुमार 7308, लुकन महतो 31966, विशुन महतो 21335 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि तय की गई है। बहरहाल विभाग के छापेमारी अभियान से बिजली चोरी करने वाले लोगों व बकायेदारों में हड़कंप मच गया है।

डैम संघर्ष समिति का कार्यक्रम आज

बरवाडीह। प्रखंड की मोरवाई पंचायत में मंडल मुख्य सड़क निर्माण, मंडल डैम को अविलंब चालू करने, मंडल डैम के विस्थापितों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को मंडल हाई स्कूल मैदान परिसर में आयोजित सभा में मुख्य वक्ता के रूप मे भारतीय किसान संघ के नेता राकेश सिंह टिकैत शामिल होंगे। कार्यक्रम से पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कमेटी के सदस्यों के साथ कार्यक्रम स्थल एवं मंडल डैम का भी निरीक्षण स्थल का निरीक्षण किया।

बैठक आज

बारियातु। प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार परिसर में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित करने को लेकर शुक्रवार को बैठक रखी गई है। बीडीओ प्रतिमा ने सभी राजनीतीक दलों, पंचायत प्रतिनिधियों, प्रखंड कर्मियों से ससमय बैठक में पहुंचने की अपील की है।

अक्षत का वितरण

पत्थलगड़ा। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत का पत्थलगड़ा प्रखंड में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में वितरण किया गया। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री सह कार्यक्रम प्रमुख मृत्युंजय कुमार ने बताया कि प्रखंड के एक-एक हिंदू परिवार के घरों तक अयोध्या से आए पूजित अक्षत का सघन अभियान चलाकर वितरण किया गया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को डीसी ने झंडी दिखा किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर 15 फरवरी 2024 तक जिला में एक माह तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा माह जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही पूरे माह भर संचालित जागरूकता अभियान के दौरान जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित कर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ विभाग, विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे। मौके पर पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार मौजूद थे।

विद्यालय की वर्षगांठ पर चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

सिमरिया। शीला में संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर गुरुवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को यातायात के नियमों से अवगत कराया गया। बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चलाने वालों को गुलाब का फूल एवं हेलमेट दिया गया। वहीं चार पहिया वाहन चालककों से सीट बेल्ट बांधकर चलाने को जागरूक किया गया। शीला ओपी प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने लोगों से अपील किया कि हेलमेट पहनकर एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट बांधकर चलें। विद्यालय के संचालक रामदेव कुशवाहा एवं प्रधानाचार्य सिकंदर कुमार राज ने बताया कि विद्यालय द्वारा इस तरह के जागरूकता अभियान हमेशा चलाए जाते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता भोला सिंह ने बताया कि विद्यालय के द्वारा चलाए गए इस अभियान से लोगों के बिच जागरूकता फैलेगी।

कस्तूरबा विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी में विभिन्न बिंदुओं पर की गई चर्चा

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थिज कस्तूरबा गांधी बालिका आवासिय विद्यालय में गुरुवार को अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता वार्डन बिंदु पोद्दार ने किया। बैठक में शैक्षणिक शस्त्र 2024-25 में नामांकन की तिथि 30 जनवरी तक बढ़ाते हुए 30 जनवरी तक आवेदन प्राप्त करने की जानकारी दी गई। साथ ही शत प्रतिशत छात्राओं की उपस्थिति पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में अभिभावकों को पोक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। जबकि प्रयास कार्यक्रम, रेलवे प्रोजेक्ट के बारे में भी विस्तार से बताया गया। आत्मरक्षा को लेकर छात्राओं को ताई कमांडो का प्रशिक्षण देने का भी निर्णय लिया गया। व्यावसायिक शिक्षा के तहत छात्राओं को ब्यूटीशियन, सिलाई बुनाई कढ़ाई की प्रशिक्षण की व्यवस्था भी करने की बात कही गई। बैठक में निर्धारित समय तक पाठ्यक्रम पूरा करने पर अभिभावकों ने जोर दिया। बैठक में शिक्षिका मंजू कुमारी, अमरदीप सिन्हा, शोभा कुमारी, अंजू देवी, समा प्रवीण, राजीव साव सहित अन्य उपस्थित थे।

शेरगड़ा में तनाव खत्म करने के लिए हुई पहल

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

उपायुक्त के निर्देश पर जिला के कार्यपालक दंडाधिकारी अनिल मिंज व भूअर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में दोनों समुदाय के मानिंद लोगों के बीच प्रखंड कार्यालय सभागार में वृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से शांति समिति की बैठक की गई तथा दोनों समुदाय के लोगों से बात कर शांति बनाए रखने के लिए अपील की गई ताकि दोनों समुदाय में आपसी भाईचारा बानी रहे। कार्यपालक डंडाधिकारी ने दोनों समुदायों से कहा कि आपलोग आपस में शुक्रवार को एक आपसी बैठक करके यह सुनिश्चित कर लें कि दोनों समुदाय पहले जैसे मिलजुल कर रहते आये हैं वैसे ही रहेंगे। इसके बाद एक शांति समिति की बैठक दोनों समुदाय के चुने हुए स्थान शेरेगड़ा के हाई स्कूल के प्रांगण में अपराह्न दो बजे जिला के अधिकारियों के साथ कि जाएगी, जिसमें दोनों समुदाय के लोगो के बीच समझौता करके मामले का पटाक्षेप किया जाएगा। साथ दोनों समुदाय से अधिकारियों ने अपील किया है कि किसी भी कीमत में सौहार्द में कडुवाहट नही रहनी चाहिए। दोनों समुदाय के लोगो ने अधिकारियों को अशस्वस्त किया है कि दोनों समुदाय के लोग अपने अपने लोगो को किसी भी अफवाह से बचने सलाह देंगे। मौके पर सीओ तृप्ति विजया कुजूर बीडीओ सोमा उरांव थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार महतो पुअनि राहुल मेहता, उप प्रमुख कामेश्वर राम, शेरेगड़ा ग्राम से मोहमद मुजम्मिल, लखन राणा, जीतू साव, चंद्रमोहन यादव, श्यामसुंदर यादव, मो. मिनहाज मो. नईम गंगेश्वर यादव देवशरण पांडेय पूर्व पंचायत समिति सदस्य सहेंद्र राम सहित दोनों ओर से कई गणमान्य लोग शामिल थे। ज्ञात हो कि कोयला लोडिंग फॉरमैट को लेकर दो गुटों में झड़प हुई थी इसके बाद सोमवार से ही शेरेगड़ा बाजार बंद है।

11 विस्थापितों को मिला लंबित मुआवजा

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

प्रखंड क्षेत्र स्थित सीसीएल द्वारा संचालित तेतरिया खाड कोलियरी के 11 लाभुकों को लंबित पड़े मुआवजा का भुगतान बुधवार को बालूमाथ सीसीएल कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी के एल यादव, डिस्पैच मैनेजर राकेश बेहरा भूमि एंड राजस्व विभाग के सीनियर मैनेजर एसएन प्रसाद एवं विस्थापित नेता गिरधारी यादव ने संयुक्त रूप से 11 लाभुकों वासुदेव गंझू, पनवा मसोमात झारी गंझू, शिवरतिया मसोमात, डहरू गंझू, शंकर गंझू, गणेश गंझू, मंगरु गंझू, चरकु गंझू, झर्मेंद्र गंझू, रतनी मसोमात के बीच चेक के माध्यम से का भुगतान किया गया। परियोजना पदाधिकारी केएल यादव ने बताया कि इन लोगों की मुआवजा राशि वर्ष 2009 में ही सीसीएल ने मंजूरी कर ली थी। लेकिन इनके द्वारा मुआवजा संबंधी कागजात नहीं देने देने से मुआवजा की राशि वापस चली गई थी। मौके पर सीसीएल कर्मी सुखदेव भगत, मंदीप कुमार बाबूलाल कुमार के कई कर्मचारी मौजूद थे।

डीएमएफटी की प्रबंधकीय समिति की हुई बैठक

लातेहार। उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के प्रबंधकीय समिति की बैठक हुई। बैठक में अनुमोदन हेतु 13 योजनाएं प्रस्तुत किया। समिति के द्वारा विचार-विमर्श के उपरांत 13 प्रस्तावित योजनाओं को अनुमोदित किया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी जितेंद्र गुप्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

हाड़ कंपाती ठंड से जनजीवन प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

जिले में पिछले दो दिनों से हाड़ कंपा देने वाली ठंड के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। आदमी तो आदमी जानवरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शहर और ग्रामीण क्षेत्र के चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है ताकि ठंड से किसी भी व्यक्ति को परेशानी का सामना करना ना पड़े। वहीं सुबह से ही बोरसी एवं अलाव की व्यवस्था कर लोग आग तापते नजर आ रहे हैं। ठंड का ज्यादा असर बुजुर्गों को हो रहा है। उनका कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा जो कंबल का वितरण किया गया था उसका लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों को नहीं मिल पाया है। इस कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम में बदलाव होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

बारियातु। प्रखंड क्षेत्र में ठंड का प्रकोप जारी है। गुरुवार को मौसम में हुए बदलाव के बाद पूरे दिन कोहरा छाया रहा और शीतलहर से लोग कंपकंपाते दिखे। प्रखंड मुख्यालय के अलावा बालुभांग, फुलसु, साल्वे, टोंटी,अमरवाडीह, शिबला, गोनिया पंचायत के अलावा सड़क पर आते जाते राहगीर भी पूरे दिन ठिठुरे रहे और जहां तहां अलाव आदि से शरीर को गरमाते नजर आए। दिन भर घना कोहरा के कारण वाहनों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। दूसरी ओर कड़ाके की पड़ रही ठंड के चलते जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया। लुढ़क रहे तापमान के बीच कनकनी ने लोगों को बेहाल कर दिया है।

बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया ऋण वसूली शिविर

टंडवा। बैंक ऑफ इंडिया टंडवा द्वारा गुरुवार को प्रदोष कुमार, अरस्य कुमार व संजय कुमार की उपस्थित में पंचायत भवन में लोक अदालत सह ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1374000 हजार रुपये ऋण का सेटलमेंट किया गया। शिविर में क्षेत्रीय डायरेक्टर रिकवरी मुख्य प्रबंधक शिवाजी भारद्वाज, शाखा प्रबंधक शिविर चौरिया, उप शाखा प्रबंधक धीरंजन कुमार मौजूद थे।

रास सांसद प्रतिनिधि ने बांटा कंबल

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा

प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही हाड़ कंपाने वाली ठंड से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुवार को राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने अलौदिया पंचायत के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इसके लिए राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा कंबल उपलब्ध कराया गया था। कंबल पाकर लोग काफी खुश दिखे। खान ने कहा कि सांसद धीरज प्रसाद साहू हमेशा प्रयासरत रहते हैं कि गरीब, असहाय जरुरतमंद लोगों की वे सेवा कर सके। वह बराबर कहते हैं कि गरीबों के बीच रहें और जितना बन पाए लोगों की सहायता करें। गरीबों की सेवा से बड़ा दुनिया में कुछ भी कार्य नहीं है। कंबल पाने वालों में भोला साव, सरधो देवी, मंजू देवी, लीला देवी, सकुंतला देवी, गंदौरी साव, सेवक साव, चरका बैठा, अनुराधा देवी, जुलेखा खातून, झालो देवी, सावीत्री देवी, हरि साव, संजू कुमारी, ईस्राईल टेलर, राखी देवी, मलीजान खान, रीता देवी, देवती देवी इत्यादि शामिल थे।

योजनाओं को समय सीमा के अंदर पूर्ण कराने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद से जिले में संचालित विकास योजनाओं के प्रगति को लेकर कार्यकारिणी एजेंसी के साथ समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से अमृत सरोवर योजना अंतर्गत तालाब निर्माण, स्वीकृत योजनाओं के विरूद्ध कार्यारम्भ की समीक्षा, विद्यालय भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण एवं मरम्मति, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं व पूर्ण किए गए योजनाओं समेत अन्य की बिन्दुवार समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा, लघु सिंचाई, जिला परिषद, भवन प्रण्मडल, कृषि विभाग समेत अन्य कार्यकारिणी एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा संचालित विकास योजनाओं में अनियमित्ता या किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। पूर्व में अनुमोदित हो चुकी योजना और अभी तक टेंडर या किसी कारणवश लंबित है उसके सभी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए धरातल पर लायें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, सभी क्रियान्वयण एजेंसी के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान के क्रियान्वयन लेकर बैठक आयोजित

लातेहार। उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में स्पर्श -कुष्ट जागरूकता अभियान -2024 के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने सिविल सर्जन से स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान की रुपरेखा के बारे में जानकारी ली। सिविल सर्जन ने बताया कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान के तहत लोगों को कुष्ट के लक्षण एवं इलाज के बारे में जानकारी दी जाएगी।

कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

–: आम सूचना:–

भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित योजना LHDCP योजनान्तर्गत पलामू जिला में FMD बीमारी की रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 कार्यक्रम (Round 3) दिनांक 16.01.2024 से 31.03.2024 तक योग्य गोवंशीय पशुओं (गाय, बैल, बाछा, बाछी) एवं भैसजाति के पशुओं (भैंस, काडा, पाडा, पाडी) में खुरहा–मुँहपका रोग के नियंत्रण हेत निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाना जा रहा है।

खुरहा–मुँहपका रोग मुख्यता गोवंशीय एवं भैंसजाति के पशुओं मे होनेवाली एक गंभीर संक्रामक विषाणु जनित रोग है। इस रोग से आक्रंत पशुओं में तेज बुखार के साथ भूख न लगना, सुस्ती, मुँह से अत्यधिक लार का श्राव, मसूडे एवं जीभ में छाले पड जाना खुर में घाव होना, थन एवं बाट में फफोले, दुग्ध उत्पादन में अत्यधिक कमी गांभिन गायों/भैंसों में गर्भपात आदि प्रमुख लक्षण है। इस रोग का कोई त्वरित उपचार नहीं है। यह छुआ–छूत रोग होने के कारण स्वस्थ पशुओं में इस रोग का तेजी से फैलाव होता है।

अतः सभी पशुपालकों से आग्रह है कि प्राईवेट वेक्सीनेटरो द्वारा किये जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम में पशु स्वामी द्वारा आधार नं0 एवं मोबाईल नं0 उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा ताकि पशुओं का पंजीकरण, टैगिंग Online भारत पशुधन App में किया जा सके अधिक से अधिक पशुओं में खुरहा–मुँहपका रोग का टीकाकरण अवश्य कराए एवं इस अवसर का लाभ उठाए ताकि पशुधन को सुरक्षित करते हुए आर्थिक क्षति से बचाव हो सके।

टेग नहीं तो टीका नहीं।
जन–जन तक संदेश पहुचाना है।
खुरहा–मुँहपका रोग को जड से मिटाना है।

निवेदक –
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू

PR 316370 (District)23-24*D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 06/2023-24/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 18.01.2024

क्र0	आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)		कार्य समाप्ति की तिथि
			अंक में	अक्षर में	
1	RWD/LATEHAR/10/2023-24	बरवाडीह रेलवे क्रॉसिंग (चमरडीहा) से लंका होते हुए मंगरा रोड तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 5.580 कि0मी0)	474.949	चार करोड़ चौहत्तर लाख चौरानवे हजार नौ सौ रूपये मात्र।	15 माह
2	RWD/LATEHAR/11/2023-24	ग्राम पंचायत केड़ में ग्राम गाड़ी पी0डब्लू0डी0 पथ से चटनाही, लुकुमखाड़ होते हुए कृष्णा प्रजापति के घर तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 1.500 कि0मी0)	180.244	एक करोड़ अस्सी लाख चौबीस हजार चार सौ रूपये मात्र।	12 माह
3	RWD/LATEHAR/12/2023-24	ग्राम पंचायत कुचिला में पंचायत सचिवालय से बरवागड़ा उत्क्रमित मध्य विद्यालय तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 1.800 कि0मी0)	205.223	दो करोड़ पॉच लाख बाईस हजार तीन सौ रूपये मात्र।	12 माह
4	RWD/LATEHAR/13/2023-24	ग्राम केड में पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ से लक्ष्मण सिंह के घर होते हुए औरंगा नदी तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 2.600 कि0मी0)	389.801	तीन करोड़ नवासी लाख अस्सी हजार एक सौ रूपये मात्र।	15 माह
5	RWD/LATEHAR/14/2023-24	ग्राम पंचायत परसही में स्कूल से पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ चाहर तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 1.400 कि0मी0)	198.668	एक करोड़ अन्ठानवे लाख छियासठ हजार आठ सौ रूपये मात्र।	12 माह

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 25.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 12.02.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।

ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 316472 REO(23-24).D

तैयारी 26 जनवरी के समारोह को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की बैठक

गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन की समय सारिणी तय

नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर

प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को प्रभारी बीडीओ हरिनाथ महतो ने जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक पार्टी कार्यकर्ताओं व प्रखंड कर्मियों के साथ गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर बैठक की, जिसमें गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन को लेकर समय सारणी का निर्धारण पर चर्चा करते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सुबह 9 बजकर 15 मिनट, सिंगलविंडो सेंटर में 9:20, थाना परिसर में 9:40, सभी पंचायत भवन में 9:30, स्वास्थ्य केंद्र में 9:45, प्लस 2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में 10:00 बजे, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में सुबह 10:15 में झंडोत्तोलन के समय सीमा का निर्धारण किया गया। बैठक में प्रमुख अनिता यादव, उपप्रमुख प्रितम यादव, मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, बालेश्वर यादव, मुखिया जगदीश यादव, निर्मला देवी, बसंत कुमार सिंह, रामदेव यादव, पंचायत सचिव उज्ज्वल सिंह, डिंगम्बर पांडेय, प्रियंका प्रिया, चितरंजन शर्मा, डॉ. अनुप्रिया सहित अन्य उपस्थित थे।

25 जनवरी को मनाया जाएगा मतदाता दिवस

गिद्धौर। प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक की। इसमें 22 जनवरी को मतदाता सूची प्रकाशन करने के साथ 25 जनवरी को प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता दिवस मनाने का निर्देश दिया गया। जबकि मतदाता दिवस को लेकर अभी से ही तैयारी शुरू करने व कार्यक्रम के प्रचार प्रसार पर भी बल दिया गया। वहीं मताधिकार के प्रयोग करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। बैठक में सुपरवाइजर तरुण, पर्यवेक्षक दिगंबर पांडेय मौजूद थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

कैबिनेट ने 16वें वित्त आयोग के लिए 3 पदों के सृजन को मंजूरी दी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग के लिए संयुक्त सचिव के स्तर पर तीन पदों के सृजन को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग के लिए संयुक्त सचिव के स्तर पर तीन पदों, जिनमें संयुक्त सचिव के दो पद और आर्थिक सलाहकार के एक पद के सृजन को मंजूरी दी है, जिसका गठन 31 दिसंबर, 2023 की अधिसूचना द्वारा संविधान के अनुच्छेद 280 के अनुसरण में किया गया था। नए सृजित पदों को आयोग को अपने कार्यों को पूरा करने में सहायता करने की आवश्यकता है। आयोग में अन्य सभी पद प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप पहले ही सृजित किये जा चुके हैं।

ईडी के सामने पेश नहीं होंगे केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल गुरुवार को भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल का कहना है कि उन्हें राजनीतिक कारणों से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है। भाजपा उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले जेल भेजने की साजिश रच रही है। ईडी ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए चौथी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को गुरुवार को पेश होने के लिए नोटिस भेजा था। सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल ने ईडी के नोटिस का लिखित में जवाब दिया है। इसमें उन्होंने कहा है कि राजनीतिक कारणों से परेशान किया जा रहा है। यह नोटिस भाजपा के दबाव में भेजा गया है। उन्होंने कोई घोटाला नहीं किया है। इसलिए वह ईडी के सामने पेश नहीं होंगे।

बरौनी-लखनऊ एक्स. में टीटीई ने की यात्री की पिटाई, निलंबित

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस में एक पुरुष यात्री को बार-बार थप्पड़ मारने और गालियां देने का वीडियो वायरल होने के बाद संबंधित यात्रा टिकट परीक्षक (टीटीई) को निलंबित कर और उसके खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस तरह के दुर्व्यवहार के लिए जीरो टॉलरेंस के चलते टीटीई को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपित टीटीई के खिलाफ रेलवे विभाग द्वारा जांच भी शुरू कर दी गई है।

बुजुर्गों, दिव्यांगों व गर्भवती महिलाओं को ई कार्ट से श्रीरामलला के दर्शन कराएगी यूपी सरकार

एजेंसी। अयोध्या

22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए यूपी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। इसी क्रम में सरकार श्रीरामलला के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी तक पहुंचाने के ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क होंगी। इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन प्रदान करें, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके।

वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण का फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल जल्द ही 650 ई काट्र्स को रोड पर उतारने जा रहा है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी शामिल होंगी। जो श्रद्धालु अपने वाहनों से अयोध्या आएंगे उन्हें पार्किंग स्थल पर ही ई कार्ट की सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से वो हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। बुजुर्गों, दिव्यांगो और गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराने की योजना है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल कनेक्ट्स प्रा. लि. भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कवच ग्लोबल के डायरेक्टर तक्ष रावल ने बताया कि हमें टेंडर के माध्यम से अयोध्या विकास प्राधिकरण में विभिन्न लोकेशन मिली हैं। इन लोकेशंस पर हम श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में हमारी योजना है कि श्रद्धालुओं को इन लोकेशंस से 12 सीटर और 18 सीटर ई कार्ट की सुविधा मिले जो उन्हें अयोध्या के विभिन्न धार्मिक स्थलों की सैर कराए। इसमें ओएनजीसी, आईओसी, टाटा प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों से सर्वाधिक डोनेशन मिला है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में हम जनवरी से मार्च तक 650 ई काट्र्स उतारने जा रहे हैं।

एडीए के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने पूरी अयोध्या की कनेक्टिविटी के लिए जो हाइपरलूप मॉडल तैयार किया है, ये प्रोजेक्ट उसी का हिस्सा है। आने वाले दिनों में राम पथ पर 4 व्हीलर्स पर रोक रहेगी, तब ये ई कार्ट ही लोगों को दर्शन कराएंगी। दिव्यांगों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए ये पूरी तरह निःशुल्क रहेंगी। इन ई काट्र्स की ओनरशिप एडीए की रहेगी और ये विभिन्न लोकेशंस से ऑपरेट की जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जो प्रस्ताव कॉर्पोरेट हाउसेस को दिया गया है उसमें कई बातों का जिक्र किया गया है। इसमें ई कार्ट या गोल्फ कार्ट के मेंटिनेंस, इसकी निगरानी, पार्किंग, ड्राइवर के चयन और प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता के संबंध में जानकारी दी गई है।



पुलिस की 45 टीमें करीब से सुरक्षा प्रदान करेंगी

22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या आने वाले वीवीआईपी आमंत्रित लोगों को चुनिंदा पुलिस कर्मियों की 45 टीमें करीब से सुरक्षा प्रदान करेंगी। अच्छे व्यवहार और संचार कौशल से लैस इन टीमों का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक-रैंक के अधिकारी करेंगे, ताकि, आमंत्रित लोगों की परेशानी मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के अलावा किसी भी वर्गीकृत सुरक्षा या निजी सुरक्षा को अयोध्या में अनुमति नहीं दी जाएगी।" ये पुलिसकर्मी फॉर्मल कपड़े पहनेंगे और वीवीआईपी के पास तैनात रहेंगे। वीवीआईपी आमंत्रितों में शीर्ष उद्योगपति, उद्यमी, राजनेता, खिलाड़ी, फिल्म सितारे, आध्यात्मिक नेता और मीडिया दिग्गज शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि इनमें से प्रत्येक टीम में पांच उप-निरीक्षक और एक पुलिस उपाधीक्षक शामिल होंगे। 33 जिलों और पुलिस आयुक्तालयों से चयनित युवा उप-निरीक्षकों की साठ और टीमों को हवाईअड्डे जैसी तलाशी ड्यूटी के लिए तैनात किया जाएगा।

पीएम मोदी ने भगवान श्रीराम का ओड़िया भक्ति भजन साझा किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमिता अग्रवाल द्वारा गाया भगवान श्रीराम का ओड़िया भक्ति भजन 'अयोध्या नगरी नाचे रमनकु पाई' साझा किया है, जिसका संगीत सरोज रथ ने दिया है। प्रधानमंत्री सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि भारत के हर हिस्से में प्रभु श्रीराम के प्रति भक्ति है। हर भाषा में आपको उनके लिए समर्पित कई भजन मिलेंगे। यहां उड़िया में ऐसा ही एक प्रयास है।

मंदिर के प्रसाद की कोई ऑनलाइन बिक्री अधिकृत नहीं, ट्रस्ट ने किया स्पष्ट

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि अयोध्या में भगवान को चढ़ाए जाने वाला प्रसाद भक्तों को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए कोई मंच स्थापित नहीं किया गया है। ट्रस्ट के एक सदस्य ने कहा, ट्रस्ट द्वारा ऑनलाइन प्रसाद वितरित करने के लिए किसी विक्रेता या एजेंसी को नियुक्त नहीं किया गया है। यह बयान 22 जनवरी को 'प्राण प्रतिष्ठा (अभिषेक)' समारोह के बाद भक्तों को प्रसाद प्रदान करने का दावा करने वाले कुछ ऑनलाइन प्लेटफार्मों की रिपोर्टों के बीच आया है। राम मंदिर ट्रस्ट कार्यालय से बुधवार को संपर्क करने वाले मुंबई निवासी अनिल परांजपे ने कहा कि कुछ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म प्रसाद की पेशकश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे यकीन नहीं था और इसलिए मैं थोक में प्रसाद खरीदने के लिए ट्रस्ट कार्यालय गया। राम मंदिर के पास ट्रस्ट के कैंप कार्यालय में तैनात कर्मचारियों ने परांजपे को 'इलायची दाना' के 10 पैकेट इस निर्देश के साथ सौंपे कि इसे आगे वितरण के लिए अन्य प्रसाद के साथ मिलाया जाए।अन्य मंदिरों और धार्मिक स्थलों के विपरीत, जहां भक्तों द्वारा प्रसाद चढ़ाया जाता है, अयोध्या में सुरक्षा कारणों से सुरक्षा चौकियों से परे प्रसाद ले जाने की अनुमति नहीं है। मंदिर ट्रस्ट कैंप कार्यालय के प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने कहा, राम मंदिर ट्रस्ट एक गैर-लाभकारी संगठन है। प्रसाद केवल मौजूदा राम मंदिर के भीतर ही भक्तों को दिया जाता है। अभी तक कोई ऑनलाइन सेवा शुरू नहीं की गई है। भक्तों को प्रसाद निःशुल्क दिया जाता है और कोई पैसा नहीं लिया जाता। लोगों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सेवाओं को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि ट्रस्ट ने अभी तक किसी को अधिकृत नहीं किया है।

फिरोजाबाद से अयोध्या पहुंची 10 हजार से अधिक रंगबिरंगी चूड़ियां, भक्तों में होंगी वितरित

फिरोजाबाद से 10 हजार से अधिक रंगबिरंगी चूड़ियां गुरुवार को अयोध्या पहुंचीं और राज्य के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की मौजूदगी में श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपी गईं। सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, फि रोजाबाद अपने कांच उद्योग के लिए प्रसिद्ध है और इसकी चूड़ियां हर जगह प्रसिद्ध हैं। 10 हजार चूड़ियां मंदिर ट्रस्ट को सौंप दी गई हैं। इन्हें ट्रस्ट द्वारा भक्तों में वितरित किया जाएगा।" उन्होंने कहा कि ये चूड़ियां हिंदू-मुस्लिम श्रमिकों की महीनों की मेहनत से तैयार होती हैं। इन चूड़ियों और कंगनों पर भगवान राम, माता सीता और भगवान हनुमान की तस्वीरें बनी हैं। समारोह में आने वाली महिलाओं में इनका वितरण निःशुल्क किया जाएगा।

केंद्रीय कर्मचारियों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन मिलेगा आधे दिन का अवकाश

केंद्र सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर पूरे देश में सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, केंद्रीय संस्थानों और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों को 22 जनवरी को दोपहर 2:30 बजे तक (आधा दिन) बंद रखने की घोषणा की है। इस संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से एक ऑफिस मेमोरेंडम जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि 22 जनवरी को राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में कर्मचारियों को शामिल होने के लिए दोपहर ढाई बजे तक का अवकाश दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि देश इस प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव की तरह मनाने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों से इस दिन दीपावली मनाने और देश को जग-मग करने की अपील की है।

कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का 5वां दिन

राज्य में गृह युद्ध जैसी स्थिति है : राहुल

एजेंसी। शिवसागर (असम)

कांग्रेस की भारत जोड़ा न्याय यात्रा के पांचवें दिन राहुल गांधी नगालैंड से असम पहुंचे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरेगी। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि भारत में 'सबसे भ्रष्ट सरकार' शायद असम में है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नगालैंड से असम में प्रवेश करने के तुरंत बाद, गांधी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना की और कहा कि वे नफरत फैला रहे हैं और जनता का पैसा लूट रहे हैं। राहुल गांधी ने शिवसागर जिले के हालोवाटिंग में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, भारत में सबसे भ्रष्ट

सरकार शायद असम में है। हम 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान असम के मुद्दों को उठाएंगे। मणिपुर के बारे में बात करते हुए गांधी ने कहा कि उस राज्य में गृह युद्ध जैसी स्थिति है। मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए जाने के बाद पिछले साल तीन मई को पहली बार झड़पें हुई थीं। मणिपुर में मेइती लोगों की आबादी लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासियों-नगा और कुकी समुदाय की आबादी 40 प्रतिशत है जो पर्वतीय जिलों में रहते हैं। उन्होंने कहा, राज्य बंटा हुआ है और प्रधानमंत्री वहां (मणिपुर) गए तक नहीं। नगालैंड में, नौ साल पहले एक समझौते (नगा राजनीतिक मुद्दे का समाधान करने के लिए) पर हस्ताक्षर किए गए थे और लोग अब पूछ रहे हैं कि इसका क्या हुआ। भाजपा के इस बयान पर पलटवार करते हुए कि ऐसी यात्राओं से कांग्रेस को कोई फायदा नहीं होगा, गांधी ने कहा कि पिछले साल की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने देश के 'राजनीतिक विमर्श' को बदल दिया है।

निष्कासित नेता अंगकिता दत्ता धरने पर बैठीं, राहुल से की 'न्याय' की मांग

जैसे ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार को असम में प्रवेश की, पार्टी से निष्कासित नेता अंगकिता दत्ता ने शिवसागर जिले के अमगुरी शहर में 'न्याय' की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। असम कांग्रेस के पूर्व मंत्री अंजन दत्ता की बेटी अंगकिता को राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. श्रीनिवास के खिलाफ उत्पीड़न के आरोप लगाने के

बाद पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था, जब वह असम युवा कांग्रेस की अध्यक्ष थीं। उन्होंने श्रीनिवास के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी और इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। इस बीच, अमगुरी में एक साल पहले हुई भारत जोड़ो यात्रा के पहले चरण के दौरान अंगकिता दत्ता और राहुल गांधी की तस्वीरें प्रदर्शित करने वाले बड़े पोस्टर लटके हुए देखे गए। पोस्टरों पर लिखा था, 'अंगकिता के लिए न्याय' और क्या आप महिलाओं के साथ हर रोज होने वाले अन्याय से थक गए हैं?

भारतीय अमेरिकी तारा ने की कैलिफोर्निया प्रांतीय असेंबली चुनाव लड़ने की घोषणा

एजेंसी। न्यूयॉर्क

भारतीय-अमेरिकी समुदाय की नेता तारा श्रीकृष्णन ने घोषणा की है कि वह डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में जिला 26 से कैलिफोर्निया प्रांतीय असेम्बली के लिए चुनाव लड़ेंगी। यह जिला सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र के दक्षिणी में सैंटा क्लारा काउंटी (सनीवेल, क्यूपर्टिनो और सैंटा क्लारा शहरों समेत) और उत्तर तथा पश्चिम सैन जोस शामिल है। तारा (30) 2021 से सैंटा क्लारा काउंटी शिक्षा बोर्ड में कार्यरत हैं जिसके अधिकार क्षेत्र में काउंटी के 31 स्कूल जिले हैं जिनमें कुल 2,70,000 छात्र पढ़ते हैं और जिसका बजट 30 करोड़ डॉलर का है। क्यूपर्टिनो संगीत अकादमी में पूर्व पियानो शिक्षिका तारा ने अपने अभियान वक्तव्य में कहा कि वह जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, किफायती आवास और सुरक्षित समुदायों जैसे मुद्दों के समाधान करना चाहती हैं। बयान में कहा गया है, हमारे निवासियों के सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है: आवास सामर्थ्य, जलवायु परिवर्तन, यातायात की भीड़, और एक शिक्षा प्रणाली जिसे मजबूत करने की आवश्यकता है। इन चुनौतियों को संबोधित करना - और कर (से प्राप्त) डॉलर को कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से खर्च करना - यही कारण है कि मैं प्रांतीय असेम्बली के लिए रेस में हूं। उन्होंने कहा, मैं समझती हूं कि कैलिफोर्निया को वित्तीय रूप से जिम्मेदार बनाने, हमारी शिक्षा प्रणाली में सुधार करने के लिए क्या करना होगा ताकि हमारे बच्चों को भविष्य में करियर के अवसर मिलें।

वायुसेना कर्मियों की हत्या के गवाह ने शूटर यासीन मलिक को पहचाना

एजेंसी। जम्मू

श्रीनगर शहर में 1990 के दौरान भारतीय वायुसेना कर्मियों की हत्या के गवाह ने गुरुवार को विशेष सीबीआई अदालत में जेकेएलएफ अध्यक्ष यासीन मलिक को मुख्य शूटर के रूप में पहचाना है। अभियोजन पक्ष की ओर से इस गवाह को पेश किया गया था। श्रीनगर शहर के रावलपोरा इलाके में 25 जनवरी, 1990 को एक आतंकी हमले के दौरान की गई गोलीबारी में एक स्क्वाड्रन लीडर सहित चार वायुसेना कर्मी मारे गए और 22 घायल हो गए। उस समय यह सभी दिन की ड्यूटी के लिए स्टाफ बस का इंतजार कर रहे थे। इसी मामले में आज मलिक को दिल्ली की तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया, जहां उसे एक अन्य आतंकी अपराध में आजीवन

कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद से रखा गया है। विशेष सीबीआई अदालत में पूर्व वायुसेना कर्मी राजवार उमेश्वर सिंह और अभियोजन पक्ष के एक प्रत्यक्षदर्शी ने गुरुवार को मलिक की पहचान रावलपोरा में वायुसेना कर्मियों पर गोलीबारी करने वाले मुख्य शूटर के रूप में की है। सीबीआई की वकील मोनिका कोहली ने संवाददाताओं से कहा कि गोलीबारी की घटना में मुख्य शूटर के रूप में मलिक की पहचान होना इस मामले की जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

विदेशी जहाज पर ड्रोन हमला, भारत ने दिया जवाब

जहाज पर सवार 9 भारतियों समेत चालक दल के सभी 22 सदस्य सुरक्षित बचाए गए

नौसेना के विशेषज्ञों ने एमवी जेनको पिकार्डी के नुकसान का निरीक्षण किया

एजेंसी। नई दिल्ली

अदन की खाड़ी में मार्शल द्वीप के ध्वज वाले जहाज एमवी जेनको पिकार्डी पर ड्रोन से हमला हुआ है, जिससे जहाज में आग लग गई। समुद्री डकैती रोकने के लिए तैनात भारतीय नौसेना के जहाज ने तत्काल हमले का जवाब दिया। जहाज पर सवार चालक दल के सभी 22 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। इनमें 9 भारतीय हैं।

भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात गाइडेड मिसाइल विध्वंसक

आईएनएस विशाखापत्तनम को समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। बुधवार की रात 11.11 बजे मार्शल द्वीप के ध्वज लगे जहाज एमवी जेनको पिकार्डी पर ड्रोन हमला होने की जानकारी मिली। अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती रोधी गश्त कर रहे भारतीय युद्धपोत विशाखापत्तनम ने संकट कॉल को स्वीकार करके तेजी से जवाब दिया। भारतीय जहाज ने एक घंटे के भीतर करीब 12.30 बजे ड्रोन हमले का जवाब देकर विदेशी जहाज को रोक दिया। ड्रोन हमले की वजह से एमवी जेनको पिकार्डी जहाज में आग लग गई लेकिन भारतीय नाविकों ने आग बुझाकर स्थिति सामान्य की। जहाज पर सवार 22 सदस्यीय चालक दल को सुरक्षित बचा लिया गया है, जिसमें 9 भारतीय भी हैं। इस हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ है और आग को भी नियंत्रण में ले लिया गया है।

आईएनएस विशाखापत्तनम से नौसेना विस्फोटक आयुध निपटान (ईओडी) विशेषज्ञ क्षतिग्रस्त एमवी जेनको पिकार्डी के नुकसान का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को सुबह जहाज पर चढ़े। ईओडी विशेषज्ञों ने गहन निरीक्षण के बाद जहाज को आगे जाने के लिहाज से सुरक्षित बना दिया है। इसके बाद जहाज कॉल के अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है।

फिल्म जगत

रवीना ने 'कर्मा कॉलिंग' में अपने किरदार इंद्राणी कोठारी को बताया 'एब्सल्यूट दिवा'

मुंबई। अभिनेत्री रवीना टंडन ने आगामी शो 'कर्मा कॉलिंग' में अपने किरदार इंद्राणी कोठारी के बारे में खुलकर बात की और इसे एक 'एब्सल्यूट दिवा' बताया है। इस शो में दर्शक रवीना को एक अनदेखे अवतार में देखेंगे। रवीना ने कहा, इंद्राणी कोठारी एक एब्सलूट दिवा हैं। वह अपने परिवार के लिए शक्ति और प्यार पर निर्भर है और उनकी रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। बाहर से ग्लैमरस और नरम दिल वाली इंद्राणी के व्यक्तित्व में एक रहस्यमय पहलू है।" रवीना ने कहा, वह अपने तरीके से दोषपूर्ण है और यह उसके चरित्र को निभाने के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण बनाता है। इंद्राणी भावनाओं की एक श्रृंखला से गुजरती है जो एक तरफ उसकी कमजोरियों को प्रदर्शित करती है

और दूसरी तरफ सत्ता की स्थिति में होने के उसके विचार को प्रदर्शित करती है।" अभिनेत्री ने कहा, यह कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं किया है और मैं दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का इंतजार कर रही हूं। आरएटी. फिल्म्स द्वारा निर्मित और रुचि नारायण द्वारा निर्देशित इस सीरीज में रवीना, नम्रता सेठ, वरुण सूद के साथ-साथ गौरव शर्मा, वालुस्चा डिसूजा, एमी एला, विराफ पटेल, पीयूष खाती प्रमुख भूमिका में हैं।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर झारखंड में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस दिन राज्य के भी मंदिरों में पूजा-पाठ और प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुख्यालय ने राज्य के विभिन्न जिलों में 3500 अतिरिक्त बलों की तैनाती की है। साथ ही पुलिस मुख्यालय ने जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 22 जनवरी को यूपी के अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए 3500 अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति हुई है। सभी एसपी और एसएसपी से कहा गया

है कि तैनात अतिरिक्त बलों को पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी के साथ सभी दंगा रोधी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराते हुए विधि-व्यवस्था ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त करें। यह प्रतिनियुक्ति गुरुवार से 23 तक की गई है। पूर्वी पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 300, सरायकेला में 100, खूंटी में 100, सिमडेगा में 100, गुमला में 100, लोहरदगा में 200, हजारीबाग में 300, गिरिडीह में 100 लाठी बल और 50 सशस्त्र बल, कोडरमा में 150, चतरा में 150, रामगढ में 100, बोकारो में 200, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 100, धनबाद में 200, पलामू में 200, लातेहार में 100,गढ़वा में 100, देवघर में 150, दुमका में 150, पाकुड में 100, साहेबगंज में 150, जामताड़ा में 150 और गोड्डा में 150 लाठी बल सहित अन्य बल तैनात रहेंगे।

22 को राजकीय अवकाश घोषित करें मुख्यमंत्री : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर 22 जनवरी को झारखंड में राजकीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है। पत्र में लिखा है कि 22 जनवरी भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम क्षण होगा। इस दिन पूरा देश और पूरा विश्व अयोध्या धाम के श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनेगा। श्रीराम न सिर्फ भारत, बल्कि पूरे विश्व के आदर्श के रूप में पूजे जाते हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि जब अयोध्या नगरी में पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही हो तब उस पल को अविस्मरणीय बनाने के लिए 22 जनवरी को सरकार राजकीय अवकाश घोषित करे। राज्य की सवा तीन करोड़ जनता को इस पल को जीवंत जीने का एक मौका प्रदान कर पुण्य के भागी बनने का सौभाग्य प्राप्त करें। अमर बाउरी ने उम्मीद जताते हुए कहा है कि जिस तरह भारत राष्ट्र के कई राज्यों ने इस तिथि को

मंदिर हमारी आस्था के केंद्र, स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी: दीपक

देवालयों में स्वच्छता अभियान के तहत गुरुवार को गंगानगर, हरमू शिव मंदिर परिसर में राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश के नेतृत्व में विधायक नवीन जायसवाल के साथ स्थानीय लोगों ने श्रमदान किया। इस दौरान प्रकाश ने कहा कि 22 जनवरी को वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व 22 जनवरी तक देश के तीर्थ स्थानों एवं मंदिरों की साफ-सफाई करने और स्वच्छता का अभियान चलाने की अपील की है। इसके निमित्त हरमू के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि हमारे मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं। उन्हें स्वच्छ और सुंदर रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री के आह्वान के साथ ही अब संपूर्ण भारत में हर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाया जायेगा।

होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महासचिव बरी

रांची। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ऐश्वर्या श्रीवास्तव की अदालत ने गुरुवार को झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी और प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी को एक मामले में बरी कर दिया है। यह मामला वर्ष 2016 का है। इसमें एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी और प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा एवं मारपीट को लेकर कोतवाली थाना में दर्ज प्राथमिकी को लेकर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रवि मुखर्जी और राजीव कुमार तिवारी के ऊपर लगा आरोप प्रमाणित नहीं हुआ। इसलिए दोनों को बरी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में जाकिर हुसैन पार्क के पास होमगार्ड जवानों को पुलिस बहाली में आरक्षण देने कि मांग को लेकर आंदोलन हुआ था। यह मामला कोतवाली थाना के दारोगा वासुदेव मुंडा के बयान पर दर्ज दर्ज हुआ था।

झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में आरोपित झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका को गुरुवार को खारिज कर दिया। बेहतर इलाज के लिए संजीव सिंह की ओर से 30 दिन का प्रोविजनल बेल मांगा गया था। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि एम्स में संजीव सिंह का इलाज शुरू हो गया है। हालांकि, याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि संजीव सिंह का इलाज काफी धीमी गति से चल रहा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता और सरकार का पक्ष जानने के बाद कहा कि एम्स में संजीव सिंह का इलाज हो रहा है, इसलिए उनकी जमानत याचिका खारिज की जाती है। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय के कोर्ट में हुई। उल्लेखनीय है कि नीरज सिंह की हत्या के मामले में पूर्व विधायक संजीव सिंह 11 अप्रैल, 2017 से जेल में बंद हैं। इससे पूर्व भी हाई कोर्ट से संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी। 21 मार्च, 2017 को सरायढेला में नीरज सिंह समेत चार की हत्या हुई थी। 23 मार्च, 2017 को सरायढेला थाना में नीरज के भाई अभिषेक सिंह की लिखित शिकायत पर संजीव सिंह, मनीष सिंह, पिंटू सिंह, महंत पांडेय और गया प्रताप सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

ऐतिहासिक होगा राष्ट्रीय जनजाति सम्मेलन : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा अनुसूचित जनजाति जनजाति मोर्चा की बैठक गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में 11 फरवरी को रांची में होनी वाली राष्ट्रीय जनजाति सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनजाति सम्मेलन में एक लाख से अधिक आदिवासी शामिल होंगे। इसके लिए मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता

गांव-गांव एवं बूथ में जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आदिवासी समाज के लिए किए गए कार्यों को बताए हुए सम्मेलन में आने का निमंत्रण दे। मरांडी ने कहा कि यह सम्मेलन ऐतिहासिक और राज्य एवं राष्ट्रीय पटल पर मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा कि जनजाति सम्मेलन के लिए मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जायेगा। सम्मेलन में झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बंगाल, उत्तर प्रदेश, असम, बिहार, नार्थ ईस्ट में सभी राज्य से प्रतिनिधि से शत-प्रतिशत आदिवासी शामिल होंगे। बैठक में मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई, प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, मोर्चा प्रभारी रामकुमार पाहन सहित कई अन्य उपस्थित थे।

राजीव अरूण एक्का को सीएम का अपर मुख्य सचिव का प्रभार

राज्य के नौ आइएएस अधिकारियों का किया गया तबादला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य सरकार ने नौ आइएएस अफसरों का तबादला किया है। राजीव अरूण एक्का को सदस्य राजस्व पर्षद की जिम्मेवारी सौंपी गई है। राजीव अरूण एक्का अब मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव के भी प्रभार में रहेंगे। ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को स्वास्थ्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय की प्रधान सचिव वंदना दादेल को महिला बाल विकास का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रधान स्थानिक आयुक्त मस्त राम मीणा को प्रधान सचिव योजना विकास विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है। पेयजल विभाग के सचिव मनीष रंजन को भू-राजस्व विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है। राजेश शर्मा को श्रम विभाग से स्थानांतरित करते हुए पेयजल विभाग का सचिव बनाया गया है। प्रशांत कुमार को वित्त विभाग का सचिव बनाया गया है। वहीं एटीआई के निदेशक के श्रीनिवासन को स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

पोस्ते की खेती को फाइनेंस करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

रांची। राज्य के पलामू और लातेहार जिले में पोस्ता की खेती को फाइनेंस करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस सख्त हो गई है। इस कार्रवाई में एनसीबी भी अब शामिल होगी। हालांकि, पोस्ता की खेती रोकना पुलिस-प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गयी है। झारखंड और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में बड़े पैमाने पर पोस्त की खेती की जा रही है। बाहरी लोग पोस्ता की इस खेती को फाइनेंस कर रहे हैं। इस खेती में बाहर के बड़े ड्रग नेटवर्क और उनसे जुड़े लोग पैसा लगा रहे हैं। इसका नेटवर्क झारखंड, बिहार, यूपी, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैला हुआ है। पुलिस ने पोस्ता की खेती और उससे जुड़े नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना तैयार की है। इससे जुड़े मामलों और तस्करों को लेकर एक डेटाबेस भी तैयार किया जा रहा है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि पोस्ता की खेती को बाहर से तस्करों और नेटवर्क द्वारा फाइनेंस किया जा रहा है। पोस्ता की खेती का फाइनेंस करने वाले लोग स्थानीय नेटवर्क का उपयोग कर रहे हैं। खेती के लिए स्थानीय नेटवर्क को पैसा उपलब्ध कराया जाता है।

पृष्ठ एक के शेष

अब भी जारी है रावण के...

अपने सोच-समझ की बंद कोठी की मजबूरी के कारण न तो खुद को इस मार्ग से दूर दिखाना चाहते हैं और न ही इस मार्ग पर आगे बढ़ना चाहते हैं। राम के बहाने 21वीं शताब्दी में भारतीय राजनीति फिर उसी दोराहे पर आ खड़ी हुई है जहां रावण अपने को गलत जानता हुआ भी गलत मानने को तैयार नहीं था और राम को उसपर विजय के लिए सर्वसमाज के साथ रामसेतु बनाना पड़ा था। इस बार फिर से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के रूप में रामसेतु का नया प्रारूप तैयार है और रामलला के विराजमान होने के साथ ही सर्वसमाज की मान्यता, भावना, समर्पण और एकात्मवाद की जीत का पताका लहराने को तैयार है। आपको अपना पक्ष अपने विवेक और दंभ-अहंकार के आधार पर चुनना है। यहीं से नये भारत के नये गौरवगाथा का सृजन होना है, एक नई रचना गढ़ी जानी है, नया गीत लिखा जाना है। तो बोलिए जय श्री राम।

पलामू में चीनी कारोबारी...

आए थे। शुभम के पिता दुकानदारों से लेनदेन की बात कर रहे थे और शुभम कार में ही बैठे हुए थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन अपराधी आए और कार के अंदर बैठे शुभम कुमार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारी में शुभम के सीना, कमर और पेट में गोली लगी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी हवाई फायरिंग करते हुये फरार हो गए। इधर, गोलीबारी के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। गंभीर रूप से घायल शुभम को इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। यहां भी स्थिति में सुधार होता न देख डॉक्टरों ने रांची रिम्स रेफर कर दिया। परिजन उन्हें रिम्स ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गोली मारने के बाद अपराधी हुसैनाबाद की तरफ भागे हैं। पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। अपराधियों को पकड़ने के लिये छापेमारी शुरू कर दी गयी है।

अपराधी हुये...

रही हैं। आये दिन इलाके में गोलीबारी सहित लूट और छिनतई की घटना हो रही है। सभी लोग दहशत के साये में जी रहे हैं।

आदिवासियों की पहचान और सम्मान का...

में आयोजित आदिवासी एकता महारैली की तैयारी के सिलसिले में वह मधुकम जतरा मैदान में एक बैठक में बोल रहे थे। तिर्की ने महारैली के प्रचार-प्रसार के लिये पदाधिकारियों और कार्यकताओं को अनेक निर्देश दिये। आदिवासी एकता महारैली को सफल बनाने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया और अपने-अपने क्षेत्र से अधिकाधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पंडरा, बनहोरा, हेसल, हेहल, बजरा, बरियातु, कठरगोदा के प्रमुख लोगों उपस्थिति थे। इसमें शिवा कच्छप, महादेव टोप्पो, बेलस तिर्की, फ्रांसिस तिर्की, लक्ष्मी नारायण मुंडा, संदीप तिर्की, दिनेश उरांव, ग्राम प्रधान सोमरा उरांव, सती तिर्की, अनीता उरांव, प्रमिला उरांव, नुरी तिर्की, दीपू सिन्हा, शामेल टोप्पो सहित महत्वपूर्ण पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया।

ईडी अवैध खनन मामले में...

आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और 45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी बरामद किये गये। ईडी ने यह छापेमारी झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार राज्यों में स्थित 12 परिसरों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की थी।

वेद मंत्रों की ध्वनियों के बीच...

और उनकी पत्नी उषा द्वारा प्रधान संकल्प लिया गया। इस दौरान पूरा श्रीराम मंदिर परिसर वेद मन्त्रों की ध्वनि से गुंजरित होता रहा। इसके बाद श्रीरामलला की मूर्ति के जलाधिवास तक का अनुष्ठान विधि सम्मत तरीके से पूरा किया गया। आचार्य अरुण दीक्षित के अनुसार अनुष्ठान की शुरूआत मुहूर्त के अनुसार प्रधान संकल्प और गणेश-अम्बिका पूजन से शुरू हुअ और फिर वरुण पूजन, वस्त्र-पात्र आदि के साथ आचार्यों के कार्यों का विभाजन, बाल्मीकि, अध्यात्मिक, भुशुंडी, रामचरित मानस समेत कुल 6 रामायणों के वाचन के लिए 6 आचार्यों का वरण आदि भी हुआ। इस दौरान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के प्रथम यजमान अनिल मिश्र अपनी पत्नी उषा मिश्रा को मंडप में प्रवेश कराया गया। वास्तु पूजा और मंडप के सभी खम्भों में विराजमान देवताओं की आराधना के बाद श्रीरामलला की मूर्ति के जलाधिवास के साथ अनुष्ठान को पूरा कर लिया गया।

मुख्य सचिव ने 22 जनवरी को...

अयोध्या जाएंगे। इस दौरान उन्होंने रेलवे और बस से अयोध्या जाने वाले लोगों पर खास ध्यान रखने को कहा है ताकि इस दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे। किसी तरह के सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश न हो, इस पर भी खास ध्यान रखने को कहा है। इसके अलावा झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षा को लेकर भी अलर्ट रहने को कहा है। इसमें काफी संख्या में छात्र अलग-अलग जिलों में बने परीक्षा केंद्रों में जाएंगे। विधि-व्यवस्था से संबंधित कई दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में सभी गृह सचिव, डीजीपी के अलावा प्रमंडलीय आयुक्त, सभी आईजी, सभी डीआईजी, सभी डीसी और जिले के एसएसपी, एसपी मौजूद रहे।

पीएम ने राम मंदिर पर डाक टिकट...

भगवान राम की अंतरराष्ट्रीय अपील को प्रदर्शित करने का एक प्रयास है। 48 पृष्ठों की इस पुस्तक में अमेरिका, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, कनाडा, कंबोडिया और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों सहित 20 से अधिक देशों द्वारा जारी किए गए डाक टिकट शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा कि आज, मुझे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से संबंधित एक और कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। आज, राम मंदिर को समर्पित छह डाक टिकट जारी किए गए। इसके अलावा, दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक भी जारी की गई।डाक टिकट विचारों, इतिहास और ऐतिहासिक अवसरों को अगली पीढ़ी तक पहुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ये टिकट केवल कलात्मक कार्य नहीं है। ये इतिहास की किताबों और कलाकृतियों के रूपों और ऐतिहासिक स्थलों का सबसे छोटा रूप होते हैं। उन्होंने कहा कि इन टिकटों में राम मंदिर का भव्य चित्र है। कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिये रामभक्ति की भावना है और मंगल भवन अमंगल हारी लोकप्रिय चौपाई के माध्यम से राष्ट्र के मंगल की कामना है। इनमें सूर्यवंशी राम के प्रतीक सूर्य की छवि है, जो देश में नये प्रकाश का संदेश भी देता है। इनमें पुण्य सरयू नदी का चित्र भी है। जो राम के आशीर्वाद से देश को सदैव गतिमान रहने का संदेश देती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 5 भौतिक तत्व यानी आकाश, वायु, अग्नि, पृथ्वी और जल, जिन्हें 'पंचभूत' के रूप में जाना जाता है, विभिन्न डिजाइन तत्वों के माध्यम से परिलक्षित होते हैं और पंचमहाभूतों का पूर्ण सामंजस्य स्थापित करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम, देवी सीता और रामायण की कहानियां समय, समाज, जाति, धर्म और क्षेत्र की सीमाओं से परे प्रत्येक एक व्यक्ति से जुड़ी हैं। सबसे मुश्किल समय में भी त्याग, एकता और साहस के साथ दिखाने वाली रामायण तमाम चुनौतियों के बावजूद प्रेम की जीत के बारे में सिखाती है। रामायण पूरी मानवता को अपने साथ जोड़ती है। यही कारण है कि रामायण पूरे विश्व में आकर्षण का केंद्र रही है। दुनिया के विभिन्न देशों और संस्कृतियों में रामायण को लेकर एक उत्साह रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का 27 को...

सिंदरी स्थित हर्ल प्लांट का उद्घाटन करने वाले थे। प्रधानमंत्री का दौरा रद्द होने से प्लांट के उद्घाटन के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर धनबाद जिला प्रशासन सहित धनबाद, गिरिडीह और कोडरमा के भाजपा नेता और कार्यकर्ता जोरशोर से तैयारियों में जुटे थे। पिछले सप्ताह हर्ल के एमडी ने भी प्लांट का दौरा कर उद्घाटन की तैयारियों का जायजा लिया था। अब केंद्रीय कमेटी के आदेश के बाद पीएम मोदी के दौरे की सभी तैयारियां रोक दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 13 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी झारखंड के दौरे पर आने वाले थे लेकिन उस वक्त भी उनका दौर टल गया था और एक बार फिर उनका दौरा स्थगित हो गया है।

पिकअप-बाइक की टक्कर में दो...

जबरदस्त थी कि हवा में कई फीट उछलते हुये दो युवक सड़क पर आ गिरे। जबकि एक पीछे से आरे ट्रेलर में जाकर फंस गया। इसी दौरान सड़क पर गिरे युवकों को रौंदते हुये ट्रेलर आगे निकल गया। इनमें से एक की मौत मौके पर ही हो गयी। वहीं दूसरे ने तुंबागडा नवजीवन अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। कुछ आगे जाने पर ट्रेलर के ब्रेक लेने पर उसमें फंसा युवक नीचे गिर गया। जिसे सतबरवा पुलिस उपचार के लिये ले गयी। फिलहार वह कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। ट्रेलर का भी कुछ अतापता नहीं चला। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि जीवित बचे युवक के सामान्य स्थिति में आने का इंतजार किया जा रहा है। पिकअप व बाइक को जब्त कर शवों को अपने कब्जे में ले लिया गया है।

अज्ञात वाहन के..

परवाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में आनंद की मौत हो गई। चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। सूचना पर टीओपी वन प्रभारी अशोक दुबे टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह,रामजी आदि ने मौके पर पहुंच परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०,लोहरदगा
प्रथम तल्ला विकास भवन, लोहरदगा

ई० आमंत्रण सूचना

ई०–निविदा संख्या :–03/2023–24/NREP/LOHARDAGA दिनांक 18.01.24

कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e Procutment पद्धति ये निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)		कार्य समाप्ति की अवधि	टेण्डर कॉल नं0
			अंक में	अक्षर में		
1	NREP/LOHARDAGA/03/2023-24	PM-ABHIM योजनान्तर्गत सदर अस्पताल परिसर, लोहरदगा में Integrated Public Healt Lab भवन के निर्माण।	90,53,100.00	नब्बे लाख तीरपन हजार एक सौ रूपये		प्रथम

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाश की तिथि :– 31.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि :–15.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 16.02.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पत्ता:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष स0:–8409767005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR.NO.316412 Lohardaga(23-24):D

कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 16/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 17.01.2024

1. कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि		कार्य समाप्ति की अवधि
				अंक में (लाख में)	अक्षर में	
1	भवनाथपुर	RWD/GARHWA/ /01/ 2023-24 (2nd Call)	ग्राम झगड़ाखांड़ बिरसा नगर होते हुए बावरी तक पथ कालीकरण कार्य। (5.80 कि0मी0)	597.201	पाँच करोड़ सन्तानबे लाख बीस हजार एक सौ रूपये।	15 महीना

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.02.2024 पूर्वाह्न 10:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 316406 Rural Work Department (23-24)_D

समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

ई–निविदा हेतु आम सूचना

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 5903 दिनांक 09.11.2023 के आलोक में आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधान सभा आम चुनाव, 2024 के निमित्त जिलास्तरीय सामग्रियों की खरीदगी एवं सेवाओं की प्रप्ति हेतु जिला निर्वाचन शाखा, गढ़वा के द्वारा 07 (सात) प्रकार के आमंत्रित ई–निविदा https://jharkhandtenders.gov.in पर दिनांक 16.01.2024 को प्रकाशित की गई है।विवरण निम्नवत् है:–

क्र0	निविदा काप्रकार	Tender Reference No.	निविदा/Tender Fee/EMD जमा करने की अंतिम तिथि	निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान
1	कार्यालय उपयोगी सामग्री	ELECTION/GRH/60	दिनांक 06.02.2024 समय पूर्वाहन 11:00 बजे	दिनांक 07.02.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे समाहरणालय सभागार, गढ़वा
2	नास्ता एवं भोजन आपूर्ति	ELECTION/GRH/61		
3	विडियोग्राफी/फोटोग्राफी/सी0सी0टी0भी0	ELECTION/GRH/62		
4	टेंट/सामियाना, लाईट तथा साउण्ड इत्यादि	ELECTION/GRH/63		
5	मतदान सामग्री	ELECTION/GRH/64		
6	कम्प्यूटर/फोटो कॉपियर/प्रिंटर/लेपटॉप/डेस्कटॉप/कार्टिज इत्यादि	ELECTION/GRH/65		
7	मुद्रण सामग्रियाँ	ELECTION/GRH/66		

इच्छुक निविदादाता निविदा शर्तों के अनुरूपई–निविदा https://jharkhandtenders. gov.in पर भर सकते हैं।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.316404 Election(23-24):D

सचिन और सारा तेंदुलकर के नाम पर बना था फर्जी वीडियो, एफआईआर दर्ज

एजेंसी। नई दिल्ली

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के डीपफेक वीडियो मामले में मुंबई साइबर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मुंबई साइबर पुलिस ने 16 जनवरी को संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की। डीपफेक के जरिए सचिन तेंदुलकर का एक फर्जी वीडियो बनाया गया था, जिसमें वह एक गेमिंग एप्लिकेशन प्रचार करते दिखाई दे रहे थे। सचिन ने खुद यह वीडियो शेयर कर लोगों को बताया था कि यह फर्जी है और इसे रिपोर्ट करने को कहा था। इसके बाद इस मामले में पर कठोर नियम बनने की बात भी केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कही।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने डीपफेक को भारतीय उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और विश्वास के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही प्लेटफार्मों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आईटी अधिनियम के तहत सख्त नियम लायेगी।

क्या है मामला?

एक्स पर एक पोस्ट में तेंदुलकर ने फेक वीडियो शेयर किया था,

जिसमें वह एक गेमिंग एप्लिकेशन प्रचार करते दिखाई दे रहे हैं और तकनीक के दुरुपयोग के बारे में चिंता व्यक्त की थी। सचिन ने डीपफेक वीडियो को शेयर करते हुए लिखा था- ये वीडियो फर्जी है। तकनीक के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग को देखना परेशान करने वाला है। सभी से अनुरोध करता हूं कि वे बड़ी संख्या में इस वीडियो, विज्ञापन और ऐप की रिपोर्ट करें। सोशल मीडिया मंचों को शिकायतों के प्रति सतर्क और उत्तरदायी होने की आवश्यकता है। गलत सूचना और डीपफेक के प्रसार को रोकने के लिए उनकी ओर से त्वरित कार्रवाई महत्वपूर्ण है।

सचिन के इस ट्वीट पर कई फैंस ने अपनी चिंता जाहिर की थी। कुछ लोगों ने कहा कि यह असली लग रहा है। वहीं, कुछ लोगों ने कहा कि यह वीडियो हैरान करने वाला था। सचिन ने यह साफ करके अच्छा किया कि यह फर्जी वीडियो है। इसी दौरान कुछ लोगों ने फर्जी वीडियो बनाने वाले पर एफआईआर दर्ज करने की बात कही थी। अब पुलिस ने ऐसा कर लिया है।

सचिन से पहले उनकी बेटी सारा तेंदुलकर समेत कई दिग्गज अभिनेत्रियां भी इसका शिकार हो चुकी हैं। कटरीना कैफ, आलिया भट्ट, रश्मिका मंदाना और प्रियंका चोपड़ा जैसी हस्तियां भी इसका शिकार हो चुकी हैं।

सचिन की वन वर्ल्ड ने युवराज की वन फैमिली को 4 विकेट से हराया

एजेंसी। बेंगलुरू

सचिन तेंदुलकर की अगुवाई में वन वर्ल्ड ने 'वन वर्ल्ड वन फैमिली कप' में युवराज सिंह की वन फैमिली को चार विकेट से हरा दिया। जहां सात देशों के 24 दिग्गज खिलाड़ियों ने साई कृष्णन में खेले गए एकमात्र मैच में भाग लिया।

181 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वन वर्ल्ड ने दक्षिण अफ्रीका के अल्विरो पीटरसन की 50 गेंदों में 74 रनों की शानदार पारी की मदद से जीत हासिल की। सचिन और नमन ओझा ने वन वर्ल्ड को शानदार शुरूआत दी। श्रीलंका के अनुभवी चामिंडा वास की गेंद पर आउट होने से पहले ओझा ने 18 गेंदों में 25 रन में चार चौके लगाये हालांकि, यह सचिन की पारी थी जिसने ध्यान खींचा क्योंकि उन्होंने फाइन लेग पर चौका लगाकर अपना खाता खोला। सचिन ने अल्विरो के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। अपने ट्रेडमार्क कवर ड्राइव और पैड से फ्लिक के साथ, सचिन ने अपनी 27 रन की पारी में तीन चौके जमाये।

फिर 12 गेंदों में 17 रन चाहिए थे। इरफान पठान ने अपनी टीम को जीत के करीब ले जाने के लिए धैर्य बनाये रखा। अंतिम छह गेंदों पर केवल सात रनों की आवश्यकता होने पर उन्होंने आत्मविश्वास से छक्के के लिए एक शक्तिशाली स्ट्रेट ड्राइव जड़ा। जिससे उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाई। पूर्व क्रिकेटर और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इस भावना को दोहराया कि खेल में मानवता की भावना को ऊपर उठाने की शक्ति है।

जर्मनी ने पेनाल्टी शूटआउट में भारत को हराकर फाइनल में प्रवेश किया

जापान को परास्त कर अमेरिका फाइनल में पहुंचा, फाइनल मुकाबला आज

एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मरांग गोमके एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी की टीम ने पेनल्टी शूटआउट में भारत को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में 19 जनवरी को अमेरिका और जर्मनी के बीच भिड़ंत होगी। इसके साथ ही दोनों टीमों ने पेरिस ओलंपिक का टिकट कटा लिया है। भारत और जर्मनी के बीच गुरुवार को रोमांचक मुकाबला खेला गया। जिसमें निर्धारित 60 मिनट में खेल एक-एक की बराबरी पर खत्म हुआ, उसके बाद अतिरिक्त समय में भी स्कोर दो-दो से ड्रॉ रहा। उसके बाद पेनल्टी शूटआउट कराया गया, जिसमें भी दोनों टीमों ने 3-3 गोल दागे। उसके बाद एक और शूटआउट कराया गया, जिसमें जर्मनी की टीम ने 1-0 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। वहीं पहला सेमीफाइनल

मैच जापान और अमेरिका के बीच हुआ। इसमें अमेरिका ने 2-1 से जीत हासिल की। इसके साथ वह ओलंपिक क्वालिफायर मुकाबले के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी। मुकाबले के पहले और दूसरे क्वार्टर तक दोनों में से किसी भी टीम को एक भी गोल करने में कामयाबी नहीं मिली। हाफ टाइम के बाद तीसरे क्वार्टर में जापान के लिए एमिरु सिमाडा ने एक गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया। हालांकि, इसके बाद अमेरिका की कप्तान एश्ले हॉफमैन ने आखिरी क्वार्टर में अपने खेल से टीम की जबरदस्त वापसी कराई और टीम को 2-1 से जीत दिलायी। उनके अलावा तमेर ने भी टीम के लिए एक गोल किया। आखिर में मुकाबला 2-1 पर खत्म हुआ और अमेरिका की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी। गुरुवार को सेमीफाइनल से पहले खेले गये दो मुकाबले में न्यूजीलैंड और इटली ने भी जीत दर्ज की।

जापान- अमेरिका के मैच से पहले दिन का दूसरा मुकाबला न्यूजीलैंड और चेक रिपब्लिक के बीच खेला गया। इस मैच में न्यूजीलैंड ने 2-0 से जीत हासिल की। इससे पहले खेले गए दिन के पहले मैच में इटली ने चिली को पराजित किया था।

ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हुए सुमित नागल

मेलबर्न। भारत के उभरते टेनिस स्टार सुमित नागल की ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार शुरूआत गुरुवार को समाप्त हो गई। दूसरे दौर में नागल को चीन के शांग जुनचेंग से हार का सामना करना पड़ा।

नागल ने प्रत्येक अंक के लिए कड़ा संघर्ष किया लेकिन 6-2, 3-6, 5-7, 4-6 से हार गए। नागल ने खेल की शानदार शुरूआत करते हुए पहला सेट 6-2 से जीत लिया। हालांकि बाकी तीन सेटों में शांग ने नागल को कोई मौका नहीं दिया और मैच अपने नाम किया। यह मुकाबला 2 घंटे और 50 मिनट तक चला।

दूसरे दौर में शांग जुनचेंग ने दी शिकस्त

बता दें कि नागल 1989 के बाद से 35 वर्षों में ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को हराने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बब्लिक को हराकर इतिहास रचा था। सुमित ने वह मैच 6-4, 6-2, 7-6 (5) से जीता था।

सूर्यकुमार की जर्मनी में हुई सफल ग्रोइन सर्जरी

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने स्पोर्ट्स हर्निया के लिए 17 जनवरी को म्यूनिख में अपनी कमर की सर्जरी सफल सर्जरी कराई। दिसंबर में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद हाल के महीनों में यह उनकी दूसरी सर्जरी है। सर्जरी के बाद एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा मैं अपने स्वास्थ्य के लिए उनकी चिंताओं और शुभकामनाओं के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं और मुझे आप सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैं बहुत जल्द वापस आऊंगा। सूर्यकुमार टखने की सर्जरी के लिए पुनर्वास के लिए एक सप्ताह पहले तक बेंगलुरु में थे। कमर की सर्जरी के बाद फरवरी के मध्य में उनके पुनर्वास शुरू करने की संभावना है।

हामिश रदरफोर्ड ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की

एजेंसी। ओटागो

न्यूजीलैंड और ओटागो के सलामी बल्लेबाज हामिश रदरफोर्ड अगले हफ्ते डुनेडिन में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ सुपर स्मैश मुकाबले में अपने पेशेवर करियर का आखिरी मैच खेलेंगे। रदरफोर्ड का करियर 2008 में शुरू हुआ था, जिसमें उन्होंने अब तक सभी प्रारूपों में 16,468 रन बनाए हैं। रदरफोर्ड ने अपने 130 प्रथम श्रेणी मैचों के हिस्से के रूप में 16 टेस्ट खेले और 2013 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण पर 171 रन बनाए। उन्होंने 35.26 की औसत से 17 शतकों के साथ 7863 टेस्ट रन बनाये हैं।

चीन में 14वें शीतकालीन खेलों का आयोजन होगा

बीजिंग। चीन में 14वें शीतकालीन खेल 17 से 27 फरवरी तक आयोजित होंगे। गुरुवार को इसकी उलटी गिनती का 30वां दिन रहा। वर्तमान शीतकालीन खेल इतिहास में सबसे बड़े पैमाने, सबसे अधिक इवेंटों और उच्चतम मानक वाले खेल हैं। प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता में स्केटिंग, स्कीइंग, कर्लिंग और आइस हॉकी सहित आठ प्रमुख इवेंटों के कुल 176 आइटम शामिल हैं।

मरांग गोमके एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर में भारत व जर्मनी के बीच खेले जा रहे सेमी फाइनल मैच देखने पहुंचे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, साथ हैं झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।

जेएससीए के लाइफ मेंबर रंजीत सिंह ने रागनी सिंह से की शिष्टाचार मुलाकात

धनबाद। जेएससीए लाइफ मेंबर्स रणजीत सिंह ने भाजपा नेत्री रागनी सिंह से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने फूलों का गुलदस्ता देकर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। दोनों में धनबाद जिला में क्रिकेट के विकास और क्रिकेटरों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने सहित कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। रागिनी सिंह ने क्रिकेट के विकास में अपना संपूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। रागनी सिंह से मिलने वालों में रमेंद्र कुमार, कमलेश कुमार, राजू शर्मा, पीएन सिंह और राजीव रंजन सिंह शामिल है।

ध्रुव जुरेल ने पहले टेस्ट कॉल-अप पर कहा

मेरे पिता इस पर विश्वास नहीं कर सके, मैं भी इस पर विश्वास नहीं कर सका

एजेंसी। नई दिल्ली

12 जनवरी को अहमदाबाद की एक शांत रात में, इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के दो दिवसीय टूर मैच के बीच में, ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो आगामी सीरीज के लिए टेस्ट टीम में शामिल किया गया।

पहले तो उसे और उसके पिता को भी इस पर विश्वास नहीं हुआ। मैं हैरान था! मैं भारत ए टीम के साथ था, हम दो दिवसीय मैच में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेल रहे थे। यह खबर देर रात को आई और जब मुझे पता चला, तो मैंने तुरंत अपने पिता को फोन करके बताया और उनका पहला सवाल था, कौन सी भारतीय टीम? क्या आप पहले से ही उनमें से किसी एक के लिए नहीं खेल रहे हैं? मैंने कहा वही जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा खेलते हैं। उन्हें इस पर विश्वास नहीं हो रहा था। मुझे भी इस पर विश्वास नहीं हो रहा था।

राजस्थान रॉयल्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जुरेल को वापस बुलाया गया। उन्हें अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल्स से भी संदेश मिले। हां मैंने जुबिन भरूचा (उच्च प्रदर्शन निदेशक) सर से बात की, कुमार संगकारा (क्रिकेट निदेशक) सर, सिद्धार्थ लाहिड़ी (सहायक कोच और कोचिंग प्रमुख, आरआर अकादमी) सर, जाइल्स लिंडसे (एनालिटिक्स निदेशक और निदेशक टेक्नोलॉजी), दिशांत याग्निक (फील्डिंग कोच) सर से संदेश मिला। वे सभी मेरे लिए बहुत खुश थे। जुबिन सर ने हमेशा मेरा समर्थन किया है और

मुझे लाल गेंद वाले क्रिकेट की मांगों के अनुसार खुद को ढालने में थोड़ा समय लगा अभ्यास, प्रशिक्षण और शुरूआती अनुभव के साथ, मुझे विश्वास है कि मैं ऐसा कर सकता हूं कि तीनों प्रारूपों को समान रूप से अच्छा खेलूं।

मुझे याद है कि उन्होंने कुछ समय पहले मुझसे कहा था कि मेरा समय जल्द ही आने वाला है। मुझे जोस बटलर से भी एक संदेश मिला। उन्होंने कहा आपको देखकर अच्छा लगा भारतीय टीम को अभी लंबा सफर तय करना है।

उन्होंने मुझे एकदम से चुन लिया था, मैं सीनियर भारतीय टीम में शामिल होने के बिल्कुल भी करीब नहीं था। जिस तरह का समर्थन मुझे उनसे मिला है, उससे मुझे आवश्यक आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिली है। यहां तक कि जिस सीजन में मैं खेला था, संजू (सैमसन) भाई ने मुझसे कहा कि मैं किसी भी बात की चिंता किये बिना खुलकर अपनी बात रखूं। घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले जुरेल ने बेनोनी में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच में भारत ए के लिए अर्धशतक बनाया था और इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच में 50 रन बनाए थे। उन्होंने 15 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें 790 रन बनाए हैं और उनका औसत 46.37 है। सबसे महत्वपूर्ण सीख जो मैं इस श्रृंखला से लेना चाहता हूं वह यह है कि उच्चतम स्तर पर बने रहने के लिए आवश्यक मानसिक दृढ़ता कैसे विकसित की जाए। बहुत सारे खिलाड़ियों को कॉल-अप मिलता है, लेकिन केवल कुछ ही खुद को बनाए रखने में सक्षम होते हैं। एक बार जब आप किसी बड़े मंच पर लोगों की नजरों में आ जाते हैं, तो आपको लगातार आपके प्रदर्शन के आधार पर आंका जाता है इसलिए मैं वास्तव में जानना चाहता हूं कि ये खिलाड़ी बुरे दिनों से कैसे निपटते हैं, वे आलोचना और दबाव का सामना कैसे करते हैं। मैं कोशिश करने जा रहा हूं और यह सब आत्मसात करें। जुरेल 2020 में विश्व कप में भारत अंडर19 टीम के उप-कप्तान थे। भारत अंडर 19 के हिस्से के रूप में, मुझे विदेशी परिस्थितियों और विभिन्न प्रकार की पिचों पर खेलने का बड़ा अनुभव मिला।

खबरें व्यापार जगत की

2030 तक घरेलू हवाई यातायात 300 मिलियन तक पहुंच जायेगा : ज्योतिरादित्य सिंधिया

एजेंसी। हैदराबाद

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को बताया कि भारत का घरेलू हवाई यातायात 2030 तक बढ़कर 300 मिलियन हो जाएगा। हैदराबाद के बेगमपेट हवाईअड्डे पर विंग्स इंडिया 2024 को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा घरेलू यात्री यातायात जो 2014 में 60 मिलियन था, वह कोविड से पहले बढ़कर 145 मिलियन और 2023 में यह बढ़कर 153 मिलियन हो गया।

उन्होंने कहा कि साल 2030 तक 300 मिलियन की अनुमानित वृद्धि के बावजूद, भारत दुनिया के शीर्ष 20 बाजारों में एक होगा।

आज हमारी पहुंच लगभग 3-4 प्रतिशत है, जो बढ़कर 10-15 प्रतिशत हो जाएगी। हमें अभी भी 85 प्रतिशत तक पहुंच हासिल करनी है। हम क्षमताएं बनाकर, बाधाओं को दूर कर और प्रक्रियाओं को सरल बनाकर इस क्षमता की तैयारी कर रहे हैं ताकि 2047 तक विमानन क्षेत्र 20 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का समर्थन करने में सक्षम हो सके। भारत तीसरा सबसे बड़ा घरेलू नागरिक उड्डयन बाजार और सातवां सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन बाजार है। दोनों को मिला दिया जाए तो भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन बाजार है।

मंत्री ने कहा कि भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में विमान का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। उम्मीद है कि अगले दशक में भारत का बेड़ा 713 से बढ़कर 2,000 से अधिक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश, जिसके पास 2013-14 में 400 विमान थे, ने अपने बेड़े को 713 विमानों तक बढ़ा दिया है।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान, भारत ने 74 हवाईअड्डे, वॉटरड्रोम और हेलीपोर्ट जोड़े, जिससे संख्या 149 हो गई। साल 2030 तक यह संख्या 200 के पार हो जायेगी।

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट निवेशकों ने गंवाए 64 हजार करोड़ रुपये

बड़ी गिरावट के बाद सेंसेक्स और निफ्टी ने की निचले स्तर से रिकवरी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन दबाव में कारोबार करने के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत कमजोरी के साथ हुई थी। पहले घंटे के कारोबार में जोरदार बिकवाली की वजह से शेयर बाजार 1 प्रतिशत से भी अधिक टूट गया था लेकिन सुबह 10 बजे के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से शेयर बाजार ने निचले स्तर से काफी हद तक रिकवरी भी की। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.44 प्रतिशत और निफ्टी 0.51 प्रतिशत टूट कर बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, मेटल ओर आईटी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। एफएमसीजी और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, रियल्टी और फार्मास्यूटिकल्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस और हेल्थ केयर इंडेक्स में तेजी बनी रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

सर्राफा बाजार में गिरावट से सोना 800 रुपये तक फिसला, चांदी भी कमजोर

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में गुरुवार को एक बार फिर गिरावट नजर आ रही है। देश के ज्यादातर शहरों में सोना 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक कमजोर हो गया है। आज की गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के अधिकांश सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे गिर कर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 58 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे लुढ़क गया है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज गिरावट दर्ज की गई है।

दिल्ली में स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो में उपलब्धियों की प्रदर्शनी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में 17 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाला 9वां स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो स्मार्ट सिटीज मिशन की उपलब्धियों को प्रदर्शित कर रहा है। नेशनल पेवेलियन में इंदौर स्मार्ट सिटी की छप्पन दुकान, सूरत स्मार्ट सिटी के अतीत को भविष्य से जोड़ना, उदयपुर स्मार्ट सिटी का क्षेत्र-आधारित विकास और प्रयागराज स्मार्ट सिटी की पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण सहित कुछ सबसे प्रभावशाली परियोजनाओं के मॉडल दिखाये गये हैं। इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) और एक्जीबिशन इंडिया ग्रुप द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एक्सपो में स्मार्ट आईसीटी, स्मार्ट एनर्जी, भवन, परिवहन, जल और स्वच्छ भारत आदि सहित स्मार्ट सिटी ढांचे के प्रमुख वर्टिकल शामिल हैं। स्मार्ट शहरों को वास्तविकता बनाने की दिशा में गहन संचार और व्यावहारिक दृष्टिकोण को सक्षम करने के लिए यह एक मंच प्रदान करता है। 19 जनवरी को सिटी लीडर्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है, जो शहर के नेताओं के साथ-साथ निजी उद्यमियों को भी एक मंच पर लाएगा, ताकि रहने योग्य और टिकाऊ शहरों के निर्माण के लिए उपयुक्त समाधानों की पहचान करने वाली शहर की पहल पर चर्चा की जा सके। मिशन के हिस्से के रूप में, सभी 100 स्मार्ट शहरों ने स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) की स्थापना की है। ये 100 एसपीवी 1.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की लगभग आठ हजार बहु-क्षेत्रीय परियोजनाएं विकसित कर रहे हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, 15 जनवरी 2024 तक 100 एसपीवी ने 1.32 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 6,650 से ज्यादा परियोजनाएं पूरी की हैं।



चीन में करोड़ टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाला एक और तेल उत्पादन क्षेत्र तैयार

बीजिंग। चीन के पोहाई तेल क्षेत्र स्थित पोनान तेल क्षेत्र समूह का तेल और गैस उत्पादन वर्ष 2023 में पहली बार एक करोड़ घन मीटर से अधिक रहा। चीन में करोड़ टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाला एक और आधार तेल उत्पादन क्षेत्र का निर्माण पूरा हुआ। बताया जाता है कि पोनान तेल क्षेत्र समूह स्थित समुद्र क्षेत्र की औसत जल गहराई करीब 20 मीटर है। वर्ष 1989 में पहले तेल क्षेत्र का उत्पादन शुरू होने के बाद अब तक यहां पर 14 तेल क्षेत्रों का निर्माण किया गया। पोनान तेल क्षेत्र समूह में कुल मिलाकर 10 करोड़ घन मीटर से अधिक तेल और गैस का उत्पादन किया गया। वर्ष 2023 में पोनान तेल क्षेत्र समूह में कच्चे तेल के उत्पादन में 20 लाख टन की बढ़ोतरी हुई, जो पोहाई तेल क्षेत्र में कच्चे तेल की कुल वृद्धि का करीब 90 प्रतिशत और पूरे देश के कच्चे तेल की कुल वृद्धि का लगभग 45 फीसदी है।